www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, बुधवार, 4 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -179 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

केसीआर ने नई वेतन संशोधन समिति के गठन को दी मंजूरी 02
■ महात्मा गांधी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लें आज के... ■ संरक्षा उत्तर रेलवे की प्राथमिकता : शोभन 03
■ राष्ट्रपति पद की अगली बहस के लिए केवल चार... ■ पाकिस्तान में लगातार टीकाकरण से पोलियो के... 07
ब्रॉडवे के ओपेरा संगीत की प्रेमी हैं वाणी कपूर 10


## सार संक्षेप

### एनडीए में शामिल होना चाहते थे केसीआर : मोदी



**निजामाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दावा किया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने उनसे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरएस प्रमुख ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव के बाद उनसे मुलाकात की थी।

### राहुल ने स्वर्ण मंदिर में दूसरे दिन भी की सेवा



**अमृतसर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार एक बार फिर स्वर्ण मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले लंगर घर में महिलाओं के साथ सब्जी व लहसुन काटा और जूठे बर्तन धोए। अब वह हॉल में लंगर बांट रहे हैं। इससे पहले उन्होंने देर रात 12 बजे तक सेवा की थी। 24 घंटों में वह तीसरी बार सेवा करने के लिए पहुंचे है।

### नायडू को राहत नहीं, नौ अक्टूबर को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में कथित घोटाले से संबंधित एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को तत्काल राहत देने की उनकी गुहार ठुकराते हुए मंगलवार को कहा वह इस मामले से उच्च न्यायालय में पेश दस्तावेज प्राप्त राज्य सरकार से होने के बाद नौ अक्टूबर को इस पर विचार करेगा।

### एलएसी पर निगरानी रख रही वायुसेना : वीआर चौधरी



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना चीन से लगी सीमा पर विशेष चौकसी बरतते हुए लगातार निगरानी कर रही है। खासकर पूर्वी लद्दाख में वायुसेना द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर निगरानी की जा रही है। वायु सेना अध्यक्ष, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि वायुसेना एलएसी पर स्थिति की लगातार निगरानी कर रही है।

### उप्र सरकार जल्द कराए जातीय जनगणना : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातीय जनगणना के मामले में अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार को अब अपनी नीयत व नीति में जन भावना व जन अपेक्षा के अनुसार सुधार कर जातीय जनगणना अविलम्ब शुरू करा देना चाहिए।

## एशियाई खेल









### पारुल 5000 मीटर दौड़ में रही अव्वल

**हांगझोउ।** भारत की पारुल चौधरी ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीता है। यह एशियाई खेलों में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भारत का पहला स्वर्ण है। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है।

### अन्नू रानी ने भाला फेंक में जीता सोना

**हांगझोउ।** पारुल चौधरी के बाद अन्नू रानी ने भी इतिहास रच दिया है। एशियाड की महिलाओं की भाला-फेंक स्पर्धा में अन्नू ने स्वर्ण जीता है। अपने चौथे प्रयास में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 62.92 मीटर भाला फेंका।

# दिल्ली में न्यूजक्लिक का दफ्तर सील

## पत्रकारों से घंटों की गई पूछताछ, 30 से ज्यादा स्थानों पर रेड की गई



'जाति जनगणना की मांग अब देश में जोर पकड़ने लगी है। यह मुद्दे से लोगों का ध्यान बंटाने का अस्त्र है।' न्यूजक्लिक के योगदानकर्ता पत्रकारों के खिलाफ हो रही कार्रवाई इसी पाठ्यक्रम का हिस्सा है : **पवन खेड़ा**



■ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने की पूछताछ
■ न्यूजक्लिक के संस्थापक पुरकायस्थ गिरफ्तार



कांग्रेस, चीन और न्यूजक्लिक के बीच 'भारत विरोधी गइजोड़' है और वे वेबसाइट के माध्यम से चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं : **अनुराग सिंह ठाकुर, सूचना व प्रसारण मंत्री**

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के अधिकारियों ने यहां के 'न्यूजक्लिक' कार्यालय को सील कर दिया और पत्रकार उर्मिलेश, औनिंद्यो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजय गुहा ठाकुरता समेत इतिहासकार सोहेल हाशमी से घंटों तक पूछताछ की, लेकिन शाम को उन्हें रिहा कर दिया। न्यूजक्लिक के संस्थापक (फाउंडर) प्रबीर पुरकायस्थ और एक अन्य व्यक्ति अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, लोधी कॉलोनी में स्पेशल सेल पुलिस स्टेशन में पूछताछ के दौरान पुलिस ने उन्हें 25 सवालों की सूची सौंपी, जिसमें विभिन्न विषय, जैसे उनकी अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं, दिल्ली के शाहीनबाग में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन व किसान आंदोलन में भागीदारी वगैरह शामिल थे। मुख्य रूप से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र पर केंद्रित तलाशी के दौरान फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक अन्य घटनाक्रम में, संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में पोर्टल के दक्षिणी दिल्ली कार्यालय में लाया गया। सूत्र बताते हैं कि न्यूजक्लिक से जुड़े विभिन्न स्थानों पर तलाशी 17 अगस्त को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए (शत्रुता को बढ़ावा देना) और धारा 120बी (आपराधिक साजिश) सहित अन्य धाराओं के तहत दर्ज एक मामले के आधार पर की गई। एक सूत्र ने बताया कि एफआईआर में यूएपीए की धारा 16 (आतंकवादी अधिनियम), धारा 17 (आतंकवादी कृत्यों के लिए धन जुटाना), धारा 18 (साजिश) और धारा 22 सी (कंपनियों द्वारा अपराध) लागू की गई है।

**क्या है आरोप**

न्यूजक्लिक पर चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए धन लेने का आरोप लगाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। यह वेबसाइट भारत में चीन समर्थक प्रचार के लिए अमेरिकी करोड़पति नेविले रॉय सिंघम से कथित तौर पर धन प्राप्त करने को लेकर हाल में सुर्खियों में आई थी।

### लैपटॉप, मोबाइल फोन जब्त किए

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को 30 से अधिक स्थानों पर छापे मारे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, पेन ड्राइव भी जब्त किए। न्यूज़क्लिक कार्यालय और भाषा सिंह, अभिसार शर्मा, संजय राजौरा सहित संगठन से जुड़े अन्य पत्रकारों से हार्ड डिस्क के डेटा डंप भी लिए गए। न्यूजक्लिक के लेखक परंजॉय गुहा ठाकुरता और उर्मिलेश के घर की भी तलाशी ली गई। अभिसार शर्मा ने मंगलवार को एक्स पर लिखा, 'दिल्ली पुलिस मेरे घर पहुंची।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा बिहार जाति जनगणना मामला

■ 6 अक्टूबर को होगी सर्वोच्च अदालत में सुनवाई ■ रिपोर्ट को सार्वजनिक करने पर जताई गई आपत्ति

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पहले गांधी जयंती के दिन बिहार सरकार ने जाति जनगणना के आंकड़े जारी कर दिए। इसके बाद राजनीति भी तेज हो गई है। राजद-जदयू की सरकार इसे मास्टरस्ट्रोक बता रही है वहीं भाजपा का कहना है कि यह आधी-अधूरी रिपोर्ट है। राजनीतिक सरगर्मी के बीच जाति जनगणना वाला मामला अब सप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दो गैर-सरकारी संगठन यूथ फॉर इक्वैलिटी और सोच एक प्रयास ने इस बाबत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। देश की सर्वोच्च अदालत इसपर 6 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। उससे पहले अदालत ने कोई बयान नहीं दिया है। असल में बिहार सरकार ने जाति जनगणना की रिपोर्ट न जारी करने का आश्वासन दिया था। दोनों एनजीओ यूथ फॉर इक्वैलिटी और सोच एक प्रयास ने इन आंकड़ों को जारी न करने के लिए कोर्ट से गुहार लगाई थी। तब हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इसपर कोई भी आदेश नहीं दिया था। अब चूंकि रिपोर्ट पब्लिक कर दी गई है ऐसे में एक बार फिर यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।



### पटना हाईकोर्ट में भी उठा था मामला

पटना हाईकोर्ट ने बिहार में जाति आधारित जनगणना की इजाजत दे दी थी। इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट में अब इस मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच करेगी। दायर याचिका में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में इस बाबत मामला लंबित होने के बावजूद रिपोर्ट पब्लिक क्यों की गई? अब इसपर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी लेकिन उससे पहले कोर्ट ने कोई बयान नहीं दिया है।

### नीतीश की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक

जातीय गणना के आंकड़े जारी होने के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में नौ दलों को बुलाया गया था। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सीएम सचिवालय में बैठक हुई। बैठक में जाति आधारित गणना के आंकड़ों पर चर्चा हुई है, वहीं, बीजेपी के नेता और 'हम' संयोजक जीतन राम मांझी ने मौजूदा जाति आधारित गणना में कई खामियों को सरकार के सामने रखा, जिस पर मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित अधिकारी को उसे दूर करने की बात कही। बैठक में सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े नहीं रखे गए, जिसका भाजपा ने विरोध किया है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों को विधानसभा में सत्र के दौरान रखा जाएगा। भाजपा की तरफ से नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा और हरि सहनी शामिल हुए।

# महाराष्ट्र के अस्पताल में अब तक 31 मरीजों की मौत

■ 24 घंटे में 24 की जान गई थी
■ सात और मरीजों ने दम तोड़ा

**नांदेड़,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में 24 मौतों के बाद 1 और 2 अक्टूबर को और 7 लोगों की जान चली गई। इसी के साथ 36 घंटे के दौरान मरने वालों की संख्या 31 पहुंच गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने बताया कि मरने वाले 7 मरीजों में 4 बच्चे हैं। इससे पहले अस्पताल प्रशासन ने बताया था कि 30 सितंबर की रात 12 बजे से 1 अक्टूबर रात 12 बजे के बीच 24 लोगों की जान गई है। जान गंवाने वालों में 12 बच्चे, 7 महिलाएं और 5 पुरुष हैं। अस्पताल में 500 बेड की व्यवस्था है, लेकिन 1200 मरीज भर्ती हैं। इनमें 70 मरीजों की हालत अभी भी गंभीर है। अस्पताल में मरीजों के परिजन हंगामा कर रहे हैं। आरोप है कि दवा और स्टाफ की कमी से मरीजों की मौत हो रही है। 2 अक्टूबर को यह मामला मीडिया में आया।



**कंपनी ने दवाओं की आपूर्ति बंद की**

अस्पताल के अधीक्षक डॉ. श्याम राव वाकोड़े ने कहा कि अस्पताल में सांप के काटने और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों की कमी है। हाफकिन कंपनी ने दवाओं की आपूर्ति बंद कर दी है। अस्पताल से लगातार कर्मचारियों का तबादला किया जा रहा है, ऐसे में हमारे पास स्टाफ भी कम है।

एडीआर ने ताजा रिपार्ट में दी जानकारी

# 107 सांसदों, विधायकों के खिलाफ हेट स्पीच के मामले हैं दर्ज

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत में इस समय 107 मौजूदा सांसदों व विधायकों के खिलाफ हेट स्पीच के मामले दर्ज हैं। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ताजा रिपार्ट में दी गई है।





■ इसमें से 66 फीसदी 22 सांसद अकेले भाजपा के
■ विधायकों के मामले में भी भाजपा है सबसे आगे

सांसदों व विधायकों के चुनावी हलफनामे के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में कहा गया हैकि 33 मौजूदा सांसदों के खिलाफ इस तरह के मामले दर्ज हैं। इसमें से 66 फीसदी यानि 22 सांसद अकेले भाजपा के हैं। जबकि दो सांसद कांग्रेस पार्टी के, एक निर्दलीय व एक-एक सांसद आठ क्षेत्रीय पार्टियों के हैं। वहीं राज्यवार बात की जाए तो सात सांसद उत्तर प्रदेश, चार सांसद तमिलानाडु,तीन बिहार, तीन कर्नाटक व तीन तेलंगाना, दो असम, दो गुजरात, दो महाराष्ट्र, दो पश्चिम बंगाल, एक झारखंड, एक मध्यप्रदेश, एक केरल, एक पंजाब व एक ओडिशा से हैं। वहीं पूरे देश में 76 मौजूदा विधायकों के खिलाफ भी हेट स्पीच के मामले दर्ज हुए हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा बीस विधायक भाजपा से हैं। जबकि तेरह विधायक कांग्रेस, छह विधायक आम आदमी पार्टी, पांच समाजवादी पार्टी, पांच वाईएसआर कांग्रेस और शेष अन्य दलों के हैं। राज्यवार नौ विधायक बिहार,नौ उत्तरप्रदेश,छह आंध्र प्रदेश, छह तेलंगाना, पांच असम,पांच तमिलनाडु,चार दिल्ली, चार गुजरात, चार पश्चिम बंगाल और बाकी एक-एक अन्य राज्यों से हैं। रिपोर्ट में इस बात की भी जानकारी दी गई है कि बीते पांच सालों में इस तरह के हेट स्पीच देने वाले कम से कम 480 उम्मीदवारों ने संसद और विधानसभा चुनावों में हिस्सा लिया।

भारत ने कनाडा को दिया बड़ा झटका

# 40 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कनाडा और भारत के बीच खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कड़वाहट बढ़ती जा रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद से भारत भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में अब भारत ने कनाडा से कहा है कि वह अपने 40 राजनयिकों को 10 अक्टूबर तक भारत से वापस बुला ले। साथ ही चेतावनी दी कि अगर तय समय में उन्हें वापस नहीं बुलाया गया तो उनकी राजनयिक छूट खत्म कर दी जाएगी। बता दें कि प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा आतंकी निज्जर की हत्या में भारत का नाम लेने और एक भारतीय अधिकारी को वापस भेजे जाने के बाद अब भारत ने कनाडा के खिलाफ अपना रुख कड़ा कर लिया है। भारत ने साफ कर दिया हैकि कनाडा अपने 40 राजनयिकों को वापस बुलाए और उतने ही राजनयिक भारत में तैनात करें,जितने उसके यहां भारत के राजनयिक मौजूद है।



■ निज्जर के मामले में दोनों में कड़वाहट बढ़ी

# दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के झटके

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा है कि नेपाल में रिक्टर पैमाने पर 6.2 तीव्रता का भूकंप आने के बाद मंगलवार दोपहर 2:51 बजे दिल्ली-एनसीआर में तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र नेपाल में था और गहराई पांच किलोमीटर थी। एनसीएस ने एक पोस्ट में कहा, भूकंप की तीव्रता 6.2 थी। दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में कई सेकंड तक तेज झटके महसूस किए गए। सोशल मीडिया पर वीडियो में लोगों को अपने आवासीय परिसरों और कार्यालयों से बाहर भागते हुए देखा गया। लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद, में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

**नेपाल में था भूकंप का केंद्र**

पुरस्कार — *पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज व ऐनी एल हुइलियर को पुरस्कार के लिए चुना गया*

# तीन वैज्ञानिकों को मिला 2023 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज और ऐनी एल हुइलियर को प्रदान किया गया है। पदार्थ में इलेक्ट्रॉनों की गतिशीलता का अध्ययन करने के तरीके विकसित करने के लिए इन वैज्ञानिकों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। नोबेल समिति ने मंगलवार को यह जानकारी दी।**

नोबेल समिति ने एक्स पर कहा, रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करने वाले प्रयोगात्मक तरीकों के लिए पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रूज और ऐनी एल हुइलियर को भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया है।

'पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करने के प्रायोगिक तरीकों' के लिए यह पुरस्कार इन वैज्ञानिकों को दिया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत दी जाने वाली राशि इस साल बढ़ाकर 1.1 करोड़ स्वीडिश क्राउन (करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर) कर दी गई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की ओर से प्रदान किया जाता है। यह इस सप्ताह यह दूसरा नोबेल पुरस्कार घोषित किया गया है। चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार काटालिन कारिको और ड्रयू वीसमैन को एमआरएनए कोविड-19 टीकों के विकास में योगदान के लिए देने की घोषणा सोमवार को की गई थी। हंगरी के वैज्ञानिक कैटालिन कारिको और अमेरिकी सहयोगी ड्रयू वीसमैन को एमआरएनए मॉलीक्यूल की खोज के लिए पुरस्कार जीता है।



■ इलेक्ट्रॉनों की गतिशीलता का अध्ययन करने का तरीका किया विकसित

### अब तक भौतिकी में 116 नोबेल पुरस्कार दिए गए

वर्ष 1901 से अब तक भौतिकी में 116 नोबेल पुरस्कार दिए गए हैं।इनमें चार महिलाएं शामिल हैं। वर्ष 1903 में मैरी क्यूरी, 1963 में मारिया गोपेर्ट मेयर, 2018 में डोना स्ट्रिकलैंड और 2020 में आंद्रिया घेज को नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# देश

**उवाच**

"भाजपा ने बिहार में जाति जनगणना कराने में अड़चन डालने की पूरी कोशिश की थी, लेकिन महागठबंधन सरकार के दृढ़ निश्चय ने सभी बाधाओं को दूर कर जाति जनगणना का मार्ग प्रशस्त किया।

-तेजस्वी प्रसाद यादव,बिहार के उप मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 24.0 |
| मुंबई | 29.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 27.0 |

# भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का प्रतीक नवनिर्मित संसद भवन : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोमिनिकन गणराज्य की उप राष्ट्रपति, महामहिम रकेल पेना रोड्रिग्ज के नेतृत्व में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए

- **डोमिनिकन गणराज्य की उप राष्ट्रपति ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की**
- **दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 25 साल पूरे होने पर पेना रोड्रिग्ज को दी बधाई**



प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। प्रारंभ में बिरला ने रकेल पेना रोड्रिग्ज और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। नवनिर्मित संसद भवन के बारे में बताते हुए बिरला ने कहा कि यह भवन भारत की विविधता और लोकतांत्रिक यात्रा का प्रतीक है। बिरला ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया कि नवनिर्मित संसद भवन में देश के सभी भागों की संस्कृति, डिजाइन और सामग्री का समावेश किया गया है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 25 वर्ष पूरे होने पर पेना रोड्रिग्ज को बधाई देते हुए बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि दोनों देश के घनिष्ठ संबंध परस्पर मैत्री,

**भारत व डोमिनिकन गणराज्य में सशक्त संसदीय प्रणालियां व साझा लोकतांत्रिक मूल्य : ओम बिरला**

लोकतंत्र के साझा मूल्यों और वैश्विक मुद्दों पर समान विचारों की मजबूत नींव पर आधारित हैं। यह टिप्पणी करते हुए कि भारत और डोमिनिकन गणराज्य दोनों में सशक्त संसदीय प्रणालियां हैं और साझा लोकतांत्रिक मूल्य हैं।

बिरला ने कहा कि दोनों देशों को लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए संसदीय आदान-प्रदान को और अधिक बढ़ाया जाना चाहिए। इस बात पर जोर देते हुए कि भारत में कई संसद सदस्य विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटलीकरण, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर उत्साहित हैं।

**कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए सहयोग का किया आग्रह**

ओम बिरला ने कहा कि दोनों संसदें आपसी सहयोग के माध्यम से इन क्षेत्रों में आगे प्रगति कर सकती हैं। उन्होंने कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और आपदा प्रबंधन आदि जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की सरकारों और संसदों के बीच व्यापक सहयोग का आग्रह भी किया। भारत और डोमिनिकन गणराज्य के बीच पर्यटन क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाओं का उल्लख करते हुए, बिरला ने कहा कि दोनों देशों में ऐतिहासिक और सुरम्य पर्यटन स्थल हैं और इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक साझा दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह उम्मीद भी जताई कि आने वाले समय में भारत और डोमिनिकन गणराज्य के आर्थिक और व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे।

## नारी शक्ति वंदन कानून से महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा

हाल ही में पारित ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन विधेयक के बारे में प्रतिनिधिमंडल को जानकारी देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इस कानून से भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सुनिश्चित किया कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के अनुरूप जी-20 में अफ्रीकी संघ को शामिल किया जाए और इसके साथ ही वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को मुखरित भी किया गया।

# बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा स्थगित

**पटना,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को लेकर केंद्रीय चयन पर्षद ने सिपाही भर्ती के लिए आयोजित एक अक्टूबर की परीक्षा को रद्द कर दिया है। एक अक्टूबर की दोनों पालियों की परीक्षा रद्द की गई है। इसके अलावा आगामी पांच अक्टूबर और 15 अक्टूबर को प्रस्तावित परीक्षा को भी स्थगित कर दिया है। गौरतलब है कि बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा के पेपर लीक होने की जानकारी सामने आई थी। जिसके बाद कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। इसके अलावा पेपर लीक मामले की जांच भी कराई जा रही है। पेपर स्थगित को लेकर जारी नोटिस में कहा गया है कि आगामी सूचना तक आगे की डेट की परीक्षाएं स्थगित की जाती हैं। इन तिथियों की परीक्षा अब किस दिन आयोजित की जाएगी, इसे लेकर तय समय पर उम्मीदवारों को सूचित कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आगे की जानकारी के लिए वह ऑफिशियल वेबसाइट पर नजर बनाए रखें।

- **पेपर लीक के बाद लिया फैसला**

# नारी शक्ति का सशक्तीकरण सर्वोच्च प्राथमिकता : सिन्हा



**श्रीनगर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को श्रीनगर लाल चौक से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल महिला बाइक अभियान यशस्विनी को हरी झंडी दिखाई। उपराज्यपाल ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने और जम्मू-कश्मीर की विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने के सरकार के प्रयासों को साझा किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का सशक्तिकरण और पूर्ण अधिकार जम्मू-कश्मीर प्रशासन की प्रतिबद्धता और सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह अभियान 40 जिलों को पार करते हुए, 2,134 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करके 31 अक्टूबर को भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुजरात के एकता नगर पहुंचेगा। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करते हुए, कई कठिन परिस्थितियों में सीआरपीएफ की 'वीरांगनाओं' द्वारा दिखाई गई अद्वितीय बहादुरी, दृढ़ संकल्प और साहस को सलाम किया। यशस्विनी, सीआरपीएफ की वीरांगनाओं द्वारा महिला बाइक अभियान नारी शक्ति के लचीलेपन और ताकत का प्रतीक है। यह नारी शक्ति के बलिदान, उनके आत्मविश्वास का भी प्रतिनिधित्व करता है और आज वे धैर्य, दृढ़ संकल्प तथा समर्पण के साथ विभिन्न क्षेत्रों में कई मील के पत्थर हासिल कर रही हैं।

**उपराज्यपाल ने सीआरपीएफ महिला बाइक अभियान को दिखाई हरी झंडी**

## कश्मीर में स्थिति शांतिपूर्ण : अजय यादव

**श्रीनगर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक अजय कुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि श्रीनगर में स्थिति शांतिपूर्ण है। आईजी ने सीआरपीएफ ऑल वुमेन मोटरसाइकिल एक्सपेडिशन 2023 के मौके पर कहा कि लाल चौक पर मंगलवार की भीड़ शांतिपूर्ण माहौल को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आप आज लाल चौक पर हैं और आसपास लोगों का बड़ा जमावड़ा है..आतंकवाद कहां है इससे बेहतर शांतिपूर्ण माहौल कहीं और नहीं हो सकता। इससे पहले, लाल चौक से एक महिला बाइक अभियान को हरी झंडी दिखाई गई थी, जो 40 जिलों को पार करते हुए 2134 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेगा।

## सार संक्षेप

### श्रीनगर को स्वच्छता के लिए मिला उपलब्धि प्रमाण पत्र

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने सोमवार को श्रीनगर के उपायुक्त (डीसी) मोहम्मद ऐजाज असद को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-2.0) की एक पहल के तहत स्वच्छता के प्रति उनके अनुकरणीय समर्पण, अटूट प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट नेतृत्व तथा ओडीएफ हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उपलब्धि प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। अधिकारियों के योगदान का सम्मान करने और स्वच्छता के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट क्षमताओं को पहचानने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा उपायुक्त श्रीनगर को उपलब्धि का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-2.0) की एक पहल के तहत, उपायुक्त श्रीनगर को उनकी आधिकारिक क्षमता के तहत विभिन्न मंचों पर स्वच्छता के माहौल को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा सम्मानित और मान्यता दी गई थी।

### ओडिशा लोक सेवा भवन में लगी आग

**भुवनेश्वर।** ओडिशा लोक सेवा भवन, राज्य सचिवालय में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में मंगलवार को आग लग गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आग से लोक सेवा भवन में घना धुआं फैल गया और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को अन्य विभागों में फैलने से पहले ही उस पर काबू पा लिया। आग लगने के कारण का तुरंत पता नहीं चल पाया है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

### तेलंगाना में तहसीलदार से 4.56 करोड़ की संपत्ति जब्त

**हैदराबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने तेलंगाना में एक तहसीलदार से 2.07 करोड़ रुपए की नकद राशि सहित 4,56,66,660 रुपए की संपत्ति बरामद की है। एसीबी की मंगलवार को बताया कि प्लॉट नंबर 16, मकान नंबर 8-7-55/ए/16 में रहने वाले नलगोंडा जिले के मैरीगुडेम मंडल के तहसीलदार मंचिरेड्डी महेंद्र रेड्डी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है।

### लीना शुक्ला शिवसेना में हुई शामिल

**मुंबई।** मुंबई नगर निगम की पूर्व नगरसेवक लीना हरीश शुक्ला मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना (शिंदे) में शामिल हुई, जिससे मुंबई में पार्टी के साथ ताल ठोकने वाले नगरसेवकों की कुल संख्या अब 35 हो गई है। शुक्ला शहर के उपनगर चांदीवली क्षेत्र से निर्दलीय पार्षद थीं।

# कोविड के बाद युवाओं में हार्ट अटैक के मामलों में बढ़ोतरी

**राजकोट,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजकोट में युवाओं में दिल का दौरा पड़ने के मामलों में वृद्धि होने से चिंता अधिक बढ़ गई है। यहां पर बीते 24 घंटों में 5 और लोगों की दुखद मौतें हुई हैं। बढ़ती संख्या स्वास्थ्य पेशेवरों और समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राजकोट के पास खोखड्दल कस्बे के निवासी 34 वर्षीय राशिद खान को सोमवार सुबह बेहोश पाया गया। खान को तत्काल राजकोट सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हुई है। राशिद खान, मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह एक मजदूर के रूप में काम करता था और 8 भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश राज ने युवा व्यक्तियों में, विशेष रूप से कोविड के बाद, दिल के दौरे के बढ़ते मामलों के बारे में चिंता जताई। उन्होंने महामारी और इस खतरनाक प्रवृत्ति के बीच एक संभावित संबंध का सुझाव दिया। डॉक्टर ने कहा कि तनावपूर्ण लाइफस्टाइल के कारण हाई ब्लड प्रेशर युवाओं में बढ़ रहा है। इसी तरह, 21 वर्षीय धारा परमार बेहोश हो गईं और उनके आवास पर संदिग्ध हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। वहीं, जीआईडीसी मेटोडा में एक फैक्ट्री में रसोइया के रूप में कार्यरत 30 वर्षीय विजय संकेत भी बेहोश हो गए और उनकी मौत हो गई। मौत का कारण दिल का दौरा माना जा रहा है। एक अन्य घटना में, राजकोट के बाहरी इलाके कोठारिया शहर के निवासी 45 वर्षीय राजेश को 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे के आसपास अपने खेत में अचानक दिल का दौरा पड़ा।



- **राजकोट में 24 घंटों में पांच और लोगों की मौत**

## मध्य प्रेदश में जातिगत जनगणना पर बाले कमलनाथ

# सरकार बनने पर कराएंगे जातिगत जनगणना

**भोपाल,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पीसीसी प्रमुख कमलनाथ ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि राहुल गांधी ने समाज के वंचित तबके का जो मुद्दा उठाया है, वह सामाजिक न्याय की कसौटी है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही जातिगत जनगणना कराई जाएगी और समाज के हर वर्ग को शासन और प्रशासन दोनों में न्यायोचित हिस्सेदारी दी जाएगी। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव से सामाजिक न्याय के साथ खड़ी रही है।

मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला भी कांग्रेस की सरकार ने किया था, जिसे भाजपा ने षड्यंत्रपूर्वक खत्म कर दिया। उन्होंने आगे लिखा कांग्रेस आएगी। सामाजिक न्याय लाएगी। बता दें कमलनाथ ने राहुल गांधी की सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को टैग कर अपनी बात कही। जिसमें राहुल गांधी ने लिखा कि बिहार की जातिगत



**समाज के हर वर्ग को शासन व प्रशासन में न्यायोचित हिस्सेदारी दी जाएगी : कमलनाथ**

जनगणना से पहला चला है कि वहां ओबीसी, एससी और एसटी 84 प्रतिशत है। केंद्र सरकार के 90 सचिवों में सिर्फ तीन ओबीसी हैं, जो भारत का मात्र पांच प्रतिशत बजट संभालते हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने अपने मध्य प्रदेश दौरे पर केंद्री की मोदी सरकार को ओबीसी विरोधी बताया था।

**प्रदेश में ओबीसी का 80 सीटों पर प्रभाव**

प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने आप को ओबीसी का हितैषी बता रही है। इसका कारण प्रदेश की 80 से अधिक सीटों पर ओबीसी वर्ग का प्रभाव होना है। भाजपा दावा करती है कि उसने प्रदेश को तीन-तीन ओबीसी मुख्यमंत्री उमा, बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान दिए। कांग्रेस सिर्फ उलझाने का काम करती है। वहीं, कांग्रेस दावा कर रही है कि उसने ओबीसी को 14 से 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। हालांकि अभी यह कोर्ट में लंबित है।

## विंध्य को साधने की तैयारी में जुटी कांग्रेस

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी अब शहडोल जिले के दौरे पर आने जा रहे हैं। यहां वो एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे और राहुल गांधी के इसी कार्ड से कांग्रेस पूरे विंध्य को साधने की तैयारी में भी जुट चुकी है। जिला कांग्रेस शहडोल के अध्यक्ष ने बताया, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 10 अक्टूबर को शहड़ोल के ब्यौहारी आने वाले हैं। जहां वह एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही बताया जा रहा है कि जन आक्रोश रैली के समापन समारोह में भी शामिल होंगे। कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी की आगामी दौरे को लेकर अपनी तैयारी में जुट चुकी है और उनके दौरे से पहले तैयारी को पुख्ता कर लेना चाह रही है। क्योंकि राहुल गांधी के इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। बता दें कि राहुल गांधी इससे पहले आठ अगस्त को ही शहडोल के ब्यौहारी में दौरा करने वाले थे। लेकिन फिर कुछ कारण बस उनके इस दौरे को स्थगित कर दिया गया था और अब एक बार फिर से शहडोल जिले के ब्यौहारी में ही राहुल गांधी का आगमन होने जा रहा है, जिसे लेकर कांग्रेस भी जोर-शोर से तैयारी में जुटी हुई है।

# केसीआर ने नई वेतन संशोधन समिति के गठन को दी मंजूरी



**हैदराबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने नई वेतन संशोधन समिति (पीआरसी) के गठन को मंजूरी दे दी है। मुख्य सचिव ए शांति कुमारी ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। समिति की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एन शिवशंकर करेंगे, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बी.रमैया इस समिति के सदस्य होंगे। बीआरएस सरकार ने पिछले नौ वर्षों में कर्मचारियों के वेतन में 70 प्रतिशत की वृद्धि की है। राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को पांच प्रतिशत अंतरिम राहत (आईआर) की भी घोषणा की है। नई वेतन संशोधन समिति का प्राथमिक उद्देश्य राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए संशोधित वेतनमान की सिफारिश करना है। इस समिति को छह महीने के भीतर अपनी सिफारिशें सरकार को सौंपने का निर्देश दिया गया है। वित्त विभाग को पीआरसी के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक धन और कर्मचारी आवंटित करने का निर्देश दिया गया है। पीआरसी अन्य राज्य सरकार के कर्मचारियों और भारत सरकार के वेतनमानों की तुलना में तेलंगाना के कर्मचारियों के वर्तमान वेतनमान पर विचार करने के बाद सिफारिशें तैयार करेगा।

आयोग राज्य राजस्व वृद्धि, चालू और भविष्य के निवेश के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धताओं, विकास कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं आदि पर भी विचार करेगा। इस साल अगस्त में विधानसभा में एक संक्षिप्त चर्चा के दौरान सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के आश्वासन के अनुरूप आदेश जारी किए गए थे।

- **सरकार ने पिछले नौ वर्षों में कर्मचारियों के वेतन में की 70 प्रतिशत की वृद्धि**

# बिहार में न्यायिक सेवा में ईडब्ल्यूएस को आरक्षण

**पटना,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने न्यायिक सेवा में आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण देने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने मंगलवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

डॉ.सिद्धार्थ ने बताया कि बिहार में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए राज्य न्यायिक सेवा में आरक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार उच्च न्याय सेवा नियमावली, 1951 एवं बिहार असैनिक सेवा (न्याय शाखा) (भर्ती) नियमावली, 1955 में संशोधन अपेक्षित है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने इस संबंध में पटना उच्च न्यायालय के महानिबंधक की अनुशंसा के आलोक में बिहार उच्च न्याय सेवा नियमावली, 2023 एवं बिहार असैनिक सेवा (न्याय शाखा) (भर्ती) नियमावली, 2023 प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

# ईडी के पांचवें समन पर भी हेमंत सोरेन के उपस्थित होने की संभावना नहीं

**रांची,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईडी के पांचवें समन के बाद भी झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने की संभावना नहीं है। ईडी ने उन्हें 4 अक्टूबर को उपस्थित होने को कहा है, लेकिन इस दिन उन्हें पलामू में एक कार्यक्रम में शिरकत करना है।



एजेंसी सीएम से जमीन घोटाले और उनकी संपत्ति के बारे में पूछताछ करना चाहती है। इसके खिलाफ उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है, जिस पर अब तक सुनवाई नहीं हुई है। सोरेन ने ईडी के पिछले चार समन पर लिखित जवाब भेजा था। उन्होंने अदालत में उनकी याचिका पर सुनवाई होने तक ईडी से समन स्थगित रखने को कहा था। हाईकोर्ट में दायर याचिका में सोरेन ने ईडी की शक्तियों को चुनौती देते हुए उसकी ओर से की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाने का आग्रह किया है। इसके पहले उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी इस मामले को लेकर क्रिमिनल रिट पिटीशन दायर किया था, लेकिन उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली थी। 18 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की याचिका में उठाए गए बिंदुओं पर सुनवाई से इनकार करते हुए उन्हें पहले हाईकोर्ट जाने की सलाह दी थी। इसके बाद 23 सितम्बर को सोरेन की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। उन्होंने याचिका में पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता पर सवाल उठाया है। इसमें कहा गया है कि जांच एजेंसी को धारा 50 के अंतर्गत बयान दर्ज कराने या पूछताछ के दौरान ही किसी को गिरफ्तार कर लेने का अधिकार है। इसलिए समन जारी करने के बाद गिरफ्तारी का डर बना रहता है।

- **जमीन घोटाला व संपत्ति का मामला**

**चिंता** | *कश्मीर और लद्दाख में समय से पहले बर्फबारी ने दी दस्तक*

# सैनिकों को सर्दी से बचाने की खातिर तैयारियां भी अधूरी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। इस बार भी कश्मीर के साथ-साथ लद्दाख सेक्टर में बर्फ ने समय से बहुत पहले दस्तक क्या दी, करगिल और द्रास के नागरिकों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच आइं। ऐसा ही हाल उन हजारों सैनिकों का भी है जो चीन सीमा पर चीन की बढ़त व घुसपैठ को रोकने की खातिर तैनात किए गए हैं। चिंता का कारण स्पष्ट है।

न ही नागरिक व नागरिक प्रशासन कोई तैयारी कर पाया और न ही तैनात सैनिकों को सर्दी से बचाने की खातिर तैयारी पूरी की जा सकी है। अक्सर, नवम्बर 15 के बाद करगिल और द्रास समेत लद्दाख के पहाड़ों पर बर्फबारी आरंभ होती थी।

लेकिन इस बार भी पिछले हफ्ते ही इसकी दस्तक ने सभी को चौंकाया है। द्रास स्थित प्रशासनिक अधिकारी मानते हैं कि चीन सीमा पर सैनिकों की तैनाती की कवायद में ही जुटे रहने के कारण वे करगिल व द्रास के नागरिकों के लिए सर्दी में की जाने वाली तैयारियां ही आरंभ नहीं कर पाए। नतीजतन, राजमार्ग के बंद होने की चिंता के कारण अब सारा जोर वायुसेना पर आ पड़ेगा। यही दशा लद्दाख में चीन सीमा पर तैनात किए गए दो लाख के करीब भारतीय जवानों के प्रति भी है जिनके लिए सर्दियों के लिए आवश्यक सामान की आपूर्ति का काम दावों के बावजूद अभी भी अधूरा है। सप्लाई के साथ साथ भयानक सर्दी से बचाने की खातिर मुहैया करवाए जाने वाले कपड़े इत्यादि की अभी भी कमी महसूस की जा रही है जो सभी तक नहीं पहुंच पाए हैं। हालांकि इस परिस्थिति का सामना करने की खातिर सेना ने अब अग्रिम चौकिओं पर अधिक से अधिक जवानों को रोटेशन के आधार पर तैनात करना आरंभ किया है।



- **करगिल व द्रास के नागरिकों के माथे पर खिचीं चिंता की लकीरें**

ऐसा ही चीन भी कर रहा है जो प्रत्येक चौकी में जवानों को तीन से चार दिन ही तैनात करते हुए फिर उन्हें बैरकों में वापस बुला रहा है। सूत्र मानते हैं कि लद्दाख में सर्दी अपने भयानक रूप में दस्तक दे चुकी है ओर ऐसे में दोनों मुल्कों की सेनाएं अपने जवानों का मनोबल बढ़ाने की कोशिश में जुटी हैं। अधिकारी कहते थे कि प्रकृति के स्वरूप को लेकर वे कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहते हैं। वे इसका खिमयाजा सियाचिन हिमखंड में शुरू के सालों में भुगत चुके हैं जब 13 अप्रैल 1984 को भारतीय सेना ने इसे अपने कब्जे में लिया था।

यह भी सच है कि आज भी सियाचिन हिमखंड में सबसे अधिक नुक्सान कुदरत के कारण सहन करना पड़ रहा है और भारतीय सेना चीन सीमा पर इसे दोहराना नहीं चाहती है। ऐसे हालात में सेना के वरिष्ठ अधिकारी अग्रिम इलाकों का दौरा करने के साथ सर्दियों का सामना करने के लिए हो रही तैयारियों का भी जायजा ले रहे हैं।

लद्दाख की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सेना की नार्दन कमान के सेनानायक लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सियाचिन ग्लेशियर का दौरा कर वहां तैनात जवानों की हिम्मत बढ़ाई। जवान अत्याधिक ठंड में पाकिस्तान सेना के सामने सीना ताने खड़े हैं।

**उल्टा पुल्टा**

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!

छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!

बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!

# महात्मा गांधी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लें आज के युवा : शैली

## दिल्ली नगर निगम ने गांधी जयंती मेले का किया आयोजन

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम द्वारा महात्मा गांधी जी की 154वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को सिविक सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में गांधी जयंती मेले का आयोजन किया गया। गांधी जयंती मेले का उद्घाटन दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबेरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने किया। गांधी जयंती मेले के अवसर पर दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने मेले के आयोजन के लिए शिक्षा विभाग एवं निगम के अधिकारियों को बधाई दी।

उन्होंने वहां उपस्थित स्कूली बच्चों से गांधी जी के जीवन से संबंधित प्रश्न किए। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि गांधी जी का जन्मदिवस संपूर्ण विश्व में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

गांधी जी ने हमें सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाया। गांधी जी ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध भी आवाज उठाई। गांधी जी हमारे आदर्श हैं। उन्होंने बच्चों से



**गांधी जी ने हमें सत्य व अहिंसा का रास्ता दिखाया : शैली ओबेरॉय**

अनुरोध किया कि वे गांधी जी के बारे में जरूर पढ़ें एवं उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लें।

डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने गांधी जयंती मेले के अवसर पर अपने स्कूल के समय को याद करते हुए कहा कि जब हम स्कूल में पढ़ते थे तो हमारे शिक्षक कहते थे कि गांधीजी को सिर्फ 02 अक्टूबर को याद न करके साल के 365 दिन याद करके उनकी विचारधारा को अपने जीवन में समाहित रखना चाहिए।

### विभागों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

मेले में प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग,पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं विभाग और निगम के अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं जैसे एनीमिया टीकाकरण के बारे में जानकारी, घर-घर से कूड़े के संग्रहण, कचरे के पुन: चक्रण से बनाई जा रही सामग्री, प्रोजेक्ट विकल्प, पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद करने के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया।

मेले के दौरान मेयर ने चरखा काता। इसके जरिए महात्मा गांधी जी को 154 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मेले में आए लोगों ने भी चरखे पर हाथ आजमाएं और स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी के योगदान को याद किया।

# संरक्षा उत्तर रेलवे की प्राथमिकता : शोभन

## महाप्रबंधक ने की उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ मंगलवार को प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रेलपथों पर संरक्षा, गतिशीलता सम्बन्धित कार्य, बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों और मालभाड़ा लदान पर चर्चा की गई। उन्होंने उत्तर रेलवे के सभी रेलवे स्टेशनों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं, जिनमें प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाने, जन उदघोषणा प्रणाली, फुट-ओवर-ब्रिज, प्लेटफॉर्म शैल्टर, पेयजल, वाटरकूलर, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, लाइटें, पार्किंग व सर्कुलेटिंग एरिया, टाइम-टेबल डिस्प्ले बोर्ड, साइनेज, इलैक्ट्रॉनिक ट्रेन इंडिकेटर बोर्ड, डस्टबीन इत्यादि शामिल हैं, उपलब्ध कराए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संरक्षा उत्तर रेलवे की प्राथमिकता है। उन्होंने रेलपथों और वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि रेल पटरियों की दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी की जानी चाहिए और इसमें कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ढांचागत परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की और इन कार्यों को निर्धारित समय में पूरा किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने रेलगाड़ियों के निर्बाध आवागमन के लिए रिले और पैनल रूमों के साथ-साथ रेल पथों पर भी विद्युत संरक्षा पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय असफलताओं को कम करने पर बल दिया। उन्होंने विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों से समयपालनबद्धता को बनाए रखने और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालभाड़ा की रफ्तार को बनाए रखने के लिए कहा।

# देवेंद्र यादव ने की विजयी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। 3 अक्टूबर को नेशन फस्ट फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के तहत माता सुखदेवी स्कूल नंगलीपूना मे फुटबॉल के 2 मैचों में पहला मैच प्रह्लाद पूर और बवाना के बीच खेला गया जिसमें बवाना 3-1 से विजयी रहा। दूसरा मैच हैदरपुर वनाम खेड़ा खुर्द के बीच खेला गया जिसमें हैदरपुर ने 4-1 से जीत हासिल किया। पीएसआर क्रिकेट ग्राउंड नंगलीपूना में क्रिकेट का पहला मैच समयपुर वनाम प्रह्लाद पुर के बीच खेला गया जिसमें प्रह्लाद पुर ने मैन ऑफ़ द मैच राहुल गुप्ता के शानदार आल राउंड प्रदर्शन 68 रन एवं 3 विकेट के बदौलत 140 से जीत हासिल किया। दूसरा मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड में एमसीडी समयपुर और एस एन इलेवन स्वरूप नगर के बीच खेला गया जिसमें एस एन इलेवन स्वरूप नगर ने मैन ऑफ द मैच देवेंद्र सिंह 62 रन और 4 विकेट आल राउडर प्रदर्शन की बदौलत 122 रन से शानदार जीत हासिल किया । तीसरा मैच पीएसआर नंगली पूना क्रिकेट ग्राउंड में नंगली वनाम खेड़ा कलां के बीच



खेला गया जिसमे मैन ऑफ द मैच मीता राणा के शानदार 63 रन व 3 विकेट के ऑल राउंडर प्रदर्शन की बदौलत 48 रनो से जीत हासिल किया। चौथा मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड मे नरेला वनाम कराला के बीच खेला गया जिसमे कराला के कनिष्क माथुर के शानदार ऑल राउंडर प्रदर्शन की बदौलत 6 विकेट से जीत हासिल किया।

वहीं पांचवे क्रिकेट मैच कादीपुर ग्राउंड मे भलस्वा वनाम यादव नगर समयपुर के बीच खेला गया जिसमे मैन ऑफ द मैच लव वशिष्ठ की घातक गेंदबाजी की बदौलत भलास्वा ने 7 विकेट से जीत हासिल किया। नेशन फस्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने सभी विजयी टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की और कहा कि चौ. न्यादर सिंह यादव ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभा को निखरने का बेहतरीन प्लेटफॉर्म है।

# हम अपने सशस्त्र बलों के प्रति प्रतिबद्ध : अजय भट्ट



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए द्वारका स्थित ताज विवांता दिल्ली में प्रेसीडेंशियल अवार्ड्स 2023 का मंगलवार को आयोजन किया गया। यह पुरस्कार समारोह उन व्यक्तियों और संगठनों को बढ़ावा देने व सम्मानित करने के उद्देश्य आयोजित किया गया जिन्होंने देश के परिदृश्य को आकार देने में अटूट समर्पण का प्रदर्शन किया है। बनयान ट्राइब बिजनेस कम्युनिटी, ब्लैंकी क्रिएटिव एजेंसी और स्ट्रेट एंगल मीडिया की एक संयुक्त पहल, द प्रेसीडेंशियल अवार्ड्स ने विविध पृष्ठभूमि के व्यक्तियों की कहानियों का परिचय कराया, जो नए भारत के परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसने भारत के जीवंत एमएसएमई, एथलीट्स, सशस्त्र बलों, लोक सेवकों, परोपकारियों और व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल करने वालों की निष्ठापूर्ण भावना का जश्न मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि हम यहां जब इकट्ठे होते हैं, तो हमें अपने करगिल 2 के शूरवीरों को उनके सहनशील साहस के लिए सम्मानित करना चाहिए और 95 वर्षीय खिलाड़ी भगवानी देवी डागर को नमन करना चाहिए। एशियाई खेलों में भारत का प्रदर्शन बढ़ता जा रहा है, प्रधानमंत्री मोदी जी के सभी खिलाड़ियों के लिए अटूट समर्थन का धन्यवाद। हम अपनी सशस्त्र बलों के प्रति प्रतिबद्ध हैं, मोहाली और खिड़की 2 जैसे केंद्र उनके स्वास्थ्य के लिए समर्पित हैं। आइए हमें दीपा मलिक और उन जैसे अनूठे व्यक्तियों से प्रेरित होकर आगे बढ़ना चाहिए जो हमारे राष्ट्र की भावना को प्रकट करते हैं। इस आयोजन पर विचार करते हुए, सीजीओ और प्रेसीडेंशियल अवार्ड के सह-संस्थापक अखिल घई ने कहा कि प्रेसीडेंशियल अवार्ड्स 2023 सपनों की शक्ति और बड़े सपने देखने की हिम्मत करने वाले व्यक्तियों और संगठनों की मजबूती का एक आदर्श उदाहरण है।

# एमसीडी स्कूलों के इतिहास में पहली बार तैयार हुई वेबसाइट

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के 6 स्कूलों की इतिहास में पहली बार वेबसाइट तैयार की गई है। इसका उद्घाटन एमसीडी प्रभारी और विधायक दुर्गेश पाठक ने पार्षद अंकुश नारंग के साथ मंगलवार को किया है। रणजीत नगर वार्ड 87 के एमसीपीएस स्कूल परिसर में सभी 6 स्कूलों की अपनी वेबसाइट का उद्घाटन किया गया है। वेबसाइट सर्च करने के लिए क्यूआर कोड भी जारी किए गए हैं, जिन्हें स्कैन करते ही स्कूल की वेबसाइट खुल जाएगी। इस दौरान स्थानीय उपायुक्त कुमार अभिषेक उपस्थिति रहे। केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल को दिल्ली नगर निगम में भी लागू किया जा रहा है। इसी तर्ज पर एमसीडी के स्कूलों के लिए अलग-अलग वेबसाइट बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। दिल्ली सरकार के स्कूलों की वेबसाइट, छात्रों के लिए सीखने की




कमी को पूरा करने का एक आधुनिक और प्रभावी तरीका है। यह स्कूल के शिक्षकों और अभिभावकों के बीच एक सेतु के रूप में भी कार्य करती हैं। वेबसाइट का उपयोग करके, छात्र स्कूल जाने में असमर्थ होने पर भी स्कूल से जुड़ सकते हैं। एमसीडी के स्कूलों में यह ऐतिहासिक शुरुआत रणजीत नगर के वार्ड 87 से की गई है। पार्षद अंकुश नारंग की पहल पर सरकारी स्कूलों की वेबसाइट विकसित की गई हैं। स्कूलों की वेबसाइट का

**विधायक दुर्गेश पाठक ने किया उद्घाटन**

उद्घाटन करते हुए आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी और विधायक दुर्गेश पाठक ने शिक्षा में ऐसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। यह कदम दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में एक माइल स्टोन साबित होगा। इन छह स्कूलों की तरह दिल्ली के सभी वार्डों के स्कूलों में वेबसाइट की शुरुआत की जा सकती है।

### अंतरराष्ट्रीय ज्वैलरी ट्रेड शो संपन्न

**नई दिल्ली।** दिल्ली ज्वैलरी एंड जेम फेयर (डीजेजीएफ) के 11वें एडिशन का शानदार तरीके से समापन हो गया। तीन दिवसीय ट्रेड शो के दौरान देश के कोने-कोने से भारी संख्या में दर्शकों और कारोबारी प्रगति मैदान पहुंचे। इंफॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया द्वारा आयोजित नॉर्थ इंडिया के सबसे महत्वपूर्ण इंटरनेशनल ज्वैलरी ट्रेड शो डीजेजीएफ ने 2, 3, 4 और 5 नंबर हॉल में अब तक का सबसे बड़ा एडिशन आयोजित किया। इंफॉर्मा मार्केट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर योगेश मुद्रास ने कहा कि दिल्ली ज्वैलरी एंड जेम फेयर ने लगातार गतिशीलता और नवीनता का उदाहरण दिया है।

# इस्कॉन द्वारका में गांधी जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जब कभी निराशा मेरे चेहरे पर आती है और अकेले में मुझे प्रकाश की एक भी किरण नहीं दिखाई देती, तब मैं 'भगवद्गीता' की ओर मुड़ जाता हूं। वहां मैं एक श्लोक पढ़ता हूं और तब मैं भारी मुसीबतों के बीच तुरंत मुस्कुराना शुरू कर देता हूं। ये शब्द महात्मा गांधी ने तब कहे और लिखे जब कभी वे निराश-हताश जीवन की परेशानियों से जूझ रहे होते थे। आज हम भी भौतिक जीवन में पल-पल ऐसी ही परेशानियों का सामना कर रहे होते हैं। जिनसे जीवन की 'लाइफ मैनुअल' कही जाने वाली श्रीमद्भगवद्गीता को पढ़कर छुटकारा पाया जा सकता है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर हम गांधी जी के इन्हीं प्रेरणात्मक शब्दों से प्रेरणा लेते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पण कर उन्हें याद करते हैं। इस्कॉन द्वारका सेक्टर 13 दिल्ली श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर में गांधी जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों की अनेक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

G20 भारत 2023 INDIA

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 83235063A | एनआरसीएच में नेत्र विज्ञान विभाग के लिए फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 1 | 25-10-2023 |

निविदा शर्तें -1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 83235063/Med/Part-II दिनांक 03.10.2023 3055/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली के सात जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेफ एप्रोच दिल्ली की जानी मानी संस्था जो बेघर लोगों के लिए काम करने के साथ साथ, महिलाओं के उत्थान के लिए काम करती है ओएनजीसी के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान, कचरा मुक्त भारत दिल्ली के सात अलग-अलग जगहों पर संचालित किया गया जिसमे भारत के क्रिकेटर इशांत शर्मा मुख्य अतिथि रहे। इस अभियान के तहत सुबह 10 बजे से 1 बजे तक दिल्ली में सात जगहों यथा चांदनी चौक नियर फवारा, हनुमान मंदिर मरघट बाबा मंदिर यमुना बाजार, यमुना पुस्ता नियर आईएसबीटी कश्मीरी गेट, लक्ष्मी नगर नियर स्कोप मीनार, वसंत विहार नियर डी ब्लॉक मार्केट, कुसुमपुर जेजे बस्ती नियर वसंत कुंज, नियर शास्त्री भवन पर संस्था सेफ अप्रोच के द्वारा मेगा स्वच्छता अभियान, श्रमदान, कचरा मुक्त भारत के तहत स्वच्छांजली, भारत सरकार के उपक्रम ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) सीएसआर दिल्ली के सहयोग से संचालित किया गया। हर स्थल पर स्वच्छता से संबंधित क्विज कॉम्पिटिशन का भी आयोजन किया गया एवं 50 लोगों को पुरस्कृत किया।

### पूजा स्थलों से जुड़े लोगों के लिए लगाया हेल्थकेयर लंगर

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मिडास फाउंडेशन जीएमएफ ने देशभर के सभी प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिरों, शक्ति और सिद्ध पीठों एवं सभी मंदिरों के पुजारियों व उनके परिजनों के लिए पैन इंडिया हेल्थकेयर लंगर सेवा का आयोजन किया। दिल्ली स्थित सामाजिक संगठन जीएमएफ के संस्थापक इंदर प्रीत सिंह ने बताया कि भारत के सभी शक्ति पीठ, सिद्ध पीठ, प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर और अन्य सभी मंदिरों में हेल्थकेयर लंगर सेवा शुरू की जा रही है।

### क्रिकेट विश्व कप के लिए अमेज़ॅन फ्रेश ने पेश किए विशेष ऑफर

**नई दिल्ली ।** क्रिकेट विश्व कप का सीज़न शुरू होने वाला है इसके लिए अमेज़ॅन ने 1 से 7 अक्टूबर तक सुपर वैल्यू डेज़ की शुरुआत की है जिसमें स्नैक्स, ताजे फलों, सब्जियों और पेंट्री पर ऑफर पेश किए हैं। फिर चाहे आप गेम-नाइट में अपनों की मेजबानी कर रहे हों या अपनी पसंदीदा टीम का अकेले उत्साह बढ़ा रहे हों, अपने और अपनों के लिए बढ़िया ऑफर पर गेम-टाइम का लजीज खाना प्राप्त करें।

**महत्वपूर्ण सूचना**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा प्रयोगात्मक आधार पर विभिन्न स्टेशनों पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी नाम | स्टेशन | समय-सारणी आगमन | समय-सारणी प्रस्थान | प्रभावी तिथि से |
|---|---|---|---|---|
| 15125 बनारस - पटना जं. जनशताब्दी एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | करहिया हाल्ट | 08:32 | 08:34 | तत्काल प्रभावी |
| 15126 पटना जं. - बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस (प्रतिदिन) | | 19:00 | 19:02 | |
| 19615 उदयपुर - कामाख्या जं. एक्सप्रेस | गुरसहायगंज | 08:56 | 08:58 | 09.10.2023 |
| 19616 कामाख्या जं. - उदयपुर एक्सप्रेस | | 05:39 | 05:41 | 05.10.2023 |
| 14723 प्रयागराज जं. - भिवानी जं. एक्सप्रेस | जसोदा | 20:14 | 20:16 | 04.10.2023 |
| 14724 भिवानी जं. - प्रयागराज जं. एक्सप्रेस | | 07:10 | 07:12 | तत्काल प्रभावी |
| 19037 बान्द्रा टर्मिनस - बरौनी जं. एक्सप्रेस | झालावाड़ रोड | 10:57 | 10:58 | 04.10.2023 से 31.03.2024 तक |
| 19038 बरौनी जं. - बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस | | 13:24 | 13:25 | |
| 19019 बान्द्रा टर्मिनस - हरिद्वार जं. एक्सप्रेस | झालावाड़ रोड | 15:39 | 15:40 | 04.10.2023 से 31.03.2024 तक |
| 19020 हरिद्वार जं. - बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस | | 05:02 | 05:03 | 05.10.2023 से 01.04.2024 तक |
| 12471 बान्द्रा टर्मिनस - श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा स्वराज एक्सप्रेस | गंगापुर सिटी | 01:13 | 01:15 | 06.10.2023 से 02.04.2024 तक |
| 12472 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा - बान्द्रा टर्मिनस स्वराज एक्सप्रेस | | 00:53 | 00:55 | 07.10.2023 से 03.04.2024 तक |
| 13237 पटना जं. - कोटा जं. एक्सप्रेस | नारायणपुर टटवाड़ा | 09:26 | 09:28 | 04.10.2023 से 31.03.2024 तक |
| 13238 कोटा जं. - पटना जं. एक्सप्रेस | | 19:53 | 19:55 | 05.10.2023 से 01.04.2024 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट http://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | G20 भारत 2023 INDIA | 3065/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | पर हमें फॉलो करें

**विशेष रेलगाड़ियों का संचालन**

भोडवाल माजरी में दिनांक 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले वार्षिक निरंकारी सन्त समागम कार्यक्रम के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

**04662/04661 फिरोज़पुर कैंट जं. - नई दिल्ली - फिरोज़पुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04662 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04662 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04661 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04661 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 13:25 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 04:00 | -- |
| 23:15 | -- | नई दिल्ली | -- | 16:55 |

चलने की तिथि : 04662 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 27.10.2023 (शुक्रवार) को एवं 04661 नई दिल्ली से दिनांक 28.10.2023 (शनिवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., मानसा, बुढलाडा, बरेटा, जाखल जं., जींद जं., पानीपत जं., समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**02402/02401 फिरोज़पुर कैंट जं. - दिल्ली जं. - फिरोज़पुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 02402 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02402 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02401 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02401 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 13:25 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 15:45 | -- |
| 23:15 | -- | दिल्ली जं. | -- | 04:45 |

चलने की तिथि : 02402 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 31.10.2023 (मंगलवार) को एवं 02401 दिल्ली जं. से दिनांक 01.11.2023 (बुधवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., मानसा, बुढलाडा, बरेटा, जाखल जं., जींद जं., पानीपत जं. समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**04674/04673 फिरोज़पुर कैंट जं. - दिल्ली जं. - फिरोज़पुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04674 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04674 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04673 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04673 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:30 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 03:00 | -- |
| 10:05 | -- | दिल्ली जं. | -- | 15:30 |

चलने की तिथि : 04674 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 27.10.2023 (शुक्रवार) को एवं 04673 दिल्ली जं. से दिनांक 28.10.2023 (शनिवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी जं., नाभा, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला कैंट, करनाल, पानीपत जं., समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**04650/04649 फिरोज़पुर कैंट जं. - नई दिल्ली - फिरोज़पुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04650 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04650 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04649 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04649 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 10:35 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 09:15 | -- |
| 21:30 | -- | नई दिल्ली | -- | 22:30 |

चलने की तिथि : 04650 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 01.11.2023 (बुधवार) को एवं 04649 नई दिल्ली से दिनांक 01.11.2023 (बुधवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., मानसा, बुढलाडा, बरेटा, जाखल जं., जींद जं., पानीपत जं. समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**02404/02403 फिरोज़पुर कैंट जं. - दिल्ली जं. - फिरोज़पुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 02404 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02404 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02403 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02403 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:30 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 21:30 | -- |
| 10:05 | -- | दिल्ली जं. | -- | 10:45 |

चलने की तिथि : 02404 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 26.10.2023 (गुरूवार) को एवं 02403 दिल्ली जं. से दिनांक 27.10.2023 (शुक्रवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी जं., नाभा, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला कैंट, करनाल, पानीपत जं., समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**04680/04679 फिरोज़पुर कैंट जं. - दिल्ली जं. - फिरोज़पुर कैंट जं. स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04680 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04680 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04679 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04679 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:30 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 21:30 | -- |
| 10:05 | -- | दिल्ली जं. | -- | 10:45 |

चलने की तिथि : 04680 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 01.11.2023 (बुधवार) को एवं 04679 दिल्ली जं. से दिनांक 02.11.2023 (गुरूवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: फरीदकोट, कोटक पूरा ज., गंगसर जैतो, बठिण्डा जं., रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी जं., नाभा, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला कैंट, करनाल, पानीपत जं., समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

**04670/04669 फाज़िल्का - दिल्ली जं. - फाज़िल्का स्पेशल रेलगाड़ी (4 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04670 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04670 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04669 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04669 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:00 | फाज़िल्का | 09:30 | -- |
| 19:30 | -- | दिल्ली जं. | -- | 20:15 |

चलने की तिथि : 04670 फाज़िल्का से दिनांक 26.10.2023 (गुरूवार) एवं 01.11.2023 (बुधवार) को एवं 04669 दिल्ली जं. से दिनांक 26.10.2023 (गुरूवार) एवं 01.11.2023 (बुधवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहराव: लाधुका, जलालाबाद, गुरूहरसहाय, फिरोजपुर कैंट, तलवंडी, मोगा, जगराओं, मुल्लांपुर, लुधियाना, अम्बाला कैंट, करनाल, पानीपत जं., समालखा एवं भोडवाल माजरी स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में अपने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट http://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

G20 | पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** " डेंगू मलेरिया व अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जन जागरूकता रैली का कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अपनी अहम भूमिका निभाई गई घरों में कहीं भी पानी एकत्र न रहे, घरों के आसपास सफाई व्यवस्था बनी रहे, इसका विशेष रूप से ध्यान रखने हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई : **डॉ. मिथिलेश, नगर स्वास्थ्य अधिकारी**

## निगम ने कर वसूली की बढ़ाई रफ्तार

**गाजियाबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम की सख्ती काम आ रही है। इसी के चलते नगर निगम ने

- **सितम्बर माह में वसूले 39 करोड़ 77 लाख रूपए**
- **सितम्बर माह में पिछले वर्ष के सापेक्ष अधिक वसूला संपत्ति कर**

सितम्बर माह में 39 करोड़ 77 लाख रुपए के टैक्स की वसूली की है। 2022 में संपत्ति कर की वसूली लगभग 24 करोड़ 59 लाख थी इस वर्ष सितम्बर 2023 में संपत्ति कर की वसूली बढ़कर 39 करोड़ 77 लाख हुई है।

सितम्बर माह में 20 प्रतिशत छुट के साथ अधिक टैक्स वसूली की गई है। सितम्बर 2022 तक लगभग 98 करोड़ की वसूली की गई। इस वर्ष 2023 में संपत्ति



कर वसूली का ग्राफ बढ़ता दिखाई दे रहा है जिसमें एक अप्रैल 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक 124 करोड़ की वसूली की गई है, लगभग पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष 26 प्रतिशत की संपत्ति कर वसूली में बढ़ोतरी दिखाई दे रही है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव ने बताया कि महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त महोदय विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार बड़े बकाएदारों को टारगेट करते हुए उनसे कर वसूली बढ़ाई गई है जिससे निगम की आय बढ़ी है, संपत्ति कर की वसूली के साथ-साथ करेत्तर से भी निगम की आय बढ़ी है लगभग ढाई करोड़ की वसूली पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष अधिक की गई है।

### वसूली के मामले में वसुंधरा जोन ने मारी बाजी

सितम्बर माह में पिछले वर्ष के सापेक्ष अधिक संपत्ति कर वसूली की गई है। वसुंधरा जोन से लगभग 12 करोड़ की वसूली की गई है। मोहन नगर जोन से लगभग 6 करोड़, कवि नगर जोन से लगभग 9 करोड़ की वसूली सिटी जोन के अंतर्गत संपत्ति कर से 8 करोड़ की वसूली विजयनगर जोंन से 2 करोड़ की वसूली की गई है।



## संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए शहर में निकाली जन जागरूकता रैली

**गाजियाबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग तथा निगम ने संयुक्त रूप से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया जिसके क्रम में घंटाघर रामलीला मैदान से एमएमजी अस्पताल तक शंभू दयाल इंटर कॉलेज के एनसीसी ग्रुप के छात्रों ने बैंड के साथ जन जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अतुल गर्ग उपस्थित हुए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि डेंगू मलेरिया व अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जन जागरूकता रैली का कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अपनी अहम भूमिका निभाई गई घरों में कहीं भी पानी एकत्र न रहे, घरों के आसपास सफाई व्यवस्था बनी रहे, इसका विशेष रूप से ध्यान रखने हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई मौके पर सीएमओ भवतोष भी उपस्थित रहे।

**निगम शहर में वृहद स्तर पर कराए फागिंग व एंटी लार्वा छिड़काव : विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त**

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने स्वास्थ्य विभाग को विशेष निर्देश दिए हैं जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम प्रतिदिन वार्डों में तथा मुख्य बाजारों में विशेष रूप से फॉगिंग में एंटी लारवा का छिड़काव भी कर रहा है, छोटी फॉगिंग मशीनों के द्वारा आंतरिक वार्डों में गलियों में फॉगिंग का कार्य चल रहा है तथा बाजारों में बड़े उपकरणों के माध्यम से विशेष फॉगिंग अभियान भी चलाए जा रहे हैं, कार्यक्रम के अंत में संचारी रोग नियंत्रण तथा स्वच्छता की शपथ ली गई।

## संभव दिवस में निगम अधिकारियों ने की जनसुनवाई

**गाजियाबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई निगम अधिकारियों ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में 19 संदर्भ प्राप्त हुए 10 संदर्भ निर्माण विभाग से संबंधित प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश मांग प्राप्त हुई।



संभव जनसुनवाई के दौरान आगंतुकों की समस्याओं पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए जिस पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने टीम को समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं के समाधान पर कार्रवाई की।

गाजियाबाद नगर निगम लगातार समस्याओं के तत्काल समाधान पर कार्रवाई कर रहा है जिसके क्रम में संभव जनसुनवाई के दौरान प्राप्त समस्याओं पर कार्रवाई कराई गई नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, महाप्रबंधक जल आनंद त्रिपाठी, प्रकाश प्रभारी आस कुमार, डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी, मुख्य का निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव, संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ तथा निर्माण विभाग से देशराज संभव जनसुनवाई के दौरान उपस्थित रहे।

**सार** संक्षेप

### होटल के कमरे में युवक की मौत

**नोएडा।** नौकरी की तलाश में आए एक युवक का शव होटल में मिला। युवक की पहचान थान्डेल पवन कल्यान (24) हुई है। ये तेलंगाना का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि एक अक्टूबर को ये तेलंगाना से यहां नौकरी की तलाश में आया था। वो सेक्टर-20 के एक होटल में रुका था। मृतक के साथी नावेद शेख ने बताया कि वो ही उसे होटल से कैलाश अस्पताल लेकर गए थे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहां सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

### आबकारी विभाग व पुलिस ने चलाया संयुक्त अभियान



**नोएडा।** नोएडा में आबकारी विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर अलग-अलग स्थानों पर छापामार कर देशी और विदेशी महंगे ब्रांड की शराब बरामद की। इसमें देयी पव्वे में मिस इंडिया से लेकर जॉनी वॉकर और रेडलेबल और एब्सोल्यूट वोदका तक बरामद की गई। इन मामलों में 4 लोगों की गिरफ्तारी की गई। ये सभी दो अक्टूबर को ड्राइ डे होने के चलते महंगे दाम पर अवैध रूप से शराब बेच रहे थे। नोएडा की झुग्गियों में अवैध रूप से शराब लाई जा रही है। जानकारी मिलते ही आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 ने सेक्टर-5 की झुग्गियों में थाना फेज-1 के साथ मिलकर दबिश दी। वहां से एक आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से 148 पव्वें मिस इंडिया ब्रांड का 200 एमएल की बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि बरामद अवैध शराब एवं गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### एमिटी विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिता संगठ्न 2023 का आयोजन



**नोएडा।** एमिटी विश्वविद्यालय में चल रहे रहे एमिटी अंतरसंस्थान खेल प्रतियोगिता 'संगठ्न 2023' के अंर्तगत मंगलवार को छात्र व छात्राओं के बीच खो खो प्रतियोगिता और शतरंज प्रतियोगिता के प्रथम राउंड के मुकाबले खेले गए। छात्राओं के खो खों प्रतियोगिता का मैच एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की टीम और एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी की टीम के मध्य खेला गया। मैच के प्रथम भाग में एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की टीम ने 31 अंक हासिल किये और एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी की टीम कुछ भी स्कोर नहीं कर पाई। इस तरह मैच के द्वितीय भाग में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी और दोनो का स्कोर 0 रहा। मैच के अंत में एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की टीम ने खो खो मैच 31 -0 से जीत लिया।


## रालोद का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर कुंवर अयूब अली का मिर्जापुर में स्वागत



**गाजियाबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोकदल के नेता कुंवर अयूब अली को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मिर्जापुर गांव में स्वागत किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने अयूब अली को बुके देखकर हर तरह का सहयोग करने का आश्वासन दिया। कुंवर अयूब अली मिर्जापुर पहुंचे जहां पर पूर्व पार्षद हाजी आसिफ चौधरी के अलावा इरफान अली नंबरदार उद्यमी इसरार अहमद लल्लू, शौकत नम्बरदार, फजले इलाही, यूनुस चौधरी, कल्लू उर्फ इरशाद शब्बीर अहमद, अधिवक्ता रिजवान अली सलमान चौधरी आशु चौधरी, डॉ.सालीम अहमद ने अयूब अली का स्वागत किया इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिव स्नेह त्यागी भी मौजूद रहे।

## जीडीए सचिव ने किया इंदिरापुरम का औचक निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को इंदिरापुरम में निरीक्षण किया। वहां उन्होंने जीडीए अधिकारियों को मिली खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। साथ कहा कि कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सचिव सिंह आज सुबह इंदिरापुरम पहुंचे और वहां की सड़कों, नाले, फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज और अवैध अतिक्रमण का निरीक्षण किया । उन्होंने अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिया। साथ ही टूटे फुटपाथ में सड़कों को भी दुरुस्त करने को कहा। इस मौके पर जीडीए के अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम व उद्यान अधिकारी शशि भारती भी मौजूद रहे।



## नोएडा सांसद पहुंचे जिला अस्पताल

**नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने मंगलवार को जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के आईसीयू गए वहां उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत की। अस्पताल की ओर से दी जाने वाले सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने मरीज को दी जाने वाली दवाओं और रूटीन चैकअप की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रेनू अग्रवाल ने सांसद को आभा क्रिएशन के विषय में और ओपीडी में आने वाले मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। सांसद ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिनका लाभ अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई भी मरीज स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। इसके साथ उन्होंने डॉक्टरों को मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार करने की हिदायद दी। साथ ही वार्ड का निरीक्षण किया। सुविधाओं को देखकर उनको संतोषजनक लगा। इससे पहले उन्होंने जिला अस्पताल से ही 3 से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान को हरी झंडी दिखाकर उसका शुभारंभ किया। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को लेकर जन जागरूकता के उद्देश्य से रैली निकाली गई। जिसमें नोएडा विकास प्राधिकरण, आंगनवाड़ी, आशा, ब्रीडिंग चेकर्स के द्वारा प्रतिभाग किया गया।



- **आईसीयू का किया निरीक्षण, संचारी रोग नियंत्रण अभियान को दिखाई हरी झंडी**

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सूचना विभाग के माध्यम से एलईडी वैन के द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया।

## भूकंप के झटकों से सहमे लोग घर और कंपनी से निकले बाहर

**नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा में दोपहर बाद भूकंप के तेज झटकों से लोग सहम गए। भूकंप के दो झटके करीब 20 से 30 सेंकेड तक महसूस किए गए और इमारतें हिलती रहीं। नेशनल सेंटर फॉर सेसमोलॉजी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 आंकी गई है, जो काफी ज्यादा है। आमतौर पर रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.4 से अधिक रहती है तो उसे खतरनाक माना जाता है। यह भूकंप दोपहर को ठीक 2 बजकर 51 मिनट पर आया था। नोएडा की कंपनियों में काम करने वाले लोग बाहर आ गए। हालांकि हाइराइज सोसाइटी के लोगों ने घरों में सुरक्षित स्थान पर रहे। उनको इतना समय मिलता कि वो नीचे आ सके।

इससे पहले भी नोएडा में कई बार तेज भूकंप के झटके आ चुके है। जिनकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4 से 5 के बीच रहती है। बता दे नोएडा सिसमिक जोन-4 में आता है। यानी भूकंप के लिहाज से ये बेहत संवेदनशील माना जाता है। इस स्थिति में यहां जरा सा तेज झटका बड़े हादसे को दावत दे सकता है। प्राधिकरण अधिकारियों का दावा है कि यहां बनाई इमारते करीब 8 तीव्रता झटका झेल सकती है। एक्सपर्ट की माने तो 7.0 का झटका की ताकत 6.0 से करीब 10 गुना और 8.0 की ताकत 6.0 से 100 गुना ज्यादा होती है।

- **दोपहर करीब 2 बजकर 51 मिनट पर लगे भूकंप के तेज झटके**

भूकंप के झटको के बाद नोएडा की कंपनियों में काम करने वाले लोग बाहर आ गए। साथ ही यहां दो से तीन फ्लोर में रहने वाले लोग भी बाहर आ गए। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कई झटके आए है लेकिन ये बहुत तेज था। जिसमें हम सभी को डरा कर रख दिया। लोगों ने एक दूसरे को फोन कर कुशल क्षेम जाना। बता दे नोएडा में सबसे ज्यादा खतरा ग्रेनो वेस्ट और सेक्टर-78,79,75,76 की ओर गांव के इलाकों में है। यहां हाइराइज सोसाइटी बनी है। जिसमें 30 मंजिला तक की बिल्डिंग है।

**कैसे आते है भूकंप इसे जाने**

मौसम विभाग के अनुसार बताया कि धरती मुख्य तौर पर चार परतों से बनी हुई है, इनर कोर, आउटर कोर, मैनटल और क्रस्ट। क्रस्ट और ऊपरी मैन्टल को लिथो स्फेयर कहते हैं। ये 50 किलोमीटर की मोटी परत, वर्गों में बंटी हुई है, जिन्हें टैकटोनिक प्लेट्स कहा जाता है। ये टैकटोनिक प्लेट्स अपनी जगह से हिलती रहती हैं लेकिन जब ये बहुत ज्यादा हिल जाती हैं, तो भूकंप आना संभव है। ये प्लेट्स क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर, दोनों ही तरह से अपनी जगह से हिल सकती हैं। इसके बाद वे अपनी जगह तलाशती हैं और ऐसे में एक प्लेट दूसरी प्लेट के नीचे आ जाती है। भूकंप की तीव्रता मापने के लिए रिक्टर स्केल का पैमाना इस्तेमाल किया जाता है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। भूकंप की तरंगों को रिक्टर स्केल 1 से 9 तक के आधार पर मापता है।

## अप्रैल में लागू स्ट्रक्चरल पॉलिसी, अब तक एक भी इमारत का नहीं हो सका ऑडिट

**नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्राधिकरण की स्ट्रक्चर ऑडिट पॉलिसी बन चुकी है। इसे अप्रैल से लागू भी कर दिया गया है। लेकिन अब तक इमारतों का स्ट्रक्चर ऑडिट शुरू नहीं किया जा सका है। प्राधिकरण की ओर से आवेदन करने वालों का कोई सर्वे भी नहीं किया गया। ऐसे में भूकंप का एक तेज झटका नोएडा के लिए घातक होगा। इसकी बड़ी वहज ये है नोएडा सिसमिक जोन-4 में आता है। जो कि भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है।

- **छह सोसाइटी के लोगों ने प्राधिकरण में किए है आवेदन**
- **सिसमिक जोन-4 में आता है नोएडा**

प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले सोसाइटी वाली बिल्डर या एओए को स्ट्रक्चर ऑडिट के लिए बोलेंगे। इसेक बाद एक प्रतिनिधित 25 प्रतिशत निवासियों की सहमति के साथ प्राधिकरण में आवेदन करेगा। प्राधिकरण की एक टीम सर्वे करने सोसाइटी जाएगी। वहां सर्वे की रिपोर्ट को प्राधिकरण की समिति के समक्ष रखा जाएगा। यहां से पास होने के बाद बिल्डर या एओए को बोला जाएगा कि प्राधिकरण के पैनल में साज एजेंसियां है। जिनमें से आप एक का चुनाव कर सकते है। उन्होंने बताया कि अब तक 6 सोसाइटी के एओए की ओर से स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने के लिए आवेदन आए है।

नोएडा में करीब 100 सोसायटी है। जिनमें 400 हाइराइज इमारत है। सवाल ये है कि इन इमारतों की मजबूती कितनी है। इनमें से अधिकांश इमारतों को बने हुए पांच साल से ज्यादा हो गए। प्राधिकरण का दावा है यहां बनी इमारते रिक्टर स्केल 7 और 8 तक का झटका झेल सकती है। हालांकि इनके लिए प्राधिकरण ने आप्शन दिए है। जिन इमारतों की लाइफ पांच साल हो चुकी है।

आरडब्ल्यूए या एओए भी इन एजेंसियों से स्ट्रक्चर ऑडिट करवा सकती है। इसका खर्चा उन्हें खुद देना होगा। वहीं प्राधिकरण ने बताया कि पॉलिसी लागू होने से पहले बिल्डर खुद ऑडिट कराता था। इसकी रिपोर्ट आईआईटी से संबंधित कोई प्रोफेसर एप्रूव कर सकता था। इस रिपोर्ट को प्राधिकरण मान्य मानता था। जिसके बाद बिल्डर को ओसी और सीसी जारी कर सकता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

**सिसिमक जोन में चार में आता है नोएडा**

नोएडा सिस्मिक जोन-4 में आता है। यानी ये एरिया भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। इसको लेकर नोएडा में बनाए जा रहे प्रोजेक्ट, सड़क और इमारते सिसमिक जोन-5 के हिसाब से बनाई जा रही है। हालांकि नोएडा के बायर्स की ओर हमेशा स्ट्रक्चर को लेकर शिकायत की जाती रही है। इसके लिए प्राधिकरण ने एक कमेटी का गठन किया है। जो स्ट्रक्चरल ऑडिट के दौरान ये तय करेगी कि इमारत में माइनर इफेक्ट है या मेजर इसकी के बाद ऑडिट होगा और मरम्मत होगी।

### अब डालते पॉलिसी पर एक नजर और ये होगा फायदा

- ये पॉलिसी तीन मेजर डिफेक्ट पर आधारित है। पहली इमारत के फाउंडेशन में क्रेक और डैमेज, दूसरी फ्लोर व कॉमन एरिया में क्रेक और डैमेज और तीसरा दीवारों में क्रेक और डेमेज।
- प्राधिकरण ओसी जारी करने से पहले बिल्डर अपने खर्चे पर स्ट्रक्चरल ऑडिट कराएगा। ये आडिट उसे प्राधिकरण की ओर से इम्पैनल्ड किए गए पैनल से ही कराना होगा।
- यदि स्ट्रक्चरल ऑडिट के बाद 25 प्रतिशत फ्लैट बायर्स की ओर से स्ट्रक्चर डिफेक्ट की शिकायत की जाती है तो प्राधिकरण की ओर से गठित समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा कि डिफेक्ट मेजर है या माइनर। इसके बाद अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन एक्ट में स्ट्रक्चर डिफेक्ट को दूर किए जाने की जिम्मेदारी दो साल तक बिल्डर की होगी।
- रेरा अधिनियम के तहत पांच साल तक स्ट्रक्चर डिफेक्ट को दूर करने की जिम्मेदारी बिल्डर की और पांच साल बाद एओए की होगी। इस अवधि की गणना अधिभोग प्रमाण पत्र जारी होने के बाद की जाएगी।
- यदि स्ट्रक्चरल ऑडिट की रिपोर्ट निगेटिव आती है तो पांच साल के अंदर स्ट्रक्चर डिफेक्ट को बिल्डर की ओर से दूर किया जाएगा। दो से पांच साल की अवधि के प्रकरण में प्राधिकरण एजेंसी से ऑडिट करवाकर कमियों को दूर -करने के लिए रेरा प्राधिकरण को कहेगा। इसके अलावा पांच साल से अधिक होने पर ये जिम्मेदारी एओए की होगी।

**प्राधिकरण के पैनल में शामिल एजेंसिया**

आईआईटी कानपुर, एमएनआईटी प्रयागराज, बिट्स पिलानी, एनआईटी जयपुर, सीबीआरआई रुड़की।

## भंगेल एलिवेटेड का फाइल बजट होगा तैयार

### दो सप्ताह में शुरू होगा काम

**नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भंगेल-सलारपुर का जाम खत्म करने के लिए भंगेल एलिवेटेड रोड का काम दोबारा से इसी महीने शुरू होगा। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी सप्ताह नए सिरे से लागत फाइनल कर दी जाएगी। एलिवेटेड रोड का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम करवा रहा है। यह सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज टू स्थित नाले के पास तक बनवाया जाएगा। अभी लागत विवाद के कारण करीब छह महीने से काम बंद पड़ा है। ऐसे में अब दोबारा से काम शुरू कराने की तैयारी प्राधिकरण रहा है। इसको लेकर प्राधिकरण और सेतु निगम के अधिकारियों के बीच तीन बार बैठक हो चुकी है। इसके बाद प्राधिकरण स्तर पर गठित समिति ने फाइनल लागत को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इसी सप्ताह नई लागत फाइनल कर दी जाएगी। इसके बाद काम शुरू करा दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि दोबारा से काम शुरू कराने के बाद सेक्टर-49 हनुमान मूर्ति और सेक्टर-107 की ओर बनने वाले लूप के लिए भी टेंडर जारी कर दिया जाएगा। इनको बनाने में 20-25 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। गौरतलब है कि इस एलिवेटेड रोड का निर्माण आठ जून 2020 को शुरू हुआ था। अनुबंध के तहत एलिवेटेड रोड का काम सात दिसंबर 2022 तक पूरा कर लिया जाना चाहिए था। अभी तक 68 प्रतिशत ही काम पूरा हो सका है। ऐसे में अभी काम शुरू होने के बाद पूरा होने में करीब एक साल का समय और लगेगा। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम श्रीपाल भाटी का कहना है कि अगले करीब दो सप्ताह में एलिवेटेड रोड का काम शुरू कराने की तैयारी है। इस बार तेजी से काम कराकर जल्द से जल्द एलिवेटेड रोड को शुरू कराया जाएगा।

उवाच

सिस्टम को त्वरित व जवाबदेगी बनाना है और कार्यों के लिए अधिकारियों को बैठक व समीक्षा करना है। मंत्री ने बताया कि समीक्षा बैठक में कुछ कमियां मिली है, उसकी समीक्षा की गई है, अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नियमानुसार तुरंत कार्रवाई करें। किसी भी दोषी अधिकारी को छूट नहीं देनी है। जो भी गलत कामों में लिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी : **नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, औद्योगिक विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश**



# दोषी पाये जाने वाले अधिकारियों पर होगी कठोर कार्रवाई : नंदी

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कामों को लेकर समीक्षा बैठक की है। बैठक में अनिल सागर औद्योगिक विकास सचिव व प्राधिकरण के सीईओ रविकुमार एन.जी सहित सभी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के बाद मंत्री ने कहा कि 2017-22 तक उत्तर प्रदेश बना, अब सर्वोत्तम प्रदेश बनेगा। उत्तर प्रदेश में पहली बार ट्रेड शो और मोटो जीपी भारत रेस सहित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम हुए जो सफल रहे। उन्होंने बताया कि आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई, जिसमें ग्रेटर नोएडावासियों के लिए मूलभूत सुविधाएं मिले उसकी चर्चा की गई। पिछले 10 फरवरी को ग्लोबल सम्मिट में जो एमओयू साइन हुए थे उसे धरातल पर उतारने के लिए काम किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को साठ हजार करोड़ का लक्ष्य है, जिसमें चालिस हजार करोड़ पाइप लाइन में है।




- औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विकास कार्यों की समीक्षा की
- पिछली सरकारों की गलती से लोगों को हो रही है परेशानी

उन्होंने कहा कि सिस्टम को त्वरित व जवाबदेगी बनाना है और कार्यों के लिए अधिकारियों को बैठक व समीक्षा करना है। मंत्री ने बताया कि समीक्षा बैठक में कुछ कमियां मिली है, उसकी समीक्षा की गई है, अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नियमानुसार तुरंत कार्रवाई करें। किसी भी दोषी अधिकारी को छूट नहीं देनी है। जो भी गलत कामों में लिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा हो चुकी है यमुना प्राधिकरण के साथ बैठक करेंगे ताकि कोई भी विकास कार्य में बाधा न हो। प्राधिकरण की तरफ से समय पर काम नहीं करने की विफलता पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने जिस तरह से काम किया है, उसका नतीजा भुगतना पड़ रहा है।

# ग्रेनो प्राधिकरण को एनपीसीएल से मिला 8.84 करोड़ रुपए का लाभांश

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को 8.84 करोड़ रुपए (सकल राशि 9.32 करोड़ रुपए) का लाभांश दिया। एनपीसीएल के प्रबंध निदेशक पी.आर. कुमार ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की उपस्थिति में लाभांश का चेक ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी को सौंपा। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड वित्त वर्ष 2014-15 से अपने शेयरधारकों को लाभांश दे रहा है और अपने इस प्रयास में कंपनी ने इस साल वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 60 प्रतिशत की दर से लाभांश की घोषणा की है। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) साल 1993 से ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में वितरण लाइसेंसधारी के रूप में काम कर रहा है और ये लगातार



- एनपीसीएल के एमडी पी आर कुमार ने औद्योगिक विकास मंत्री नन्द्र गोपाल गुप्ता नंदी की मौजूदगी में प्राधिकरण के सीईओ को शौंपा चेक

9वां साल है जब एनपीसीएल ने अपने शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान किया है। शेयरधारकों को दिए लाभांश का संचयी मूल्य शेयरधारकों द्वारा निवेश की गई राशि का 385 प्रतिशत है। इतना ही नहीं कंपनी के कुशल संचालन के कारण शेयरधारकों द्वारा निवेश की गई राशि भी कई गुणा बढ़ गई है। इसके अलावा एनपीसीएल उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत नियामक छूट भी दे रहा है, जिसके चलते उत्तर प्रदेश में बिजली की दरें सस्ती हो गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के नक्शेकदम पर चलते हुए दिल्ली और उड़ीसा ने भी वितरण क्षेत्र में पीपीपी का गठन किया है।

इस अवसर पर मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने एनपीसीएल के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि प्राप्त: लाभांश का उपयोग ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में विकास कार्यों में किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने उपभोक्ताओं को सबसे किफायदी दरों पर स्थिर और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए एनपीसीएस के साथ मिलकर काम करने की प्रदिबद्धता व्यक्त की जिससे ग्रेटर नोएडा औद्योगिक प्राधिकरण को देश में सबसे आकर्षक निवेश केंद्र बनाने में मदद मिले।




## राष्ट्रीय हैकथॉन में शशांक व प्रार्थना ने हासिल किया दूसरा स्थान

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट (जीएलबीआईटीएम) में बी.टेक सीएसई विभाग के छात्र अमन गुप्ता, शशांक कुमार और प्रार्थना अग्रवाल की टीम कोड़ (सी.ओ.डी.ई.) ने राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन टेक्नोथ्राइव 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है। आयोजन समिति ने कॉलेज की टीम को ट्रॉफी और 2 लाख रूपए के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में आईआईटी और एनआईटी सहित देश भर से 1300 से अधिक कॉलेजों के 8 हजार से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया। यह कार्यक्रम ग्राहक-केंद्रित और परिवर्तनकारी वैश्विक आईटी के समाधान पर आधारित था जिसका यश टेक्नोलॉजीज द्वारा आयोजन किया गया। टीम की इस उपलब्धि पर जीएल बजाज के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सार संक्षेप

### आईआईएलएम विवि मनाएगी लिबरल आर्ट्स समारोह

**ग्रेटर नोएडा।** आईआईएलएम युनिवर्सिटी ग्रेनो रचनात्मक अभिव्यक्ति को विशेष महत्व देते हुए पत्रकारिता, मीडिया और मनोविज्ञान पर एक पांच दिवसीय समारोह का आयोजन किया है। 'प्रेससाइकी पलूजा' के सहयोग से 9 से 13 अक्टूबर तक होगा और इसमें लिबरल आर्ट्स, पत्रकारिता और रचनात्मक अभिव्यक्ति के विविध पहलुओं पर गहन विचारकों, विशेषज्ञों और अन्य उत्साही लोगों को एक मंच पर देखा जाएगा। आईआईएलएम युनिवर्सिटी में अंग्रेजी साहित्य, पत्रकारिता और संचार की प्रोफेसर अदिति गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य तेजी से बदलती दुनिया के लिए छात्रों को तैयार करना है जो उनके अंदर जिज्ञासा और रचनात्मक सोच को बढ़ावा और सुरक्षित भविष्य देने से ही संभव है। हम भविष्य में भी ऐसे आयोजन करेंगे ताकि भविष्य बदलने वाली प्रतिभाओं में निखार आए और भावी प्रबंधक अधिक सफल बनें।

### स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी का तबादला वापस करने की मांग

**जेवर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जेवर में तैनात रहे स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी का तबादला किये जाने पर आशा वर्करों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर जेवर में पुनः तैनात किये जाने की मांग की है। आशा वर्करों का आरोप है कि कुछ किसान यूनियन के नेताओं के दबाव में आकर विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार राजोरिया का तबादला किया गया है। जबकि उनका व्यवहार आशा वर्करों के साथ काफी संतुलित रहा है। विधायक धीरेन्द्र सिंह को सौंपे ज्ञापन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी व सीएमओ को भी भेजी गई हैं।

# दिल्ली एयरपोर्ट व एयरलाइंस की तर्ज पर नोएडा एयरपोर्ट का लागू होगा अनुबंध

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए बनाई गई नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड कंपनी में शामिल प्रदेश सरकार व नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण को शेयर का आवंटन हो गया है। लखनऊ में नियाल चेयरमैन एवं मुख्य सचिव डीएस मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसे स्वीकृति दी गई। जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए प्रदेश सरकार ने नियाल का गठन किया था। इस कंपनी में प्रदेश सरकार के साथ नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण की हिस्सेदारी है। कंपनी में प्रदेश सरकार व नोएडा प्राधिकरण की 37.5-37.5 प्रतिशत एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 12.5-12.5 प्रतिशत अंशधारिता है। चारों के द्वारा नियाल को दी गई धनराशि के सापेक्ष शेयर आवंटित हुए हैं। इसमें प्रदेश सरकार व नोएडा प्राधिकरण को 31.86 करोड़-31.86 करोड़ के शेयर का आवंटन हुआ है। जबकि यमुना प्राधिकरण एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 10.60 करोड़-10.60 करोड़ रुपये के शेयर मिले हैं। प्रत्येक शेयर का मूल्य 100 रुपए है। नियाल सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि आइजीआई एयरपोर्ट व एयरलाइंस के बीच अनुबंध नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए भी लागू माने जाएंगे। एयरलाइंस कंपनी इसके अनुसार दोनों एयरपोर्ट से संचालन कर सकेंगी।

**नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. की हिस्सेदारी को लेकर निकाला रास्ता**

# बिल्डर-बायर्स मसला हल करने को लेकर शासन स्तर पर बनी सहमति

- अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लेकर लखनऊ में प्राधिकरण अधिकारियों व मुख्य सचिव के साथ हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिल्डर-बायर्स मसला हल करने के लिए बनी अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लेकर प्राधिकरण के अफसरों ने लखनऊ में उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया। अधिकतर सिफारिशों पर सहमति बनी है। हालांकि इनको लागू करने से पहले नीतियों में संशोधन होगा।

बिल्डर-बायर्स मसले को लेकर धरना प्रदर्शन होते रहते हैं। इस समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार ने अमिताभ कांत समिति गठित की थी। इसको लेकर समिति ने कई सिफारिशें की हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण ने पिछले हफ्ते लखनऊ में मुख्य सचिव के समक्ष दिया गया। बताया गया कि इन सिफारियों को किस तरह से लागू किया जाएगा। बैठक में अधिकतर सिफारिशों पर सहमित बन गई है।

बिल्डरों की परियोजनाएं अधूरी हैं। इनको पूरा करने में अभी और समय लगेगा। तीनों प्राधिकरण बिल्डरों को तीन साल का और समय देने के लिए तैयार हैं। इसके बदले कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। बकाया की गणना जून 2020 के बाद एसबीआई की एमसीएलआर दर से की जाएगी। कब्जा पा चुके खरीदारों रजिस्ट्री कराने पर भी चर्चा की गई। इसके लिए परियोजना में जितने टॉवर या उनके फ्लैट पूरे हो गए हैं, उतने हिस्से की ही सीसी जारी करने की तैयारी है। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण ने आवंटी अपने हिस्से की प्राधिकरण की बकाया राशि और बिल्डर की एनओसी लाकर रजिस्ट्री करा सकता है। यह फार्मूला भी अन्य प्राधिकरण में लागू करने की तैयारी है। प्राधिकरण जीरो पीरियड देने पर भी सहमत हो सकते हैं। अगर अधूरी परियोजना को बिल्डर सरेंडर करना चाहे तो वह भी विकल्प मिलेगा। इसके लिए नीतियों में संशोधन होगा।



## जिम्स में मेडिकल प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को दिलाई गई शव की शपथ

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एनाटॉमी विभाग ने मंगलवार को एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों को शव शपथ दिलाई। शव को किसी भी मेडिकल छात्र का पहला शिक्षक माना जाता है। कैडवेरिक शपथ एक प्रतिज्ञा है जो एक मेडिकल छात्र विच्छेदन हॉल में शव को छूने से पहले लेता है। शपथ में शव के साथ उचित व्यवहार करने, आत्मा को श्रद्धांजलि देने और युवा चिकित्सकों के मन में सहानुभूति के विचार को स्थापित करने पर जोर दिया गया है। इस शपथ लेने के बाद दान की गई मानव शवों पर विच्छेदन (व्यावहारिक कक्षाएं) शुरू होती हैं। किसी भी एमबीबीएस छात्र के लिए अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत में इस समारोह का हिस्सा बनना गर्व और विशेषाधिकार का क्षण है।

समारोह का आयोजन निदेशक, डॉ. (ब्रिगे.) राकेश गुप्ता की उपस्थिति में किया गया, जिसमें शरीर रचना विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. रंजना वर्मा, वरिष्ठ संकाय सदस्य, डॉ. पी.एस. मित्तल, डॉ. सी.डी. त्रिपाठी, डॉ. भारती भंडारी राठौड़, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. इजेन भट्टाचार्य और एनाटॉमी विभाग के सभी संकाय और कर्मचारी शामिल थे।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकली रथ यात्रा का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली भारत रथ यात्रा का उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व में देश की चारों दिशाओं से 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर पुरानी पेंशन बहाली भारत रथ यात्रा का शुभारंभ शिक्षक दिवस पर किया गया जो 3 अक्टूबर मंगलवार को बुलंदशहर से चलकर गौतम बुद्ध नगर के लुहारली टोल प्लाजा पर पहुंचा जहां सैकड़ों शिक्षकों के साथ नरेश कौशिक प्रांतीय ऑडिटर जिलामंत्री व विनोद नागर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में स्वागत राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र डबास, प्रदेश, प्रदेश कोषाध्यक्ष ठाकुर दास यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुज त्यागी का टोल पर सैकड़ो शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। टोल प्लाजा से पुरानी पेंशन बहाली भारत यात्रा का उच्च प्रावि. दादरी बी.आर.सी पर घनानंद शर्मा जिला उपाध्यक्ष की टीम द्वारा स्वागत व सभा उसके बाद यात्रा सी.डी.ओ ऑफिस सूरजपुर पहुंची जहां उसका स्वागत अम्बा प्रसाद अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष की टीम व सैकड़ो शिक्षकों ने भव्य तरीके से माला पहनाकर स्वागत किया इसके बाद रथ यात्रा पैदल मार्च करते हुए सूरजपुर पहुंची। इस दौरान रामचंद्र डबास वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि यह यात्रा




पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगी, जब तक सरकार हमारी पुरानी पेंशन योजना को बहाल नहीं कर देती। इस अवसर पर उदय शंकर शुक्ला अध्यक्ष बस्ती, संजीव शर्मा कार्य वाहक अध्यक्ष, नीरज चौबे महिला उपाध्यक्ष,मुनेश कुमारी जिला कोषाध्यक्ष, संजीव शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, दोरेन्दर राणा ब्लॉक मंत्री, घनानंद शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा,चौ. राजीव कुमार, परवेज आलम, गंगाराम शर्मा, नरेंद्र कुमार, सुनील भाटी, सतपाल भाटी ब्लॉक अध्यक्ष, बृजेश कुमार ब्लॉक मंत्री आदि मौजूद रहे।

## कला प्रदर्शनी में पहुंचे जिलाधिकारी कहा, सरकारी स्कूल के बच्चों में आ रहा है निखार

**दनकौर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा स्थित जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में मंगलवार से दो दिवसीय कला प्रदर्शनी की शुरुआत हुई है। इस कार्यक्रम में जिले भर के विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया है। जिसका बुधवार को समापन होगा। पहले दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और विशिष्ट अतिथि एमएस कॉलेज गाजियाबाद के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ. लाल रत्नाकर रहे। डायट प्राचार्य राज सिंह यादव ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय कला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में बेसिक ओर माध्यमिक के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की कला का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिससे आने वाली पीढ़ी में कला के प्रति रुचि निरंतर बढ़ती जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज सरकारी स्कूलों में बच्चों में शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र में निखार आ रहा है। बच्चों में कला के क्षेत्र में उनकी बनाई गई कला कृति



बहुत ही अद्भुत और प्रशंसनीय है। पहले दिन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं कैटलॉग वितरण कर किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कक्षा 1 से 12 तक विद्यालयों का समग्र शिक्षा अभियान के तहत शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को उनकी प्रतिभा के प्रदर्शन हेतु मंच डायट स्तर पर प्रदान किया जा रहा है। कला प्रदर्शनी में दूसरे दिन बुधवार को जनमानस को देखने के लिए प्रदर्शनी को देखने के लिए खोला जाएगा।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## जिला सेवायोजन की तरफ से आगामी 6 को लगेगा वृहद रोजगार मेला

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 6 अक्टूबर को जिला सेवायोजन कार्यालय गौतम बुद्ध नगर द्वारा प्रात: 10. 00 बजे से हाईरैंक विजिनेस स्कूल प्लॉट नंबर ए 42 सुशील मार्ग, इंस्टीट्यूशनल एरिया सेक्टर-62 नोएडा में बृहद हद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी संग प्रिय आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा उपस्थित होकर रोजगार के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यार्थी की आयु 18 से 30 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता बी.बी.ए, बी.सी.ए, एम.बी.ए, स्नातक, परास्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अत: उक्त पात्रता रखने वाले इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां आगामी 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अपने सभी दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

## एमिटी विवि ग्रेनो कैंपस में मनाया गया आईईईई दिवस

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में आईईईई का स्थापना दिवस मनाया गया। आईईईई इंजीनियर्स की दुनिया की सबसे बड़ी संस्था है, जिसके अंदर इंडस्ट्री और एकेडमिक दोनों तरह के लोग सदस्य हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के महानिदेशक डॉ. अजय राणा के संबोधन से हुआ, उन्होंने सभी छात्रों को आईईईई के बारे में बताया और सदस्य बनने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. राणा ने कहा कि आईईईई का उद्देश्य है मानवता के लिए तकनीकी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईईईई यूपी सेक्शन के वाइस चेयर और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मोहम्मद रिहान थे।



# डकैती डालने वाले बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क थाने पुलिस व पच्चीस हजार के इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से एक घायल हो गया। जिसको घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह बदमाश डकैती के मामले में करीब एक वर्ष से फरार चल रहा था। सोमवार रात को नॉलेज पार्क थाना पुलिस शारदा गोल चक्कर के पास जांच कर रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध पुलिस को दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने जांच के लिए रोका, लेकिन वह संदिग्ध नहीं रुके और उन लोगों ने अपनी मोटरसाइकिल को दौड़ा दिया। पुलिस ने जब उनका पीछा करने की कोशिश की तो उन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। उसकी



पहचान आजीब उर्फ अजीब के रूप में हुई, जो की बदायूं का रहने वाला है। वहीं उसके दूसरे साथी को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान पकड़ लिया। दूसरे बदमाश की पहचान अमरीश के रूप में हुई। आजीब एक शातिर किस्म का लुटेरा है जो अपने साथियों के साथ मिलकर 5 सितम्बर 2022 को बीटा टू थाना क्षेत्र के बीटा 2 सेक्टर में एक मर्चेंट नेवी ऑफिसर के यहां पर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान बदमाशों पूरे परिवार को बंधक बनाकर करीब ढाई लाख रुपए की नगदी, सोने चांदी के जेवरात व डॉलर की डकैती की थी। करीब 2 घंटे तक इन लोगों ने महिलाओं और छोटे बच्चों को गन पॉइंट पर रखकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था, हालांकि इस मामले में कुछ दिन बाद पुलिस की मुठभेड़ हुई थी और इसके साथी गिरफ्तार हुए थे। लेकिन यह पुलिस पर फायरिंग करने के बाद फरार हो गया था। इस मामले में आजीब पर 25000 का इनाम भी घोषित था। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर किस्म का बदमाश घायल अवस्था में पकड़ा गया है। जो मर्चेन्ट नेवी के घर में डकैती डाली थी, बदमाश के पास से एक मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस व सामान बरामद हुआ है।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम घंघोला, तहसील- सदर, जिला गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या- 535 में 0.1983 हे0 के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 85वीं बैठक में श्री शिवनाथ सिंह पुत्र खचेड़ू व श्रीमती बबीता पत्नी देवेन्द्र सिंह व श्रीमती राजेन्द्री देवी पत्नी दौलतराम व श्रीमती रती देवी पत्नी लीलूसिंह निवासी ग्राम के पक्ष में लिया गया है, जिसमें शिवनाथ सिंह की मृत्यु हो जाने के उपरान्त वारिसान/वसीयत के आधार पर श्री बनवारी, राजेन्द्र व श्रीमती राजेन्द्री पुत्र/पुत्री स्व० श्री शिवनाथ सिंह व श्रीमती शशी पत्नी श्री बनवारी निवासी ग्राम घंघोला तहसील सदर, जिला गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।
अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख विभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण के अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त)
विशेष कार्याधिकारी

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-डाढा की प्रस्तावित आबादी में आरक्षित क्षेत्रफल-530 वर्ग मीटर को आवंटित श्री रनवीर सिंह पुत्र श्री विहारी लाल, निवासी-डाढा, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री रनवीर सिंह पुत्र श्री विहारी लाल निवासी डाढा, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती श्री जितेन्द्र पाल सिंह पुत्र स्व० श्री धरम पाल सिंह, निवासी-फ्लैट नं0-102, एस०पी०ए० कोर्ट जे०पी० ग्रीन ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-570 पृष्ठ संख्या-39 से 58 पर कमांक 811 दिनांक 10.11.2020 को उप निबन्धक सदर जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में पर श्री जितेन्द्र पाल सिंह पुत्र स्व० श्री धरम पाल सिंह निवासी फ्लैट नं0-102, एस०पी०ए० कोर्ट जे०पी० ग्रीन ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 4 अक्टूबर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# जातिगत जनगणना से बदलेंगे सियासी समीकरण

बिहार में जातिगत जनगणना के सार्वजनिक किये गये आंकड़ों से देश का राजनैतिक परिदृश्य पूर्णत: बदल जाने का अनुमान है। इसका असर अति पिछड़े एवं पिछड़े वर्गों को लेकर होने वाले सियासी गणित पर तो पड़ेगा ही, विमर्श भी ध्रुवीकरण की बजाय सशक्तिकरण की राह पकड़ लेगा। अगर ऐसा होता है तो यह भारतीय जनता पार्टी के लिये सबसे बुरा समाचार साबित होने जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रिपोर्ट कार्ड इस मामले में बेहद खराब है। भाजपा का सबसे बड़ा नुकसान तो यह होगा कि उसका एक विशाल वोट बैंक उसकी झोली से सरक जायेगा। एकाध साल पहले की बात होती तो मामला दूसरा होता। तब 'मोदी नहीं तो कौन' का सवाल उठा दिया जाता था। अबकी ऐसा नहीं है। लगभग एक दशक तक कई उतार-चढ़ाव देखने के बाद कांग्रेस लय में लौट आई है और उसके साथ अन्य 27 दल दमदारी से खड़े हैं जिन्हें इस बदले हुए सियासी माहौल का फायदा इसलिये मिलेगा क्योंकि यह मांग (जातिगत जनगणना की) इसी कुनबे से आई है। दूसरी ओर भाजपा इसे नकारती रही है। जो भी हो, इस साल के 5 राज्यों के होने वाले विधानसभा चुनावों पर तो इसका असर पड़ेगा ही, बावजूद इसके कि ज्यादातर में भाजपा की स्थिति वैसे भी नाज़ुक है, लोकसभा-2024 का चुनावी विमर्श भी इसी के इर्द-गिर्द घूम सकता है।

बिहार में जातिगत जनगणना के निष्कर्ष गांधी जयंती पर बिहार सरकार द्वारा सार्वजनिक कर दिये गये। अनुमानों के काफी नज़दीक के निकले इन आंकड़ों ने बतलाया कि राज्य में 36 प्रतिशत अति पिछड़ा, 27 फीसदी पिछड़ा, 19.65 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 1.68 फीसद अनु. जनजाति के लोग हैं। यानी कि अति पिछड़ा व पिछड़ा वर्ग मिलकर 63 फीसदी हो जाते हैं। अगर उनमें अनु. जाति व अनु. जनजाति को मिलाया जाये तो यह आंकड़ा 84 फीसद हो जाता है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस एवं उसके सहयोगी तमाम दल 'जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी' के लिये आवाज़ उठाते आ रहे हैं। चूंकि कोविड-19 के चलते वर्ष 2021 में जनगणना नहीं हो सकी थी, इसलिये केन्द्र सरकार इसके आंकड़े उपलब्ध न होने के बहाने करती रही है। वैसे अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान और पिछले दिनों लोकसभा के सत्र में भी राहुल गांधी ने कहा था कि अगर मौजूदा सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर आरक्षण नहीं करती तो उनकी सरकार के आने पर ऐसा किया जायेगा। बिहार के नीतीश कुमार व तेजस्वी यादव की जनता दल यूनाइटेड-राष्ट्रीय जनता दल सरकार ने इस मामले पर लीड लेते हुए जातिगत जनगणना करा डाली।

इसका असर दूर तलक इसलिये जायेगा क्योंकि पिछड़े वर्ग ही एक तरह से भाजपा का मुख्य काडर है। अब उसकी अपेक्षा भाजपा से बढ़ेगी। चूंकि यह दल मनुवादी व्यवस्था से चलता है, जिसमें सवर्णों के अलावा अन्य जातियों के प्रति या तो प्रेम है ही नहीं अथवा है भी तो दिखावा मात्र। ऐसे वर्णों में गैर हिन्दू, दलित एवं पिछड़े वर्ग आते हैं, इसलिये भाजपा नेतृत्व के लिये यह सम्भव ही नहीं होगा कि वह ओबीसी को अधिकार सम्पन्न करेगी। इसकी कमान अब भी ऊंची जातियों के लोगों के हाथों में होने से वे ऐसा होने नहीं देंगे।

फिर, भाजपा की नकेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हाथों में होने से वह ऐसा कुछ भी करने की इज़ाज़त नहीं देगा जिससे उच्च वर्णों का महत्व कम हो। इस तरह देखें तो भाजपा जातिगत जनगणना के भंवर में फंसती नज़र आ रही है। भाजपा की दिक्कत यह है कि उसने केन्द्र में पिछले साढ़े नौ वर्षों के अपने शासनकाल में लोगों के सशक्तिकरण की दिशा में कुछ भी नहीं किया है। कहने को वह कुछ समय में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था या पांच ट्रिलियन इकानॉमी बनाने और 2047 तक दुनिया का इसे सबसे विकसित देश बनाने का दावा करती है लेकिन वास्तविकता यही है कि देश बदहाल है। लोगों की माली हालत बहुत खराब हो गई है। शासकीय नौकरियां निकल नहीं रही हैं और दिखावे के लिये मोदी जो थोड़े से नियुक्ति पत्र वर्चुअली बांटते हैं, वह ऊंट के मुंह में जीरा भी नहीं है। हर साल 2 करोड़ रोजगार देने के वादे के कहीं आसपास भी सरकार नहीं है और जनसंख्या में सबसे बड़ा वर्ग होने के नाते ओबीसी ही सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। एक-एक कर तमाम शासकीय उपक्रमों के होते निजीकरण ने नौकरियां ही खत्म कर दी हैं तो आरक्षण कहां से मिलेगा? भाजपा की आशंका यह भी हो सकती है कि अगर ओबीसी वर्ग को अपने हकों का एहसास हुआ तो वह रोजगार सृजित करने की मांग जोर-शोर से उठाएगा और भाजपा सरकार उसकी यह मांग पूरी न कर सकी तो उसका वोट बैंक उससे छिटक सकता है। अब यह मांग देशव्यापी भी हो सकती है क्योंकि अनेक ऐसे राज्य हैं जहां स्पष्टतया ओबीसी बहुमत में हैं। नीतीश कुमार ने एक तरह से लोगों के सामने पिटारा खोल दिया है और उसमें पड़े उपहार जनता को बांटने के लिये इंडिया गठबन्धन तैयार बैठा है।

इस जनगणना के जारी आंकड़ों से इंडिया का उत्साहित होना स्वाभाविक है। राहुल गांधी ने तो इसके सार्वजनिक होने के बाद दी प्रतिक्रिया में कहा है कि इसे क्रियान्वित करना उनका प्रण है। इसका संदेश अन्य राज्यों के ओबीसी वर्गों तक जायेगा। सामने मिल रहे तत्काल लाभ को छोड़कर वे न तो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकानॉमी बनने का इंतज़ार करेंगे न ही उसके 5 ट्रिलियन के आकार वाली अर्थव्यवस्था बनने का। स्वाभाविक है कि यह वर्ग 2047 का भी इंतज़ार नहीं करेगा। भाजपा संकट में है।

# बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश अब सारे देश में फैले

इस बार की गांधी जयंती खास रही। यह दिन गौतम बुद्ध के मुस्कुराने का दिन साबित हुआ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मुस्कुराने का भी दिन था। शाहू महाराज व महात्मा फुले भी मुस्कुरा उठे। बीपी मंडल, कर्पूरी ठाकुर, कांशीराम, वीपी सिंह के साथ हर उस व्यक्ति के मुस्कुराने का दिन था, जो समतामूलक समाज की कल्पना करते हैं और उसके आकांक्षी हैं। एक बहुत साहसिक कदम उठाकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो जातिगत जनगणना कराई और उसके आंकड़े सार्वजनिक किये उसका राजनैतिक से ज्यादा सामाजिक महत्व है। बेशक, उसका रास्ता सियासी गलियारों से होकर ही गुजरेगा। बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश पूरे देश में फैले- इसकी उम्मीद व कामना की जानी चाहिये। 'जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नैसर्गिक सिद्धांत पर आधारित इस निर्णय का अपना सामाजिक महत्व तो है, लेकिन इससे देश के राजनैतिक समीकरण भी बदलेंगे। प्रगतिशील सोच के साथ बढ़े इस कदम का वैसा ही प्रतिरोध हर उस कट्टर ताकतों द्वारा वैसा ही होगा जैसे समाज के हर सुधारों का अब तक पिछले 2500 वर्षों से होता आया है। बिहार सरकार को चाहिये कि जनसंख्या के अनुसार लोगों को उनका हक दिलाने के लिये आवश्यक कदम तत्काल उठाये और अन्य राज्यों को भी प्रेरणा दे।

'सामाजिक न्याय की भूमि' कहे जाने वाले बिहार के मुख्य सचिव द्वारा जारी किये गये आंकड़े पूरी भारतीय राजनीति में उथल-पुथल मचाने के लिये काफी हैं क्योंकि इससे ओबीसी को भारतीय समाज में अपने आकार व ताकत का अहसास होने जा रहा है। इन आंकड़ों में बताया गया है कि राज्य में ओबीसी की संख्या सर्वाधिक है। यह अनुमान पहले भी था लेकिन वह गणना के माध्यम से ही सिद्ध किया जा सकता था। इसलिये भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करती आई जबकि बिहार की जनता दल यूनाइटेड व राष्ट्रीय जनता दल गठबन्धन की सरकार (नीतीश व तेजस्वी यादव) इसके पक्ष में थे। पिछले दिनों बने संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूजिव एलाएंस) ने इसका समर्थन किया। राहुल गांधी ने इसके पक्ष में जोरदार आवाज उठाई। पिछले साल की सितम्बर के पहले हफ्ते से निकाली कन्याकुमारी से कश्मीर तक की चार हजार किलोमीटर की यात्रा के दौरान उन्होंने यह बात तो उठाई ही, बाद की तमाम सभाओं एवं वार्ताओं में भी वे आबादी के अनुसार हिस्सेदारी की वकालत करते रहे हैं। लोकसभा के भीतर अपने भाषण में उन्होंने जब यह आंकड़ा प्रस्तुत किया कि भारत सरकार के कुल 90 सचिवों में केवल तीन ही अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के हैं जो कुल बजट का मात्र 5 फीसदी ही नियंत्रित करते हैं, तो यह बात सबके लिये चौंकाने वाली थी और सत्ता पक्ष के पास इसका कोई



डॉ. दीपक पाचपोर

> राजनैतिक समीकरण तो पीछे चलकर आएंगे, इसका बड़ा असर पिछड़े व वंचितों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर होगा। सामाजिक न्याय का रास्ता इस तरह से प्रशस्त होगा कि नौकरियों में अधिक भागीदारी से पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण होगा तथा जिस समतामूलक समाज की कल्पना सुधारवादी नेताओं व महापुरुषों ने की थी, उसका मार्ग प्रशस्त होगा।

जवाब ही नहीं था। राहुल ने यह बात भी कही कि पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्गों के लिये नौकरियों में वाजिब तरीके से आरक्षण तत्काल लागू किया जाये जिससे उन्हें न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी चेतावनी दे रखी है कि अगर केन्द्र सरकार इसे लागू नहीं करती तो उनकी पार्टी सत्ता में आने पर कर देगी। चूंकि 2021 में कोविड के कारण जनगणना ही नहीं हुई है तो यह पता करना मुश्किल है कि ओबीसी कितने है। इसके लिये राहुल का कहना है कि 2011 की जनगणना के अनुसार ही इसे लागू कर दिया जाये।

राहुल की इस मांग के साथ उनकी पार्टी के अतिरिक्त पूरा इंडिया गठबन्धन खड़ा है। वैसे भी वर्तमान परिदृश्य में कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड बेहतर दिखाई दे रहा है क्योंकि उसके चार मुख्यमंत्रियों में से तीन ओबीसी वर्गों से हैं- छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल, राजस्थान के अशोक गहलोत और कर्नाटक के सिद्धारमैया। राहुल-नीतीश के इस दांव से भाजपा का परेशान होना स्वाभाविक है क्योंकि ओबीसी का एक बड़ा वर्ग पिछले कुछ समय से भाजपा का कोर वोट बैंक बना हुआ है जबकि नेतृत्व सवर्णों के हाथ में है या वर्ण व्यवस्था का समर्थक है जो उनका सशक्तिकरण कतई नहीं चाहेगा। उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इसे स्वीकार नहीं करेगा। दिखावे के लिये कर भी ले तो इसे यथार्थ के धरातल पर नहीं उतारेगा। अगर भाजपा शासित राज्यों में इसकी मांग उठती है और ओबीसी नये सिरे से देशव्यापी जातिगत जनगणना की मांग कर सकता है (जो करनी भी चाहिये), तो इसका परिणाम यह हो सकता है कि भाजपा से जुड़े ओबीसी समुदाय दूसरे उन दलों में जा सकते हैं जो उनके आरक्षण एवं सशक्तिकरण के समर्थक हैं। इसलिये भाजपा नेताओं का व्यथित होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो इसे इंडिया (उनकी शब्दावली में घमंडिया) की जाति-आधारित राजनीति करार दिया है जबकि खुद मोदी एक चुनावी सभा में यह कहकर वोट मांग चुके हैं कि 'जो इस प्रदेश में साहू है, वही गुजरात में मोदी है'। इसी नाम को लेकर उनके इशारे पर राहुल गांधी के खिलाफ पूरे मोदी समुदाय की अवमानना का मामला दर्ज कराया गया है जिसके चलते उनकी सांसदी छिन जाती है। यह अलग बात है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा पर रोक लगने से वह बहाल भी हो जाती है। भाजपा के मुखर सांसद गिरिराज सिंह ने इन आंकड़ों को भ्रम फैलाने फैलाने वाला कृत्य बताया जबकि सच्चाई यह है कि इससे सभी वर्गों के आंकड़ों सम्बन्धी भ्रम को दूर करने में मदद मिली है। बिहार में 1978 में कुल आरक्षण के भीतर 12 प्रतिशत अति पिछड़ों व 8 फीसदी पिछड़ों के लिये आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। 'आरक्षण में आरक्षण' का यह फार्मूला लोगों के विरोध का कारण बनता रहा है और इन्हें अदालतों में चुनौतियां भी मिलती रही हैं। बिहार ने रास्ता साफ कर दिया है जो कर्पूरी ठाकुर ने दिखाया था और अब नीतीश अन्य राज्यों को दिखला रहे हैं।

इस मामले में राजनैतिक समीकरण तो पीछे चलकर आएंगे, इसका बड़ा असर पिछड़े व वंचितों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर होगा। सामाजिक न्याय का रास्ता इस तरह से प्रशस्त होगा कि नौकरियों में अधिक भागीदारी से पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण होगा तथा जिस समतामूलक समाज की कल्पना सुधारवादी नेताओं व महापुरुषों ने की थी, उसका मार्ग प्रशस्त होगा। एक यह भी तर्क दिया जाता है कि अब सरकारी नौकरियां रह कहां गई हैं जो इतनी बड़ी संख्या में आरक्षण के हकदार लोगों को दी जा सकें, तो कहा जा सकता है कि पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का जब नौकरियों के लिये दबाव होगा तो सरकार को शासकीय सेवाओं में नौकरियां बढ़ानी पड़ेंगी। फिर इसके लिये चाहे नीतियों में बदलाव ही क्यों न करना पड़े। फिलहाल तो मोदी सरकार का रुझान निजीकरण की ओर है जिसके चलते उसके पास शासकीय उपक्रमों का मानव संसाधन घटाकर उन्हें घाटे में लाने का फार्मूला है। कम्पनियों को घाटे में लाकर उन्हें औने-पौने में अपने मित्र कारोबारियों को बेच देना ही भाजपा की औद्योगिक नीति है।

देखा जाए तो यह कदम एक बड़े वर्ग की सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक समझ में इज़ाफ़ा करने वाला साबित होगा। ओबीसी को यह समझ में आयेगा कि उसका इस्तेमाल भाजपा केवल सवर्णों की ताकत बढ़ाने एवं सवर्णों के हाथ में देश के सारे संसाधन सौंप देने का खेल करती आई है। नीतीश के इस कदम से ओबीसी के बल पर सामाजिक ध्रुवीकरण का भाजपायी दांव आगामी पांच विधानसभा चुनाव में तो नाकाम होगा ही, 2024 का लोकसभा चुनाव भी वह हार सकती है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# मायावती ने शुरू किया बड़ा अभियान, किसी गठबंधन से कोई संबंध नहीं

■ प्रदीप कपूर

पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, मायावती ने अब लोक सभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश में एक बड़ा अभियान शुरू किया है, यह स्पष्ट करने के बाद कि वह किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होंगी। आजकल वह जमीनी स्तर पर अपनी पार्टी को मजबूत करने में व्यस्त हैं।

राजनीतिक नेताओंऔर मीडियाकर्मियों के मन में व्याप्त संदेह दूर करने के लिए, मायावती ने बार-बार कहा है कि बसपा लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी, तथा वह न तो भाजपा नेतृत्व वाले राजग और न ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के साथ शामिल होगी और न ही रणनीतिगत तालमेल ही बिठायेगी।

> 2019 के चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के माध्यम से बसपा ने वर्तमान लोकसभा में अपनी सीटें शून्य से बढ़ाकर 10 कर लीं, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद, मायावती ने यह कहते हुए गठबंधन को भंग कर दिया कि समाजवादी पार्टी बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफल रही। सच तो यह है कि सपा से गठबंधन के कारण ही बसपा को मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिला।

मायावती ने आरोप लगाया कि एनडीए या इंडिया दोनों गठबंधन गरीब विरोधी, जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवाद समर्थक हैं इसलिए उनकी पार्टी उनके साथ हाथ नहीं मिलायेगी। मायावती ने उन ताकतों की भी निंदा की जो उन्हें भाजपा समर्थक बताने में लगे हुए थे क्योंकि उन्होंने इंडिया में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

गौरतलब है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिनों में लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन की उम्मीद के साथ मायावती या बसपा पर कोई भी प्रतिकूल टिप्पणी करने से परहेज किया है। केवल समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव ने बार-बार कहा कि बसपा तो भाजपा की ही बी टीम है।

मायावती जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी कैडर के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं और समन्वयकों को कम से कम 500 लोगों की भागीदारी के साथ प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किये हैं। इन शिविरों में पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवार के सदस्यों के भी शामिल होने की उम्मीद है। प्रशिक्षण शिविरों में केवल दलित समाज पर ध्यान केंद्रित करने और प्रतिभागियों को पार्टी की विचारधारा के बारे में शिक्षित करने के निर्देश जारी किये गये हैं। गौरतलब है कि बसपा का गठन 1984 में हुआ था और चुनाव में पार्टी की सफलता में प्रशिक्षण शिविरों ने अहम भूमिका निभाई थी।

मायावती ने पार्टी नेताओं से उन नेताओं तक पहुंचने को भी कहा है जिन्होंने पार्टी छोड़ दी है या निराश होकर घर बैठने का फैसला किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर उन्हें पार्टी उम्मीदवारों के लिए काम करने के लिए प्रेरित करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

2019 के चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के माध्यम से बसपा ने वर्तमान लोकसभा में अपनी सीटें शून्य से बढ़ाकर 10 कर लीं, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद, मायावती ने यह कहते हुए गठबंधन को भंग कर दिया कि समाजवादी पार्टी बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफल रही। सच तो यह है कि सपा से गठबंधन के कारण ही बसपा को मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिला।

लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग में मायावती ने बढ़त बना ली है। पार्टी नेताओं और समन्वयकों की कई बैठकें हुई हैं, जो विचार-मंथन सत्र में शामिल हुए हैं, जिसमें मायावती के भतीजे आकाश भी शामिल हैं, जो अपनी चाची के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

मायावती अब चुनाव जीतने के लिए दलित समाज, पिछड़ों और मुस्लिम समुदाय पर निर्भर हैं। एक समय में ब्राह्मण चेहरा और पार्टी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले सतीश मिश्र अब महत्वपूर्ण नहीं रहे। उन्होंने शक्तिशाली ब्राह्मण समुदाय को एकजुट करने के लिए भाईचारा बैठकें आयोजित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसने 2007 में अपने दम पर पार्टी को यूपी में सत्ता में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## पावन प्रसंग

# अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती

अहिंसा की दृष्टि विराट है। उसमें संकीर्णता की जरा भी गुंजाइश नहीं है। यह तो गंगा की उस विमल विशाल धारा के सदृश्य मुक्त व स्वतंत्र है। उसे बंधनप्रिय नहीं है। यदि अहिंसा को किसी प्रांत, भाषा, पंथ या सम्प्रदाय की परिधि में बंद कर दिया गया तो उसकी वही स्थिति वही होगी, जो समुद्र के जल को किसी गड्ढे में बंद कर देने पर होती है। यह तो विश्व का सर्वमान्य सिद्धांत है। अहिंसा का सिद्धांत अनोखा सिद्धांत है। इतने बड़े पैमाने पर विशेष कर इतनी बड़ी शक्ति के हाथों अंग्रेजों से स्वराज प्राप्त करने में उसका उपयोग और भी अनोखा था।

अहिंसा का क्षेत्र काफी विस्तृत है वह विश्वव्यापी है। यह मानवता का उज्जवल प्रतीक है। इसके द्वारा ही जैन समाज की सारी व्यवस्थायें व प्रवृत्तियां युगों युगों से सुचारू रूप से चली आ रही है। अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती है। वह तो वीरता सिखलाती है। अहिंसा वीरों का धर्म है अहिंसा का स्वर है। मानव तो अपनी स्वार्थ लिप्सा में डूबकर दूसरों के अधिकार को न छीनो किसी देश या समाज के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप मत करो। किसी भी समस्या को शांतिपूर्वक समझाने का प्रयास करो और शांति के लिए तुम अपना बलिदान अवश्य दो। किंतु अपनी स्वार्थ एवं वासनापूर्ति के लिए किसी को मत लूटो। इस पर ही यदि समस्या का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है और देश जाति और धर्म की रक्षा करना अनिवार्य हो तो उस स्थिति में वीरता परक कदम उठा सकते हो।

अहिंसा के नाम पर कायर बनकर मुंह छिपाकर मत बैठो। अहिंसा यह कभी नहीं कहती कि मानव अन्याय को सहन करो क्योंकि जैसे अन्याय करना स्वयं में पाप है। वैसे ही अन्याय को कायर होकर सहन करना भी एक महापाप है। वह अहिंसा क्या है जिसमें अन्याय के प्रतिकार की शक्ति नहीं है। देश की आजादी को सुरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। वह अहिंसा अहिंसा नहीं है वह तो नाम मात्र की अहिंसा है।

श्रमण संस्कृति के भगवान महावीर ने क्रांति की अलख जगाई, गांव-गांव घूमकर मानव समाज को अहिंसा और प्रेम का संदेश सुनाया। महावीर के समसामयिक महात्मा बुद्ध भी एक युग पुरुष थे। बुद्ध समाज की बुराईयों के साथ लड़े थे। संघर्ष किया था। करुणामूर्ति ईसा मसीह भी एक बहुत बड़ी शक्ति थे। विश्व को प्रेम और क्षमा का अमर संदेश प्रदान करते हुए कहा 'यदि दुश्मन तुम्हारे एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल भी आगे कर दो। गांधी जी ने अंग्रेजों का सामना किया एक बहुत बड़ी शक्ति के साथ लड़े थे, पर अहिंसक बनकर लड़े। मानवीय जीवन के जितने भी क्षेत्र व विषय हैं उन सब में अहिंसा का प्रवेश है। सभी क्षेत्र अहिंसा की क्रीड़ा भूमि है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# मातृशक्ति वंदन में ही गांधी जी का अभिनंदन!

हर साल 2 अक्टूबर को हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को याद करते हैं। ये दिन हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की सीख देता है। इस वर्ष गांधी जयंती का दिन इस लिहाज से अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि भारतीय संसद ने इस बार 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' पारित कर नारी सशक्तिकरण की दिशा में मिसाल कायम की है। गांधीजी के जीवन में मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा है और उन्होंने विधायिका में महिला भागीदारी बढ़ाने की आवाज़ कई बार बुलंद की थी। दरअसल महात्मा गांधी अपनी पीढ़ी के उन चुनिंदा शख्सियत में से एक थे, जिन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका को उस वक्त पहचाना जब कांग्रेस के अंदर महिला भागीदारी और सवालों को लेकर कोई स्पष्ट रूपरेखा नहीं थी। 1931 में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में महात्मा गांधीजी ने विधायिका में महिला आरक्षण के पक्ष में कहा था कि, 'मैं उस विधायिका का बहिष्कार करूंगा, जिसमें महिला सदस्यों की उचित हिस्सेदारी नहीं होगी।' गांधीजी के इस विचार से हम समझ सकते हैं कि सामाजिक जीवन में महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर औपनिवेशिक काल में गांधी जी कितने मुखर थे।

महात्मा गांधी जी के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डालते हैं, तो हम पाते हैं कि सुकरात और लियो टॉलस्टॉय का जितना असर उनके व्यक्तित्व पर था उससे कहीं अधिक वो अपनी माता पुतलीबाई, पत्नी कस्तूरबा सहित हर उस खास और आम स्त्रियों से प्रभावित थे। जो आज़ादी के आंदोलन में उनके आस-पास थीं। कहीं न कहीं यही वजह थी कि उन्हें समाज में महिलाओं की दिशा और दशा का भलीभांति ज्ञान था। गांधीजी अक्सर कहते थे कि, 'महिला-पुरुष की संयुक्त साझेदारी के बिना महिला सशक्तिकरण संभव नहीं है।' उनके अनुसार, यह साझेदारी आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक स्तर पर महिलाओं को मजबूत बनाये बिना संभव नहीं है और यह आज का सुखद आश्चर्य है कि प्रधानमंत्री मोदी इन सभी पहलुओं पर मातृशक्ति को मजबूत बनाने में अनवरत प्रयास कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जन धन योजना के माध्यम से मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत महिलाओं को घर की चाबी सौंपकर महिलाओं को आर्थिक अधिकार दिलाया। तीन तलाक से निजात दिलाकर मुस्लिम महिलाओं के जीवन में नई उमंग और सामाजिक समरसता का बीजारोपण किया। स्वच्छता अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया कि घर और समाज को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं की नहीं, अपितु पुरुषों का भी इसमें योगदान होना चाहिए। बेटी-पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना ने लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। 9.6 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाकर महिलाओं के जीवन पर छाए संकट के बादल को न सिर्फ दूर किया गया, बल्कि उनके जीवन में नया उजाला लाने का प्रयास हुआ ताकि महिलाएं भी बेहतर और सुरक्षित जीवनयापन कर सकें।

'लैंगिक न्याय' की जो परिकल्पना गांधी जी ने आज़ादी के पूर्व की थी। उसे मूर्तरूप देने का काम आज़ादी के अमृतकाल में किया गया। ऐसे में नि:संदेह जब भारत देश अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा तो मातृशक्ति के उस महोत्सव में पूरी भागीदारी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एजुकेशन, इम्पलायमेंट एवं एम्पावरमेंट को आधार बनाकर विकास की मुख्यधारा में महिलाओं को लाने का कार्य किया है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कमतर नहीं नजर आती हैं। चंद्रयान की सफलता में भी नारी शक्ति का अहम योगदान रहा। तभी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का श्रेय भारत की नारी शक्ति को दिया और राष्ट्र को एक नई पहचान प्रदान करने के लिए उनके समर्पण और बलिदान की सराहना की। इतना ही नहीं उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक को इसरो की महिला वैज्ञानिकों के साथ-साथ संपूर्ण महिला वैज्ञानिक समुदाय के लिए कृतज्ञ राष्ट्र का उपहार बताया। जो यह दर्शाता है कि वर्तमान समय में नारी शक्ति के स्वाभिमान को कितना महत्व दिया जा रहा है।

महात्मा गांधी जी ने महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों की जो लड़ाई आज़ादी के पूर्व शुरू की थी। वह वर्तमान में छायादार वृक्ष बनकर फलीभूत हो रही है और अब महिला आरक्षण के लागू होने के पश्चात महिलाएं सिर ऊंचा कर संसद में अपना उचित प्रतिनिधित्व कर पाएंगी।

**- सोनम लववंशी, स्वतंत्र लेखिका एवं शोधार्थी**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## अमेरिका में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका के यूटा राज्य में रविवार रात एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई। ग्रैंड काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, पूर्वी यूटा के मोआब शहर के कैन्यनलैंड्स क्षेत्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद छोटा विमान एक सुदूर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शेरिफ कार्यालय ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, दुख की बात है कि विमान के पायलट, उत्तरी डकोटा राज्य के सीनेटर डौग लार्सन, उनकी पत्नी और उनके दो बच्चे दुर्घटना में जीवित नहीं बचे।



# राष्ट्रपति पद की अगली बहस के लिए केवल चार उम्मीदवार चाहते हैं रामास्वामी

**वाशिंगटन,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी की टीम ने रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) से पार्टी के अगले राष्ट्रपति पद के लिए 8 नवंबर को मियामी में होने वाली बहस के लिए उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने के लिए कहा है। सीबीएस न्यूज के मुताबिक? आरएनसी अध्यक्ष रोना मैकडैनियल को लिखे पत्र में, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने पार्टी से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अलावा केवल शीर्ष चार उम्मीदवारों को बहस के मंच पर अनुमति देने के लिए कहा है। रामास्वामी के अभियान के सीईओ बेन योहो ने पत्र में लिखा, नवंबर में एक और बेकार बहस कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा, सफलता की न्यूनतम संभावना वाले उम्मीदवारों का शोर-शराबा होता है, जबकि प्रबल दावेदार उसी मंच के केंद्र से



■ भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक है विवके रामास्वामी
■ 8 नवम्बर को मियामी में होगी बहस

अनुपस्थित होते हैं, तो मतदाताओं की अच्छी तरह से सेवा नहीं की जाती है। योहो ने उम्मीदवारों को अपने प्रतिस्पर्धियों को जवाब देने के लिए अधिक समय देने और एकल बहस मॉडरेटर के लिए भी अनुरोध किया जो बहस के नियमों को लागू करने में सक्षम हों और उम्मीदवारों को एक-दूसरे पर अंधाधुंध चिल्लाने से बचा सकें। सितंबर में आखिरी प्राथमिक बहस में रामास्वामी, दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर निक्की हेली, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी और नॉर्थ डकोटा के गवर्नर डौग बर्गम सहित सात उम्मीदवार थे। आरएनसी के अनुसार, तीसरी बहस के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए, उम्मीदवारों को दो राष्ट्रीय चुनावों या एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण और प्रारंभिक मतदान वाले राज्यों में दो राज्य-व्यापी सर्वेक्षणों में न्यूनतम 4 प्रतिशत समर्थन दर्ज करना होगा, और यह भी दिखाना होगा कि उनके पास है कम से कम 70,000 अद्वितीय दाता।

## पाकिस्तान में लगातार टीकाकरण से पोलियो के मामलों में गिरावट : काकर

**इस्लामाबाद,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने कहा कि उनके देश में जोरदार प्रयासों और निरंतर टीकाकरण अभियान के बीच पोलियो के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है।

श्री काकर ने राष्ट्रीय कार्य की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पाकिस्तान में 2022 में 20 मामलों की तुलना में 2023 में पोलियो वायरस के दो मामले सामने आए, जिसका मुख्य कारण राष्ट्रीय स्तर पर पोलियो विरोधी अभियान जारी रखना और साथ ही पोलियो उन्मूलन के लिए सोमवार उच्च टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान देश से इस गंभीर बीमारी के पूर्ण उन्मूलन तक प्रयास जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में एक विशेष पोलियो विरोधी अभियान की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने समाज के हर वर्ग से पोलियो उन्मूलन में



भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि देश के बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और विद्वानों सहित सभी को भाग लेने की जरूरत है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा, विनियम और समन्वय मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान ने सोमवार को दक्षिण एशियाई देश में 4.3 करोड़ से अधिक बच्चों तक पहुंचने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी पोलियो उन्मूलन अभियान शुरू किया।

## धोखाधड़ी के मुकदमे का सामना करने को कोर्ट में पेश हुए ट्रम्प

**न्यूयॉर्क।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को न्यूयॉर्क की एक अदालत में उपस्थित हुए, जहां उन पर ट्रंप संगठन के माध्यम से की गई कथित धोखाधड़ी के लिए मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स द्वारा लाया गए मामले में ट्रम्प पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। अटॉर्नी जनरल का कहना है कि ट्रम्प, उनके बेटों और उनके पारिवारिक व्यवसाय ने उनकी संपत्ति को दो बिलियन डॉलर से अधिक बढ़ा दिया, ताकि वे बैंकों से अनुकूल शर्तों पर लाभ हासिल कर सकें। जज एंगोरोन ने पिछले हफ्ते फैसला सुनाया कि ट्रम्प और सह-प्रतिवादी सिविल मामले में धोखाधड़ी के लिए उत्तरदायी हैं। सोमवार को अदालत से बाहर निकलते ट्रंप ने कहा, चुनाव को देखते हुए यह उनके खिलाफ साजिश है। यह पूरी तरह से अवैध है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 4 अक्टूबर, 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 6

### राशिफल

मेष -पारिवारिक और ऑफिस के मैटर्स पर आप सामंजस्य रखेंगे, तो संघर्ष कम होगा। वाणी पर संयम रखना हितकर होगा, अन्यथा किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। मित्रों से लाभ प्राप्त होगा।

वृषभ -दृढ़ विचारों के कारण अपने काम को अच्छी तरह से कर सकेंगे। आपकी कलात्मकता अधिक निखरेगी। आप नए वस्त्र, अलंकार, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे। परिवार में शांति और मेल-जोल बना रहेगा।

मिथुन -आपकी वाणी और व्यवहार से किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ भी व्यवहार में सावधानी रखनी पड़ेगी। दुर्घटना या बीमारी से बचना होगा। आपकी प्रतिष्ठा में कलंक लग सकता है।

कर्क -आज कोई नया काम शुरू करने और आर्थिक योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। व्यापार में लाभ हो सकता है। नौकरी करने वालों को पदोन्नति मिल सकती है। आय में वृद्धि होने से संतोष और खुशी का अनुभव करेंगे।

सिंह -आपके व्यवसाय के लिए आज का दिन बहुत अच्छा और श्रेष्ठ है। आज हर काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। अधिकारियों की आप पर कृपादृष्टि रहेगी। आज लोगों पर इंप्रेशन जमा पाएंगे। पिता की ओर से लाभ के संकेत है।

कन्या -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सगे-संबंधियों के साथ यात्रा का आयोजन हो सकता है। मित्रों से लाभ हो सकता है। किसी धार्मिक कार्य तथा धार्मिक यात्रा में व्यस्त रहेंगे। विदेश में रहनेवाले परिजनों के समाचार से आनंद होगा।

तुला -आज आप नए काम की शुरुआत ना ही करें। भाषा और व्यवहार पर संयम रखने से आपको लाभ होगा। गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। तबियत का ध्यान रखें। ज्योतिष विद्या और धार्मिक काम आपको आकर्षित करेंगे।

वृश्चिक -आज आपका दिन कुछ अलग तरीके से गुजरेगा। खुद के लिए आप समय निकाल सकेंगे। दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती, मनोरंजन, पर्यटन तथा भोजन आदि से आप बहुत आनंदित रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

धनु -नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा और लाभदायक लग रहा है। आपको वित्तीय लाभ हो सकता है। सहकर्मी और सेवकों से सहायता मिलेगी। सभी काम में सफलता और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मकर -जो लोग कला और साहित्य में रुचि रखते हैं, वे अपनी प्रतिभा अच्छी तरह प्रदर्शित कर सकेंगे।सृजनशक्ति और रचनात्मकता को अच्छी तरह लोगों के समक्ष पेश कर सकेंगे। प्रिय व्यक्ति के प्रणय के रोमांच का अनुभव कर सकेंगे।

कुंभ -आप अत्यधिक भावुक बनेंगे, इस कारण भय का अनुभव होगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह से बना सकेंगे। माता की तरफ से आपको लाभ होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। आपका स्वभाव अधिक जिद्दी हो सकता है।

मीन -आज का दिन काम में सफलता पाने और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अनुकूल है। आपके विचारों में स्थिरता रहेगी। सभी काम अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे। कलाकार अपनी कुशलता अच्छी तरह प्रस्तुत कर सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नाइजीरिया में संदिग्ध जिहादियों के हमले में 29 सैनिकों की मौत

**नियामी**, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। नाइजीरिया में 26 सितंबर से 02 अक्टूबर के बीच संदिग्ध जिहादियों के हमलों में 29 सैनिक मारे गए और दो अन्य घायल हो गए है। नाइजीरिया के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, 26 सितंबर से 02 अक्टूबर तक नाइजर के रक्षा और सुरक्षा बलों ने माली के साथ सीमा पर एक अभियान चलाया। वापसी में ताबाटोल के उत्तर-पूर्व में सौ से अधिक आतंकवादियों द्वारा एक इकाई पर हमला किया गया। हमले में तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों और बम वाले वाहनों का इस्तेमाल किया था। नाइजीरियाई प्रसारक आरटीएन पर एक बयान में मंत्रालय ने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमारी तरफ से 29 सैनिक शहीद हो गए और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। कई आतंकवादी मारे गए, 15 मोटरसाइकिलें नष्ट हो गईं और दुश्मन की तरफ से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई को नाइजर में तख्तापलट हुआ और राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को जनरल अब्दौरहमाने त्चियानी के नेतृत्व में उनके ही गार्ड ने अपदस्थ कर दिया और हिरासत में ले लिया। पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (ईसीओडब्ल्यूएस) ने तख्तापलट के बाद, नाइजर के साथ सभी सहयोग निलंबित कर दिए और विद्रोहियों द्वारा श्री बज़ौम को बहाल नहीं करने पर सैन्य हस्तक्षेप की धमकी दी।

## बीजिंग अमेरिकी सीनेटरों का स्वागत करने के लिए तैयार

**बीजिंग,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीजिंग अगले सप्ताह चीन की यात्रा पर आने वाले अमेरिकी सीनेटरों के समूह का स्वागत करता है और उम्मीद करता है कि उनके प्रवास से द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वाशिंगटन में चीनी दूतावास के प्रवक्ता लियू पेंग्यू ने यह जानकारी दी। श्री लियू ने सोमवार को एक बयान में कहा, बीजिंग अमेरिका के सदस्यों का चीन की यात्रा पर आने का स्वागत करता है। दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जा सके और चीन-अमेरिका के संबंधों में अधिक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जा सके। इससे पहले, अमेरिकी सीनेटर माइक क्रापो के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि सीनेटरों का एक द्विदलीय समूह अगले सप्ताह चीन की यात्रा करेगा, हालांकि, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक की अभी तक पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया




अगले सप्ताह चीन की यात्रा पर आएंगे अमेरिकी सीनेटर

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीनेटर अमेरिकी माइक्रोचिप कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी को चीन में काम करने में आ रही समस्याओं को श्री शी के सामने उठाना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि मई में, चीन के साइबरस्पेस प्रशासन ने घोषणा की कि माइक्रोन टेक्नोलॉजी को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पाए जाने के बाद महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा ऑपरेटरों को बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, चीन का साइबर सुरक्षा प्रशासन वर्तमान में अमेरिकी सेमीकंडक्टर कंपनी की जांच कर रहा है।

## रूस के लूना-25 मिशन की दोषपूर्ण वेग माप के कारण दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका

**मास्को,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूसी अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने मंगलवार को कहा कि आशंका है कि देश के लूना-25 चंद्रमा लैंडर मिशन के दुर्घटनाग्रस्त होने का सबसे बड़ी वजह कोणीय वेग माप इकाई का गलत संचालन है। रोस्कोस्मोस ने एक बयान में कहा, लूना-25 दुर्घटना का सबसे संभावित कारण ऑन-बोर्ड नियंत्रण परिसर की असामान्य कार्यप्रणाली थी, जो संभावित प्रविष्टि के कारण बीआईयूएस-एल डिवाइस (कोणीय वेग माप इकाई) में एक्सेलेरोमीटर इकाई को चालू करने में विफलता से जुड़ा था। डिवाइस द्वारा उनके निष्पादन के लिए अलग-अलग प्राथमिकताओं वाले कमांड को एक डेटा सरणी में रखा जाएगा। बयान के अनुसार, ऐसे डेटा सेट में कमांड का वितरण यादृच्छिक या दूसरे शब्दों में संभाव्य है। बयान में कहा गया, इसकी वजह से, ऑन-बोर्ड कंट्रोल कॉम्प्लेक्स को बीआईयूएस-एल डिवाइस के एक्सेलेरोमीटर से शून्य सिग्नल प्राप्त हुए।



इससे सुधारात्मक आवेग जारी करते समय, आवश्यक गति तक पहुंचने के क्षण की पहचान करने और अंतरिक्ष यान को समय पर बंद करने की अनुमति नहीं मिली। प्रणोदन प्रणाली, जिसके परिणामस्वरूप एक अस्थायी सेटिंग के अनुसार इसका शटडाउन हुआ। अंतरिक्ष निगम ने यह भी कहा कि अंतरविभागीय आयोग दुर्घटना के कारणों की पहचान पर अपना काम पूरा कर रहा है और भविष्य में इसी तरह के मुद्दों को रोकने के लिए सिफारिशें तैयार की गई हैं। लूना-25, लगभग 50 वर्षों में पहला रूसी चंद्र मिशन और रूस के गठन से पहले सोवियत संघ के दौरान- इतिहास में पहला, 11 अगस्त को रूस के वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से सोयुज-2.1बी वाहक रॉकेट के जरिये रवाना हुआ था।

## अमेरिका में अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण 14 को

**न्यूयॉर्क,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में बी आर अंबेडकर की 19 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण 14 अक्टूबर किया जाएगा। इसका नाम स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी रखा गया है। आयोजकों के अनुसार, व्हाइट हाउस से 21 मील दूर एकोकेक शहर में 13 एकड़ भूमि पर स्?थापित प्रतिमा हाल ही में हैदराबाद में अनावरण की गई दुनिया की सबसे बड़ी 125 फीट की अंबेडकर प्रतिमा के समान है। अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (एआईसी) के अनुसार, यह भारत के बाहर अंबेडकर की सबसे बड़ी प्रतिमा है, और



संयुक्त राज्य अमेरिका में संगठन की पहली अंबेडकर मेमोरियल परियोजना का हिस्सा है। एआईसी ने एक बयान में कहा, हम समानता, मानवाधिकार और सशक्तिकरण में डॉ. अंबेडकर के योगदान का सम्मान करते हैं। यह प्रतिमा प्रसिद्ध मूर्तिकार, पद्म श्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता राम सुतार द्वारा तैयार की गई है, जिन्होंने अहमदाबाद में सबसे ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा भी बनाई थी।

## आज का इतिहास

1824-मेक्सिको एक गणराज्य बना।

1857-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं लेखक श्यामजी कृष्ण वर्मा का जन्म।

1927-भारतीय प्रशासनिक सेवा में भारत की दूसरी महिला अधिकारी तथा मध्य प्रदेश की भूतपूर्व राज्यपाल सरला ग्रेवाल का जन्म।

1963-क्यूबा और हैती में चक्रवाती तूफान 'फ्लोरा' से छह हजार लोग मरे।

1977-भारत के विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को हिंदी में संबोधित किया। हिंदी में दिया गया यह पहला संबोधन था।

1996-पाकिस्तान के 16 वर्षीय बल्लेबाज़ शाहिद अफ़रीदी ने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में 37 गेंदों में शतक बनाकर विश्व कीर्तिमान रचा।

2000-चांग चून शियुंग ताइवान के नये प्रधानमंत्री बने।

2002-पाकिस्तान में शाहीन प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण किया गया।

2005-बाली बम कांड में दो संदिग्ध व्यक्ति गिरफ़्तार।

2006-जूलियन असांजे ने विकीलीक्स की स्थापना की।

2008-अमेरिका की विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस एक दिन के लिए भारत यात्रा पर रहीं।

2011-अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के मुखिया अबू बकर अल बगदादी को वैश्विक आतंकवादी के रूप में चिन्हित किया और साथ ही उस पर एक करोड़ डॉलर का ईनाम भी रखा।

2012-फॉर्मूला वन के बादशाह माइकल शूमाकर ने संन्यास लिया।

2015-भारतीय फिल्म निर्देशक एवं निर्माता इदिदा नागेश्वर राव का निधन।

2021-भूतपूर्व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निजी सचिव शक्ति सिन्हा का निधन।

**बयान** इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने जानकारी दी

# लीबिया के तट से 271 अवैध प्रवासियों को बचाया गया

**त्रिपोली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। लीबिया के तट से पिछले सप्ताह करीब 271 अवैध प्रवासियों को बचाया गया। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने सोमवार को यह जानकारी दी। आईओएम के बयान के अनुसार, 25 महिलाओं और 23 बच्चों सहित प्रवासियों को बचाया गया और वे 24 से 30 सितंबर के बीच लीबिया लौट आए, साथ ही चार शव भी मिले।**

आईओएम ने खुलासा किया कि इस साल अब तक कुल 11,736 अवैध प्रवासियों को बचाया गया और लीबिया वापस भेजा गया। आईओएम के मुताबिक कि लीबिया के तट से दूर मध्य भूमध्य मार्ग पर प्रवासियों में से करीब 925 की मौत हो गई और 1,168 लापता हो गए। गौरतलब है कि 2022 में करीब 24,684 अवैध प्रवासियों को बचाया गया और लीबिया वापस भेजा गया था जबकि लीबिया के तट के रास्ते में लगभग 529 लोगों की मौत हो गई



और 848 लापता हो गए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में दिवंगत नेता मुअम्मर गद्दाफी के शासन के पतन के बाद से, असुरक्षा और अराजकता ने लीबिया को उन प्रवासियों के लिए एक लोकप्रिय पारगमन बिंदु बना दिया है, जिनमें ज्यादातर अफ्रीकी हैं, जो भूमध्य सागर को पार करके यूरोपीय तटों तक जाने का प्रयास कर रहे हैं।

## संभावित प्रवासी आगमन के लिए तैयारी कर रहा फिनलैंड

**हेलसिंकी।** फिनलैंड ने देश में प्रवासियों के संभावित आगमन की तैयारी के लिए एलएटीयू 23 नाम से पांच दिवसीय संयुक्त तैयारी अभ्यास शुरू किया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सोमवार को फिनिश बॉर्डर गार्ड के हवाले से कहा कि यूरोपीय सीमा और तट रक्षक एजेंसी , यूरोपीय संघ एसाइलम एजेंसी और एस्टोनियाई पुलिस और बॉर्डर गार्ड के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि विभिन्न फिनिश सरकारी एजेंसियों के साथ अभ्यास में भाग ले रहे हैं। जुलाई 2022 में, फ़िनलैंड की संसद ने देश के सीमा कानूनों में बदलाव को मंजूरी दी थी।

## सुडोकू 6336

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | 3 | 2 | |
| | | 2 | | 7 | | | 8 | 1 |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| | | | 8 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | 7 | | 1 | | | 3 |
| | | 9 | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | 6 | 8 |
| 6 | 1 | | | 4 | | 7 | | |
| | 7 | 3 | | | | | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6336

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. विशेषता (उर्दू)
३. नाकामी
५. चिड़चिड़ा, निराश, मूर्ख
६. प्रविष्टि, प्रवेश (उर्दू)
७. घिसना, घर्षण करना
८. डर पैदा करने वाला
१३. जयशंकर प्रसाद की एक रचना
१५. कमल
१६. विलुप्त, गायब, अंतर्धान
१७. अधीर, बेचैन (उर्दू)
१८. आगे बढ़ना, विकास, तरक्की
२०. कोयल, आम का बौर
२२. मदिरालय
२३. इकहरे बदन का, चुस्त, फुर्तीला

**ऊपर से नीचे:-**

१. कुल, वंश (उर्दू)
२. लाभ के अनुसार
३. बांटने वाला
४. डांट-फटकार करना, झिड़कना
५. अगस्त्य मुनि, द्रोणाचार्य, घड़े से उत्पन्न
९. नीतिनुसार
१०. बराबरी
११. निकट
१२. सियासत
१४. असीमित
१७. पत्नी (उर्दू)
१९. साक्षी (उर्दू)
२०. श्याम, कृष्णवर्ण, स्याह
२१. भालू

### वर्ग पहेली-6335

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मं | त्र | २ मु | ग्ध | ■ | ■ | ३ ग | ण | ४ प | ति |
| द | ■ | गा | ■ | ५ अ | क | ड़ | ■ | थ | ■ |
| ६ हा | सि | ल | ■ | ल्ह | ■ | ७ ब | ल | रा | म |
| स | ■ | ८ ता | ९ ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | व | |
| ■ | १० छा | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ११ श | ■ | १२ प्र |
| १३ बे | न | का | ब | ■ | १४ अ | ■ | १५ नि | य | ति |
| ■ | वी | ■ | १६ स | ह | यो | गी | ■ | ■ | नि |
| १७ रौ | न | क | ■ | ■ | ग्य | ■ | १८ उ | १९ पा | धि |
| श | ■ | ■ | २० ब | र | ता | २१ व | ■ | र्थि | ■ |
| २२ न | पा | तु | ला | ■ | ■ | २३ न | व | व | धू |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### चीन ने तूफान कोइनू के लिए येलो अलर्ट किया जारी

**बीजिंग,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने मंगलवार सुबह शक्तिशाली तूफान कोइनु के लिए येलो अलर्ट जारी किया। इस साल के 14वें तूफान के कारण देश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में आंधी आने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। मौसम केन्द्र ने बताया कि मंगलवार सुबह पांच बजे 20.2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 125.2 डिग्री पूर्वी देशांतर पर आए तूफान के 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है। केन्द्र के अनुसार शक्तिशाली तूफान के कारण चीन में ताइवान द्वीप के दक्षिणी भाग के तटीय क्षेत्रों में भूस्खलन के आसार हैं और बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक इस तूफान की तीव्रता धीरे-धीरे कम होते हुए पश्चिम की ओर बढ़ने अनुमान हैं। केंद्र ने स्थानीय अधिकारियों से तूफान आने पर आपातकालीन प्रतिक्रिया उपाय तैयार करने और संभावित बाढ़ और भूवैज्ञानिक आपदाओं के लिए हाई अलर्ट पर रहने का आग्रह किया।

# प्रादेशिकी

## सरकार ने 1,844 कोरोना आउटसोर्स कर्मचारियों को किया बाहर: शर्मा

**शिमला,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा की प्रदेश सरकार ने 1,844 कोरोना आउटसोर्स कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इन कर्मचारियों को ईमेल के अलावा बर्खास्तगी के ऑर्डर घर भेजे गए हैं। क्या यह इस सरकार के तुगलकी फरमानों का एक भाग है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस सरकार के पास दिल नाम की कोई चीज नहीं है मानवता को यह बहुत पीछे छोड़ आई है। श्री शर्मा ने कहा कि पत्र में इन कर्मचारियों को अस्पताल में नहीं आने के लिए कहा गया है। कोरोना काल के दौरान इन कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। कोरोना वार्ड के अलावा अस्पतालों की ओपीडी में इनकी नियुक्ति की गई थी।

# देहरादून में 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन, अमिताभ बच्चन होंगे ब्रांड एंबेसडर

**देहरादून,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। देहरादून में 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक 6वीं विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस सम्मेलन का आयोजन उत्तराखंड सरकार की ओर से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेसवार्ता कर कहा कि सम्मेलन उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण हैदराबाद और उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यू-कॉस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत द्वारा जी-20 की सफल अध्यक्षता की गयी। नवम्बर माह इस वार्षिक अध्यक्षता का अन्तिम चरण है। इस जी-20 सम्मेलन में डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (डी.आर.आर.) एक महत्वपूर्ण विषय के रूप में वैश्विक विमर्श में शामिल किया गया। इस दृष्टि से नवम्बर माह के अंत में देहरादून, उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाला यह 16वां विश्व आपदा प्रबन्धन सम्मेलन और भी महत्वपूर्ण है। हम जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हैं।

इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह एवं आपदा प्रबन्धन मंत्री अमित शाह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, परमाणु ऊर्जा आयोग के प्रमुखों,



**सम्मेलन उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण हैदराबाद और उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यू-कॉस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा: पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के साथ-साथ विश्व के प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधियों, संयुक्त राष्ट्र संघ, देश-विदेश के जलवायु विशेषज्ञों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। पद्म विभूषित व सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इस 6वें विश्व आपदा प्रबन्धन सम्मेलन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में सहभागी होंगे। अमिताभ बच्चन के इस सम्मेलन के साथ जुड़ने से आपदा प्रबन्धन की गंभीरता व विशेष रूप से उत्तराखण्ड राज्य और हिमालयी क्षेत्रों की आपदा से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए विश्व स्तर पर किये जा रहे चिन्तन व प्रयासों को और गति मिलेगी। जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोध्यता एक बहुत महत्वपूर्ण विषय हैं। वर्तमान समय में भारतवर्ष एवं विशेष रूप से हिमालयी राज्यों में इनके महत्व को देखते हुए आपदा प्रबन्धन के इस वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 6वें विश्व सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोध की चुनौतियों पर चर्चा करना एवं उनका समाधान करना है।

## जेल विकास बोर्ड की पहली बैठक, बंदियों की न्यूनतम मजदूरी दरों को बढ़ाने का निर्णय

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में जेल विकास बोर्ड की पहली बैठक में कारागारों में श्रम में नियोजित बन्दियों की न्यूनतम मजदूरी दरों को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। दैनिक पारिश्रमिक कुशल के लिए 67 रूपए से बढ़ाकर 85 रूपए, अर्द्धकुशल के लिए 52 रूपए से बढ़ाकर 65 रूपए और अकुशल के लिए 44 रूपये से बढ़ाकर 55 रूपए करने का निर्णय लिया गया। राज्य के सभी कारागारों में बेकरी यूनिट की स्थापना की जायेगी। 2 फरवरी 2023 को जिला कारागार देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बेकरी यूनिट का शुभारंभ किया गया, इसके अच्छे परिणाम आने के बाद यह निर्णय लिया गया। बैठक में सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में अच्छी नस्ल की 10 गाय क्रय करने पर सहमति बनी। सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में शिविर की 5 बीघा भूमि पर विभिन्न प्रजाति के फलदार तथा औषधीय पौधों की पौधशाला की स्थापना के लिए बैठक में सहमति बनी।

# सिरसा में मांगों को लेकर किसानों का सड़कों पर प्रदर्शन

**सिरसा,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा जिले में भारतीय किसान एकता (बीकेई) के बैनर तले जिलेभर के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम किसान शहीद भगत सिंह स्टेडियम में एकत्रित हुए। किसानों ने लखीमपुर खीरी में शहीद हुए किसानों व डा. स्वामीनाथन को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद यहां से प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त सिरसा को मांग पत्र सौंपा।



भारतीय किसान एकता के अध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानी आंदोलन में शहीद हुए सभी किसान शहीदों की कुर्बानी सदा याद रखी जाएगी। लखविंद्र सिंह औलख ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। सभी विभाग किसानों को प्रताड़ित कर रहे हैं। रबी 2022-23 में ओलावृष्टि से सिरसा जिले के कई गांवों की गेहूं, जौ, सरसों सहित कई फसलें प्रभावित हुई थी, उनका भी अभी तक बीमा क्लेम जारी नहीं किया गया है। हरियाणा सरकार किसानों से पोर्टल-पोर्टल खेल रही है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल 28 सितंबर को तीन दिन के लिए खोला गया था, लेकिन पोर्टल में दिक्कत होने की वजह से कोई भी किसान अपनी फसल रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाया। नरमे की फसल गुलाबी सुंडी से बर्बाद हो चुकी है, जिसके चलते किसानों ने अपनी फसल का नुकसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाना था, लेकिन मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन न होने की वजह से वह भी दर्ज नहीं हो पाएगा। अनाज मंडियों में किसानों की फसल खरीदते समय कटौती के नाम पर लूट हो रही है। प्रशासन कुंभकर्णी नींद सो रहा है। एमआई काडा विभाग ने पानी की डिग्गियों की पेमेंट लंबे समय से रोक रखी है। सोलर सिस्टम के लिए 2 सालों से किसानों ने पैसे भर रखे हैं, उसका भी अभी कोई अता-पता नहीं है। बिजली विभाग ट्यूबवैलों की सिक्योरिटी बढ़ाकर मीटर के नाम पर किसानों से 8500 लूटने का काम कर रहा है। बीमा कंपनी व बैंक बीमा क्लेम देने की बजाय बीमा प्रीमियम वापस कर रहे हैं। औलख ने बताया कि भारत में वर्ष 2007 में बीटी कॉटन के ट्रायल लगाये गये थे, जोकि 2008-09 में किसानों को बीटी बीज बिजाई के लिए दिया गया था, 16 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी बीटी कॉटन का सुधार नहीं किया गया है।

## सार संक्षेप

### जयपुर में एक शख्स ने कार के ऊपर खड़े होकर हवा में नोट उड़ाए

**जयपुर।** जयपुर की सड़कों का लोकप्रिय वेब सीरीज 'मनी हाइस्ट' की याद दिलाने वाला एक सीन इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। कार के ऊपर खड़े एक युवक ने हवा में जमकर नोट उड़ाए। जहां रील लाइफ में एक्टर अनिल कपूर नोट (नगदी) जलाते नजर आए थे, वहीं रियल लाइफ में युवक लोगों के बीच नोट फेंक रहा था, जिसे लोग खुलेआम लूट रहे थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अपने चेहरे को नकाब से ढके हुए व्यक्ति को एक मॉल के सामने लोगों पर नोट बरसाते हुए देखा गया, जिसे पकड़ने वाले लोगों के कारण ट्रैफिक जाम हो गया। उधर, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। युवक 20 मिनट तक बीच-बीच में 20 रुपए के नोट हवा में उड़ाता रहा। लोगों ने इस घटना को अपने मोबाइल में भी कैद कर लिया। जीटी मार्केट के पास खुली चौकी पर तैनात किसी भी पुलिसकर्मी ने युवक के बारे में जानकारी लेने की कोशिश नहीं की। इसके बाद युवक अपनी कार में बैठकर वहां से चला गया। डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव के मुताबिक, जवाहर सर्किल एसएचओ को वीडियो मामले की जांच करने के लिए कहा गया है।

### हिमाचल में होटलों और होम स्टे में 20 फीसदी तक छूट: कश्यप

**शिमला।** हिमाचल की ओर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने चयनित होटलों में कमरों की बुकिंग पर 20 फीसदी छूट की अवधि 31 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। प्रदेश के निजी होटलों और होम स्टे संचालकों ने भी अक्तूबर माह के लिए कमरों की एडवांस बुकिंग पर 30 से 50 फीसदी छूट का एलान कर दिया है। हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के बाद बड़ी संख्या में सैलानी हिमाचल की जगह कश्मीर का रुख कर रहे थे। सैलानियों को हिमाचल के पर्यटन स्थलों की ओर आकर्षित करने के लिए ऑफर जारी किए गए हैं।

अक्तूबर माह में दुर्गा पूजा के दौरान सैलानियों की संख्या बढ़नी की उम्मीद है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि आकर्षक ऑफर मिलने पर लोग हिमाचल का रुख करेंगे। ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद ने बताया कि हिमाचल में सैलानियों को आकर्षित करने को कमरों की बुकिंग पर होटल संचालक 30 फीसदी तक छूट दे रहे हैं। कई होम स्टे संचालक कमरे की बुकिंग के साथ मुफ्त ब्रेकफास्ट और डिनर ऑफर कर रहे हैं। नारकंडा हाटू स्थित अज्ञात वास के संचालक प्रताप चौहान ने बताया कि सैलानियों को एडवांस बुकिंग पर 25 से 30 फीसदी तक छूट दी जा रही है।

### सुडोकू 6336 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 |

# पंजाब सरकार का 182.10 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य

**चमकौर साहिब,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 182.10 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखते हुए औपचारिक रूप से राज्यव्यापी खरीद शुरू की। साथ ही खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले के विभाग को सुचारू और परेशानी मुक्त खरीद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



मुख्यमंत्री ने किसानों के साथ बातचीत करते हुए कहा, 'हम किसानों का एक-एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध हैं और राज्य के इतिहास में पहली बार पहले ही दिन से उठान शुरू हो गया है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि पूरी प्रक्रिया के डिजिटलीकरण के साथ खरीद, उठान और भुगतान एक ही दिन किया जाएगा। उन्होंने एक बटन दबाकर नई डिजिटल भुगतान पहल की भी शुरुआत की और एक किसान को धान का भुगतान किया। मान ने किसानों से पूसा-44 और धान की अन्य संबंधित किस्मों की खेती बंद करने का आग्रह करते हुए कहा कि इन किस्मों की खेती बंद की जानी चाहिए और राज्य सरकार ने पहले ही अगले सीजन से इन किस्मों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला कर लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी की अधिक खपत करने वाली ये किस्में कटाई में अधिकतम समय लेती हैं और शानदार तरीके से पराली पैदा करती हैं। मान ने कहा कि ट्रकों में जीपीएस जैसी अल्ट्राटेक तकनीक के इस्तेमाल से लिफ्टिंग की समस्या हल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मानदंडों में ढील के बाद 654 नए चावल 'शेलर्स' ने परिचालन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ मुआवजे का वितरण शुरू हो चुका है और एक-एक पैसे की क्षति का भुगतान सरकार करेगी। उन्होंने बताया कि बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार के पास राज्य आपदा कोष में पर्याप्त धनराशि है। धान की खरीद शुरू होने से पहले ही पंजाब को धान सीजन के लिए 37,000 करोड़ रुपये की कैश क्रेडिट सीमा मिल चुकी है। किसानों से पराली जलाने की प्रथा बंद करने का आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल अवशेषों के इन-सीटू और एक्स-सीटू प्रबंधन के लिए किसानों को नए उपकरण दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही ईंट-भट्ठों को ईंधन के रूप में पराली का उपयोग करने के साथ-साथ अन्य संयंत्रों को किसानों से पराली खरीदने के लिए अनिवार्य कर दिया है।

# बाल आयोग द्वारा जालंधर में तीन बच्चियों की हत्या की निंदा

**चंडीगढ़,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब राज्य बाल अधिकार रक्षा आयोग के अध्यक्ष कंवरदीप ने जालंधर ज़िले में माता-पिता द्वारा आर्थिक तंगी के कारण अपनी तीन मासूम छोटी बच्चियों को ज़हर देकर मारने सम्बन्धी घटी दुखद घटना की निंदा की है। इस घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए अध्यक्ष कंवरदीप सिंह ने कहा कि मासूम बालिकाओं का कत्ल करना बहुत बुरी घटना है और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए जिससे भविष्य में कोई इस तरह का जुर्म न करे। उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से मुझे बहुत ठेस पहुंची है। कंवरदीप सिंह ने लोगों से अपील की कि जो माता-पिता आर्थिक तंगी के कारण बच्चों का पालन-पोषण नहीं कर सकते हैं वे बच्चों को जान से न मारें, बल्कि उन्हें बाल कल्याण कमेटियों को दे जिससे बच्चों की कीमती जानें बचाई जा सकें। उन्होंने कहा कि बच्चे समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं, यह बच्चे बड़े होकर देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार की तरफ से बच्चों की भलाई के लिए कानून बनाये गए हैं और बच्चों के ख़िलाफ किसी किस्म का अपराध करने और कानून अनुसार सख़्त से सख़्त सज़ाएं देने का उपबंध है। इसके इलावा जुवेनायल जस्टिस केयर एंड प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन एक्ट, 2015 की धारा 35 के अंतर्गत यह भी उपबंध किया गया है कि जो माता-पिता अपने बच्चों की देखभाल नहीं कर सकते, वह अपने बच्चों को बाल कल्याण कमेटियों में सरंडर कर सकते हैं जिससे बच्चों की जान बच सके। उन्होंने कहा कि हर ज़िले में बाल कल्याण कमेटियों के इलावा बाल सुरक्षा यूनिट बने हुए हैं। बच्चों को सरंडर करने सम्बन्धी माता-पिता चाइलड हेल्प लाईन नंबर 1098 पर फ़ोन करके सूचना दे सकते हैं। माता-पिता बच्चों के पालन-पोषण की असमर्थता ज़ाहिर करते हुए नवजात या उससे बड़े बच्चों को बाल कल्याण कमेटियों को सौंप सकते हैं।



**मासूम बालिकाओं का कत्ल करना बहुत बुरी घटना है और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए जिससे भविष्य में कोई इस तरह का जुर्म न करे: कंवरदीप सिंह**

## गहलोत ने दी जयपुर, बीकानेर, अजमेर एवं जैसलमेर में बनेंगे पैनोरमा

**जयपुर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और महापुरूषों के जीवन आदर्शों से नई पीढ़ी को अवगत कराने के लिए पैनोरमा तैयार करा रही है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चार जिलों में पैनोरमा निर्माण के लिए 18 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। श्री गहलोत की स्वीकृति से जयपुर में स्वामी आत्मारामजी लक्ष्य पैनोरमा, बीकानेर में राव बीकाजी पैनोरमा बनेगा। इनमें 4-4 करोड़ रुपए की लागत आएगी। साथ ही, अजमेर में पृथ्वीराज चौहान पैनोरमा तथा जैसलमेर के पोकरण में इंदिरा महाशक्ति भारत पैनोरमा का निर्माण होगा। इनमें 5-5 करोड़ रुपए व्यय होंगे। सभी कार्य पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन विकास कोष से करवाए जाएंगे। इन पैनोरमा में स्वामी आत्माराम जी, पृथ्वीराज चौहान तथा राव बीकाजी के व्यक्तित्व एवं भारत के स्वर्णिम इतिहास के बारे में नई पीढ़ी को जानकारी मिलेगी। इससे वे महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेने के साथ ही गौरवशाली इतिहास एवं संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में बजट 2023-24 में घोषणा की



# सिंह ने लिया नरमे की फसल की खराबी का जायजा

**सिरसा,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार की ओर से नरमा की फसल के नुकसान का आंकलन करके उचित मुआवजा दिया जाएगा ताकि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जा सके। यह बात हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने मंगलवार को रानियां हलके के गांवों का दौरा कर नरमा की फसल में सफेद मक्खी व गुलाबी सुंडी से हुई खराबी का निरीक्षण करते हुए कही। इस दौरान सिरसा के उपायुक्त पार्थ गुप्ता भी उनके साथ उपस्थित रहे। बिजली मंत्री ने रानियां हलके के गांव पंजुआना, शेखुपुरिया, फतेहपुरिया, जोधपुरिया, खारियां आदि गांवों के खेतों में पहुंच कर नरमे की फसल में हुए नुकसान का जायजा लिया। बिजली मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार सिरसा जिला के गांवों में नरमा की फसल में हुए नुकसान का सर्वे करवा कर जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाएगा। किसानों की खुशहाली में ही प्रदेश और राष्ट्र की खुशहाली निहित है, इसलिए खेती और किसान हरियाणा सरकार की नीतियों के केंद्र में हैं।



बिजली मंत्री ने कहा कि फसल नुकसान का ब्यौरा अपलोड करने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल पर खोल दिया गया है, किसान अपनी फसल नुकसान का ब्यौरा जल्द से जल्द पोर्टल पर दर्ज करवाएं ताकि किसानों के नुकसान की भरपाई की जा सके। भाजपा सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है और किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान का मुआवजा देकर उनको आर्थिक सहयोग देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने कृषि विकास को बढ़ावा देने और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उर्वरक, बीज और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी प्रदान करने के साथ-साथ सरकार ने मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ाने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। सरकार फसलों के तैयार होने से लेकर बाजार में उसकी बिक्री तक किसानों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवा रही है।

## विशेष सुविधाओं वाली एम्बुलेंस 'निकू ऑन व्हील्स' की शुरुआत

**अमृतसर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। श्री गुरु राम दास यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज में मंगलवार को एमबीबीएस छात्रों के 2023 बैच के लिए एक सफेद कोट समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर छोटे बच्चों के लिए विशेष सुविधाओं (ट्रांसपोर्ट वेंटिलेटर, ट्रांसपोर्ट वेंटिलेटर, ऑक्सीजन, इन्फ्यूजन पंप) के साथ एक एम्बुलेंस 'निकू ऑन व्हील्स' भी शुरू की।

150 नये प्रवेशकों को तीन सप्ताह लंबे 'फाउंडेशन कोर्स' के पूरा होने के बाद उनके सफेद कोट पहनाए गए, जिसे राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने नए एमबीबीएस योग्यता-आधारित पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में पेश किया था। श्री गुरु राम दास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, अमृतसर की निदेशक प्रिंसिपल डॉ अनुपमा महाजन द्वारा उन्हें चिकित्सा पेशे, उनके साथियों और वरिष्ठों और उनके रोगियों के प्रति उनके कर्तव्य के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा करते हुए पारंपरिक हिप्पोक्रेटिक शपथ भी दिलाई गई। शपथ के बाद, डॉ महाजन ने छात्रों के एक समूह को मोमबत्ती की रोशनी दी, जिन्होंने इसे बाकी लोगों को दिया, जो उनके भविष्य के पेशेवर करियर में सहयोगात्मक शिक्षा का प्रतीक था।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति और श्री गुरु राम दास चैरिटेबल हॉस्पिटल ट्रस्ट के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि छात्रों को चिकित्सा पेशे में शामिल करने के लिए व्हाइट कोट समारोह प्रचलन में है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा शुरू किए गए नए योग्यता-आधारित पाठ्यक्रम में व्यावसायिकता और नैतिकता पर जोर दिया गया है।

# महत्वाकांक्षी सुख-आश्रय योजना की मंगलवार को औपचारिक शुरआत

**शिमला,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। हिमाचल सरकार की महत्वाकांक्षी सुख-आश्रय योजना की मंगलवार को औपचारिक शुरूआत हो गई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रिज पर आयोजित कार्यक्रम में योजना की शुरूआत की। योजना की शुरूआत के साथ ही हिमाचल अनाथ बच्चों की मदद के लिए कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने योजना के तहत रिज पर पात्र बच्चों को 4.68 करोड़ के वित्तीय लाभ वितरित किए। उन्होंने पहले चरण में 10 वीं कक्षा में उम्दा प्रदर्शन करने वाले 30 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए। योजना के दूसरे चरण में 10 वीं व 12वीं कक्षाओं के 268 बच्चों को लैपटॉप प्रदान किए जोंगे।



योजना की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सुखाश्रय के तहत उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे 48 अनाथ बच्चों को फीस और छात्रावास व्यय के रूप में 15.52 लाख रुपये तथा मासिक व्यय के रूप में 11.52 लाख रुपए शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 17 अनाथ बच्चों को 7.02 लाख रुपए फीस तथा 4.08 लाख रुपए मासिक व्यय का वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री ने फोस्टर केयर के अन्तर्गत 1106 लाभार्थियों को 2.65 करोड़ रुपए के वित्तीय लाभ हस्तांतरित किए। इसके अतिरिक्त बाल देखभाल संस्थानों के 12वीं कक्षा के 30 मेधावी छात्रों को 10वीं कक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए लैपटॉप प्रदान किए गए। उन्होंने लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए तीन लाभार्थियों को छह लाख रुपए का आवंटन भी किया।

सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य में अनाथ एवं अन्य वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इसी रिज मैदान पर शपथ लेने के बाद वे बतौर मुख्यमंत्री सचिवालय के बजाय टुटीकंडी स्थित बालिका आश्रम पहुंचे और वहीं उन्हें इन वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस तरह की योजना का विचार आया। उन्होंने कहा कि विभिन्न वित्तीय चुनौतियों और और हाल ही में आई आपदा के बावजूद प्रदेश सरकार ने इस योजना को आरंभ करने का अपना संकल्प पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुख.आश्रय योजना के अन्तर्गत नए चिन्हित किए गए लगभग 2700 अनाथ बच्चे जो कि अपने रिश्तेदारों के साथ रह रहे हैं ,उन्हें भी 27 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक 4000 रुपए मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन बच्चों के संरक्षण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और इस योजना में मातृत्व देखभाल की आवश्यकता वाले प्रत्येक बच्चे के लिए एक परिचारिका का भी प्रावधान किया गया है और प्रत्येक बढ़ते तीन बच्चों के लिए एक मैट्रन का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि योजना के अन्तर्गत अनाथ बच्चों को वार्षिक आधार पर 15 दिवसीय अध्ययन भ्रमण करवाया जाएगा। भ्रमण के दौरान उन्हें तीन सितारा होटलों में ठहराने सहित उनकी हवाई यात्रा तथा अन्य व्यय प्रदेश सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को 10 हज़ार रुपये वस्त्र भत्ताए 500 रुपये उत्सव अनुदान और 2 लाख रुपये विवाह अनुदान का भी प्रावधान है। उच्च शिक्षा के लिए यह बच्चे एक लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं और उन्हें 4000 रुपये प्रतिमाह जेब खर्च भी दिया जाएगा।

## भाजपा ने किया हिमाचल का बेड़ा गर्क: सुक्खू

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के दौरान हिमाचल प्रदेश का बेड़ा गर्क हुआ है। इसके अलावा भाजपा ने व्यवस्था का भी सियापा पीट दिया है। श्री सुक्खू ने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान हिमाचल प्रदेश में अव्यवस्था का माहौल रहा। उन्होंने कहा कि हमीरपुर स्थित कर्मचारी चयन आयोग में भर्तियों में धांधली हुई। इन मामलों में 65 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार इसकी हर एंगल से जांच कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नई भर्तियों के लिए राज्य चयन आयोग का गठन हो चुका है। वहीं, कोरोना काल के दौरान सेवा देने वाले कोविड वॉरियर्स की सेवाएं समाप्त करने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कर्मचारियों को किसी नीति के तहत नहीं रखा गया था। सरकार कानूनी पहलुओं की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि कानूनी पहलुओं की जांच करने के बाद उनकी सेवाओं के बारे में सोचा जाएगा।

# प्रादेशिकी

## रूपेश गुप्ता ने निषाद पार्टी जिला अध्यक्ष अनिल कश्यप का किया स्वागत

**फर्रुखाबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने निषाद पार्टी फर्रुखाबाद के दूसरी बार नियुक्त किए गए कर्मठ एवं जुझारू जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप का पार्टी कार्यालय पर जिला समिति सदस्यों की उपस्थिति में चांदी का मुकुट, माला एवं शाल उड़ाकर सम्मान किया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप का मुंह मीठा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा की निषाद पार्टी का एक एक कार्यकर्ता भाजपा के साथ है और भाजपा भी उनके साथ सदैव है। अनिल कश्यप बहुत ही ईमानदार एवं समाज के लिए सदैव समर्पित रहने वाले व्यक्ति हैं। इसी समर्पण को देखते हुए उनकी पार्टी ने एक बार पुनः समाज की सेवा की जिम्मेदारी उन्हे दी है।

# कुशीनगर में स्थापित होगा कृषि विवि : योगी

**लखनऊ/गोरखपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि के माध्यम से हमारे किसान अपना जीविकोपार्जन करने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था में भी सहयोग करते हैं। इसी दिशा में हम पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए कुशीनगर में एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करने जा रही है। इसके लिए धनराशि स्वकृति हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार कृषि को उत्तम रोजगार का साधन बना रही है। इसके माध्यम से पलायन कर रहे



**पलायन कर रहे किसानों को हम फिर से खेती से जोड़ रहे हैं : योगी आदित्यनाथ**

■ **मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम को किया संबोधित**

किसानों को हम फिर से खेती से जोड़ा रहे हैं। योगी ने मंगलवार को महायोगी कृषि विज्ञान केंद्र में विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार की मंशा है कि प्रदेश के किसानों को कृषि संबंधित सभी प्रकार की जानकारी एक ही केंद्र में प्राप्त हो।

इस दिशा में कृषि विज्ञान केंद्र बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में देश की बागडोर संभालते ही सबसे पहला कार्य किसानों के लिए किया। इसके लिए उन्होंने देश के किसानों को फ्री में स्वाइल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और लागत का डेढ़ गुना दाम हर किसान को मिल रहा है। साथ ही दो करोड़ 62 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से सालाना छह हजार रुपए देकर उन्हें संबल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एक तरफ जहां खेती को किसानों के जीवन के परिवर्तन का माध्यम बनाया है। वहीं दूसरी तरफ फूड प्रोसेसिंग के जरिए युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रही है। योगी ने कहा कि भारतीय मनीषा ने प्राचीन काल से इस बात को स्वीकारा है कि उत्तम स्वास्थ्य हमेशा समृद्धि का माध्यम बनता है। इस दिशा में कार्य करते हुए हमारी सरकार प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। इससे किसानों को केमिकल, फर्टिलाइजर और पेप्टीसाइट से मुक्ति मिलेगी। इसके अलावा उनके धन की बचत होने के साथ ही बीमारियों से बचाव भी होगा। कार्यक्रम में योगी ने एक दिवसीय किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन करके उसका अवलोकन किया।

## मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में क्लस्टर में भी दिए गए आवास

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और निर्देशन में उत्तर प्रदेश में बेघरों को घर देने का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। गरीबों और बेघरों को उनका अपना पक्का घर होने के सपनों को साकार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण में तो 36लाख से अधिक आवासों का आवंटन किया ही गया है लेकिन जिनके लिए किसी का ध्यान नहीं गया था, और जिनका नाम भी प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण की सूची में नहीं था, ऐसे लोगों को पक्का आवास देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2018 में मुख्यमंत्री आवास योजना -ग्रामीण संचालित की गई। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित, कुष्ठरोग आदि से प्रभावित, तथा वनटांगिया, मुसहर, कोल, सहरिया एवं थारू एवं नट, चेरो, पछइया, लोहार/गढ़इया, बैगा एवं दिव्यांगजन के आवास विहीन या कच्चे/जर्जर आवास में निवास कर रहे परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। योजना के आरम्भ से वर्ष 2022-23 तक इस योजना में 161900 आवास आवंटित किए गए, जिसमें से 1लाख 53 हजार से अधिक आवास पूर्ण हो गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में वर्ष 2023-24 में 95533 आवासों का आवंटन किया गया है, इनमें से 65हजार से अधिक आवास दिव्यांगजनो को आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना -ग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में दिव्यांगजन पहले सम्मिलित नहीं हो पाये थे, उप मुख्यमंत्री मौर्य की पहल व प्रयासों के फलस्वरूप दिव्यांगजनो को प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित कराया गया।खास बात यह है कि मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में गरीबों को क्लस्टर में भी आवास दिए गए हैं। प्रदेश के जनपदों, लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, बलरामपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात एवं सोनभद्र में क्लस्टर में आवास बनाये गये हैं, जिनमें सीसी रोड, इन्टरलाकिग, पेयजल, सोलर लाइट, खेल मैदान आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि क्लस्टर में कानपुर देहात में 63बांग्लादेशी विस्थापित परिवारों को आवास दिए गए हैं। कानपुर नगर में मार्ग दुर्घटना के शिकार 19परिवारो को इस योजना का लाभ मिला है, जनपद सोनभद्र में बड़ी संख्या में क्लस्टर में घर बनाये जा रहे हैं। बलरामपुर में राप्ती नदी के कटान से बुरी तरह प्रभावित 66 विस्थापित परिवारों को क्लस्टर में आवास बनवाकर आधारभूत सुविधाएं दी गई हैं।

# उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल का डेमो पेश करेगी सरकार

**लखनऊ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। परिषदीय स्कूलों को अपग्रेड करने के लिए योगी सरकार बड़े पैमाने पर अभियान चला रही है। 57 जनपदों में सरकार अत्याधुनिक सुविधा युक्त मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की शुरुआत करने जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश की राजधानी लखनऊ और बाराबंकी के मुख्य मार्गों पर अवस्थित 10 विद्यालयों को भी अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है। इन विद्यालयों को योगी सरकार डेमो विद्यालय के रूप में विकसित करेगी, ताकि विभिन्न राज्यों और विदेश से लखनऊ आने वाले प्रतिनिधियों और मेहमानों को प्रदेश की बेहतर शिक्षा व्यवस्था और विकास से परिचित कराया जा सके। प्रस्ताव के अनुसार, स्थलीय परीक्षण एवं प्रेरणा पोर्टल पर जियो टैग तकनीक के आधार पर गैप एनालिसिस कर इन विद्यालयों का चयन किया जाएगा।

■ **लखनऊ व बाराबंकी में 10 परिषदीय विद्यालयों को डेमो विद्यालय के तौर पर किया जाएगा अपग्रेड**

उल्लेखनीय है कि हाल ही में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने स्वयं लखनऊ और बाराबंकी मुख्य मार्ग पर विद्यालयों को चिन्हित कर उन्हें अपग्रेड किए जाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग पूरे प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों को अपडेट करने में जुट गया है। लखनऊ और बाराबंकी में भी जल्द ही प्रस्ताव पर अमल की शुरुआत हो सकती है। महानिदेश स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के अनुसार, यह विद्यालय स्ट्रीमिंग और डेमॉन्सट्रेशन के लिए होंगे। लखनऊ में जो लोग आते हैं, उन्हें इसके माध्यम से दिखाया जाएगा कि राज्य शिक्षा नीति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्या होती है और उसे स्कूलों में कैसे लागू किया जाता है। इसके माध्यम से एक्सीलेंट लर्निंग और लर्निंग बाय डूईंग जैसे यूनीक कांसेप्ट को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही इसके प्रशिक्षण का भी आइडिया है। इस प्रोजेक्ट को इसी वर्ष शुरू किया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार, जनपदों द्वारा किए गए गैप एनालिसिस के आधार पर 10 परिषदीय कम्पोजिट विद्यालयों को अपग्रेड करने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए के व्यय का अनुमान है। इस तरह प्रत्येक विद्यालय के उच्चीकरण और सुविधाओं से युक्त करने पर 66 लाख रुपए के खर्च का अनुमान है। इन विद्यालयों को मॉडल डेमो स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमे तमाम शैक्षणिक सुविधाओं के साथ साथ स्कूलों की सफाई और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## सार संक्षेप

### स्वच्छता जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

**मेरठ।** अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरीराम ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित पत्र के द्वारा यह अवगत कराया गया है कि मुख्य न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय इलाहाबाद/मुख्य संरक्षक, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एंव वरिष्ठ न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद/कार्यपालक, अध्यक्ष, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गांधी जयन्ती के अवसर पर 2 से 8 अक्टूबर तक सम्पूर्ण प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### एशियन गेम्स में मेरठ की अन्नू, पारुल को स्वर्ण

**मेरठ।** एशियन गेम्स में मेरठ की बेटी अन्नू रानी और पारुल चौधरी ने देश को सोना दिलाकर मान बढ़ाया है। दोनों बेटियों ने चीन के हांगझाऊ में चल रहे एशियन गेम्स 2023 में शानदार प्रदर्शन गोल्डन मेडल जीता है। बहादुर पुर गांव की अन्नू रानी ने भाला फेंक में 62.92 मीटर भाला फेंककर मेडल जीता है। वहीं, इकलौता गांव की पारुल चौधरी ने स्टेपल चेज खिलाड़ी पारुल चौधरी ने एशियन गेम्स 22023 में शानदार प्रदर्शन किया है। पारुल ने महिलाओं की पांच हजार मीटर दौड़ के फाइनल में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित समर गार्डन में मंगलवार सुबह संगदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। जानकारी पाकर घटनास्थल पर पहुंचे मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने विवाहिता के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई।

### भुईयार समाज की जाति प्रमाण पत्र बनवाने की मांग

**मवाना।** भुईयार समाज के लोगों ने तहसीलदार आकांक्षा जोशी से मिलकर जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाने में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। भुईयार समाज के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग की। हाईकोर्ट व यूपी शासन के आदेशों का हवाला देते हुए बताया कि मवाना तहसील क्षेत्र के विभिन्न कस्बों गांवों में भुईयार समाज के लोगों के जाति प्रमाण पत्रों में उनकी जाति हिंदू जुलाहा की रिपोर्ट लगाई जाती व राजस्व लेखपालों द्वारा अपनी रिपोर्ट में गलत तथ्य लिखकर उनके आवदेन निरस्त कर दिए जाते हैं।

### सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या बी-2021:09.90077.001783 में नाम त्रुटिवश जबरीन दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम इबना मिर्जा IBNA MIRZA। है। जो अन्य दस्तावेजों में भी इबना मिर्जा के नाम से ही दर्ज है।

**-आमिर मिर्जा पुत्र शाहिद मिर्जा, निवासी-707, गोमती नगर, सरधना, तहसील सरधना, जिला मेरठ।**

# पुरानी रंजिश में दबंगों नें की मारपीट

**फर्रुखाबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नाली का पानी निकलनें के विवाद में दबंगों नें मारपीट कर दी। जिसमे दो ग्रामीण घायल हुए जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं जब पीड़ित नें आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई तो दबंगों नें घर पर चढ़कर फायरिंग कर दी जिससे भगदड़ मच गई गांव में सन्नाटा पसर गया। कोतवाली क्षेत्र के गडिया तेरा निवासी मान सिंह पुत्र बालेश्वर सिंह नें बीते दिन मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमे कहा कि बीते 29 सितम्बर को दोपहर 2 बजे गांव के ही अवधेश व जगदीश सिंह पुत्र रावेन्द्र सिंह अजय उर्फ दीपू पुत्र अवधेश सिंह, इंद्रेश सिंह पुत्र अवधेश, सचिन पुत्र जगवीर नें उनके भाई संजीब कुमार के साथ ही अमित कुमार पुत्र मनोज कुमार को लाठी डंडो से पीट दिया इसके साथ ही धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया। मामले में पुलिस नें आरोपियों के खिलाफ 147, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमा की सूचना मिलने पर मंगलवार सुबह दबंग फिर आक्रोशित हो गए। आरोप है कि दबंगों नें मुकदमा दर्ज करानें पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पुलिस नें दोनों पक्षों के लगभ लगभग आठ लोगों को हिरासत में लिया है।

■ **मुकदमा दर्ज कराने पर की फॉयरिंग**

# छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देता हैं विश्वविद्यालय : प्रो.रेनू

**मेरठ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती विज्ञान महाविद्यालय में छात्र उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दो दिन तक चलाए जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय अधिष्ठाता प्रो. डॉ.रेनू मावी एवं सभी विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य अध्ययन के दौरान आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना रहा। पहले दिन कार्यक्रम समन्वयक डॉ.शशिराज तेवतिया ने विश्वविद्यालय एवं डॉ. अमित कुमार ने महाविद्यालय के विजन और मिशन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय शिक्षा सेवा संस्कृति और राष्ट्रवाद के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली खेल गतिविधियों की जानकारी भी साझा की एवं बताया कि विज्ञान महाविद्यालय हर स्तर पर विश्वविद्यालय के विजन और मिशन दोनों को परिभाषित और प्रतिबिंबित करता है। डॉ.धीरपाल सिंह ने अनुशासन रैगिंग विरोधी एवं शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी दी।

■ **सुभारती के विज्ञान संकाय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन**
■ **अध्ययन के दौरान आवश्यक जानकारियां लेने के दिए टिप्स**
■ **छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक की प्रतिभागिता**



# किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं का थाने में हंगामा

**मेरठ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत दो दिन पूर्व रोहटा के पूर्व प्रधान चमन सिंह व भारतीय किसान यूनियन इंडिया के कार्यकर्ता को फोन पर अज्ञात व्यक्ति ने जमीन का सौदा करते हुए गाली गलौज की और अभद्र व्यवहार करते हुए पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी थी। जिसके बाद से पीड़ित पूर्व प्रधान भयभीत था तथा पुलिस की शरण में पहुंचा था। पीड़ित प्रधान ने कुछ आरोपियों के नाम दर्ज करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने पर तहरीर भी दी थी। हालांकि इस मामले में पुलिस ने दो दिन बीतने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं की तो मंगलवार को थाने पर भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र पहलवान के नेतृत्व में दर्जनों भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता थाने पर पहुंचे और उन्होंने थाने का घेराव करते हुए हंगामा प्रदर्शन किया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं में प्रधान की रिपोर्ट दर्ज नहीं करने पर पुलिस पर सांठ गांठ का आरोप लगाया।

# ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन



■ **खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**
■ **प्रशस्ति पत्र देकर विजेताओं को किया गया सम्मानित**

**किठौरे/माछरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोड़ा के प्रांगण में माछरा ब्लॉक स्तरीय खेलों का आयोजन किया गया। खेलों का उद्घाटन फीता काटकर खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम सैनी ने किया। इस मौके पर उनके साथ बहरोड ग्राम प्रधान गुलाम बक्शी भी थे। किठौर प्रोग्रामिंग का आयोजन तशरीफअली व संजय कुमार के द्वारा किया गया। माछरा ब्लॉक की सभी 9 न्याय पंचायत के बच्चों ने खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता का समापन शाम 5 बजे खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम सैनी के द्वारा किया गया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोड के प्रांगण में खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम सैनी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोरा के इंचार्ज अध्यापक उमेश कुमार व प्राथमिक विद्यालय बहरोरा नंबर 2 के प्रधानाध्याप प्रेमचंद थे। परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने खेलों में बाढ़-चलकर हिस्सा लिया और अध्यापकों द्वारा उनको प्रेरित किया जाता रहा खेलों में मुख्य रूप से खो खो कबड्डी 100, 200, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद शामिल थे। अलग-अलग खेलों में कुलिमनपुर, बेहरोडा, सादुल्लापुर, शोलदा आदि स्कूल के बच्चों ने अलग-अलग खेलों में अलग-अलग स्थान प्राप्त किए।

# जिलाधिकारी ने साफ-सफाई के दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला अधिकारी ने प्रा.वि.महमदपुर कामराज ब्लाक शमसाबाद एवं प्रा. वि. खुम्मरपुर का औचक निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था का लिया जायजा। दोनों विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई।

जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को अभिभावकों के साथ बैठक कर 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। दोनों विद्यालयों में काफी गन्दगी पाई गई जिलाधिकारी ने बेहतर साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। प्रा.वि. महमदपुर कामराज में विगत निरीक्षण में गेट के निकट निर्माणाधीन शौचालय को ढ़कवाने के खण्ड विकास अधिकारी, शमसाबाद को दिए गए थे निर्देश।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज नहीं हुआ कार्य तो तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी

# विनायक विद्यापीठ में श्रमदान कर स्वच्छता का दिया संदेश

**मेरठ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोदीपुरम स्थित विनायक विद्यापीठ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न से सम्मानित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित कर सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। इसी के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी के

■ **महापुरुषों के सिद्धांतों पर चलना जरूरी : विकास**
■ **झाड़ू लगाकर संस्थान के सदस्यों ने किया श्रमदान**

राष्ट्रव्यापी स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत संस्थान में सदस्यों द्वारा खुद हाथें में झाड़ू लेकर पार्क में सफाई कर श्रमदान किया।

जन-जन का यही सपना, स्वच्छ रहेगा भारत अपना का नारा देते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत बीएफए विभाग के छात्र छात्रों द्वारा




संस्थान के निकट वॉल पर भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर बनाकर लोगों को आकर्षित किया जिसका नेतृत्व बीएफए विभाग अध्यक्ष इंदू प्रजापति द्वारा किया गया उनकी टीम में सहायक प्रोफेसर गुलफसा एवं छात्र-छात्राओं में राजकुमार प्रजापति, मोहित, केतन, मयंक, प्रियांशु, क्षमा, सुजल, सलोनी, अनुष्का, काजल, प्रियांशु, करुणा, मोनू, विद्या, शिखा, शिवानी, दीक्षांत एवं साक्षी रहे। विनायक विद्यापीठ के निदेशक इंजि. विकास कुमार ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम लोगों को इन महापुरुषों के बारे में जानकारी रखनी चाहिए ओर उनके सिद्धांतों पर ही चलना चाहिए।

**आयोजन** *पश्चिमी जोन की एथलेटिक कलस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ*

# 14 वाहिनियों के लगभग 685 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

**मेरठ, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। रुड़की रोड स्थित छठी वाहिनी आरआरएफ के सुसज्जित ग्राउण्ड 27वीं अंतर वाहिनी पीएसी पश्चिमी जोन की एथलेटिक कलस्टर (एथलेटिक, खो-खो, साइकलिंग) प्रतियोगिता वर्ष 2023 का उद्घाटन जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता पर 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में निर्णायकों की महत्वपूर्ण भूमिका में सर्व मूलचन्द, योगेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार शर्मा, उदयवीर सिंह, राजीव वेददान, ओमवीर सिंह, हिमान्शु त्यागी, जितेन्द्र सिंह, मंगल सिंह, योगेन्द्र नादर आदि द्वारा।**

■ **जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन**
■ **3 से 6 अक्टूबर तक आयोजित होगी प्रतियोगिता**

निभाई जा रही है। इस प्रतियोगिता में पश्चिमी जोन पीएसी के तीनों सैक्टर, मेरठ, आगरा, एवं मुरादाबाद की कुल 14 वाहिनियों के लगभग-685 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

सहआयोजन सचिव श्रीमती आलोक दुबे द्वारा बताया गया कि यह प्रतियोगिता दिनांक 6 अक्टूबर 2023 तक लगातार चलेगी। तीन अक्टूबर के परिणाम निम्नवत रहे।



उद्घाटन समारोह के दौरान आलोक दुबे, उपसेनानायक एवं सहआयोजन सचिव, रीता शुक्ला, सहायक सेनानायक, जयचन्द शर्मा, शिविरपाल, धमेन्द्र सिंह पंवार, सूबेदार सैन्य सहायक, ओम प्रकाश पाण्डेय, सहायक शिविरपाल, डॉ. अभयराम बंसल, डॉ. एसपी सिंह, योगेन्द्र पाल सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी मेरठ एवं खेल से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी तथा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**पहले दिन के यह रहे परिणाम**

20 किमी सामूहिक शुरुआत भारतीय साइकिल दौड में 6वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के राहुल रंधावा को प्रथम स्थान, 6वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के तुषार को द्वितीय स्थान तथा 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ के निखिल कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 5000 मी दौड़ में 6वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के रवि कुमार राघव को प्रथम स्थान, 43वीं वाहिनी पीएसी एटा के श्री कृष्ण को द्वितीय स्थान तथा 6वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के विकास कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गोला फेंक में 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ के विशाल पाठक को प्रथम स्थान, 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के शुभम शर्मा को द्वितीय स्थान तथा 6वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के सागर कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# राष्ट्रीय स्तर पर हो जातीय जनगणना : मायावती

**लखनऊ,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में जातीय जनगणना का परोक्ष रूप से स्वागत करते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि पिछड़ी जातियों को उनका संवैधानिक हक दिलाने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना की जरूरत है। मायावती ने सोमवार को एक्स् (पूर्व में ट्वीट) किया बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने की खबरें आज काफी सुर्खियों में है तथा उस पर गहन चर्चाएं जारी है।



कुछ पार्टियां इससे असहज जरूर हैं किन्तु बीएसपी के लिए ओबीसी के संवैधानिक हक के लम्बे संघर्ष की यह पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि वैसे भी सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर आवाजें लगातार उठती रहीं हैं, किन्तु सरकारी उदासीनता कम होने का नाम नहीं ले रही है। यूपी व अन्य अन्य सरकारों को आम जनहित व जन सुविधाओं के इन मामलों के प्रति समुचित धन व ध्यान देकर जवाबदेह बनना जरूरी। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि वैसे तो यूपी सरकार को अब अपनी नीयत व नीति में जन भावना व जन अपेक्षा के अनुसार सुधार करके जातीय जनगणना/सर्वे अविलम्ब शुरू करा देना चाहिए, किन्तु इसका सही समाधान तभी होगा जब केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराकर उन्हें उनका वाजिब हक देना सुनिश्चित करेगी।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 4 अक्टूबर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## बोमन ईरानी ने कहा, 'महात्मा वर्सेस गांधी' के लिए मैंने 30 किलो वजन घटाया

**मुंबई।** 'मुन्ना भाई' फिल्म फ्रेंचाइजी, 'मैं हूं ना', 'वीर-जारा', 'खोसला का घोसला' और कई अन्य फिल्मों से पहचान बनाने वाले अभिनेता बोमन ईरानी ने 'महात्मा वर्सेस गांधी' में राष्ट्रपिता की भूमिका निभाने की अपनी यात्रा को याद किया। उन्होंने इस फिल्म के लिए 30 किलो वजन कम किया था। अभिनेता ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर महात्मा गांधी के किरदार में कुछ तस्वीरें साझा की, जिसके लिए उन्हें शारीरिक परिवर्तन से गुजरना पड़ा। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि हमें हर दिन गांधी जी के सिद्धांतों के बारे में सोचना चाहिए। मुझे फिरोज खान की महात्मा वर्सेस गांधी में उनका किरदार निभाने का सौभाग्य मिला। इस किरदार को निभाने के लिए मैंने 30 किलो वजन कम किया लेकिन जीवन भर सीखने का मौका मिला।

# कोविड के बाद युवाओं में हार्ट अटैक के मामलों में बढ़ोतरी

## युवाओं में दिल का दौरा पड़ने के मामलों में वृद्धि होने से चिंता बढ़ी



**राजकोट,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजकोट में युवाओं में दिल का दौरा पड़ने के मामलों में वृद्धि होने से चिंता अधिक बढ़ गई है। यहां पर बीते 24 घंटों में 5 और लोगों की दुखद मौतें हुई हैं। बढ़ती संख्या स्वास्थ्य पेशेवरों और समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राजकोट के पास खोखद्दल कस्बे के निवासी 34 वर्षीय राशिद खान को सोमवार सुबह बेहोश पाया गया। खान को तत्काल राजकोट सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हुई है। राशिद खान, मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह एक मजदूर के रूप में काम करता था और 8 भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश राज ने युवा व्यक्तियों में, विशेष रूप से कोविड के बाद, दिल के दौरे के बढ़ते मामलों के बारे में चिंता जताई। उन्होंने महामारी और इस खतरनाक प्रवृत्ति के बीच एक संभावित संबंध का सुझाव दिया। डॉक्टर ने कहा कि तनावपूर्ण लाइफस्टाइल के कारण हाई ब्लड प्रेशर युवाओं में बढ़ रहा है। इसी तरह, 21 वर्षीय धारा परमार बेहोश हो गईं और उनके आवास पर संदिग्ध हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। वहीं, जीआईडीसी मेटोडा में एक फैक्ट्री में रसोइया के रूप में कार्यरत 30 वर्षीय विजय संकेत भी बेहोश हो गए और उनकी मौत हो गई। मौत का कारण दिल का दौरा माना जा रहा है। एक अन्य घटना में, राजकोट के बाहरी इलाके कोठारिया शहर के निवासी 45 वर्षीय राजेश को 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे के आसपास अपने खेत में अचानक दिल का दौरा पड़ा।

राजकोट सिविल अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। राजकोट के एक आवासीय अपार्टमेंट में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले नेपाल के 35 वर्षीय निवासी ललित परिहार घर पर दुखद रूप से गिर गए और माना जाता है कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई।

# ब्रॉडवे के ओपेरा संगीत की प्रेमी हैं वाणी कपूर

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्लॉकबस्टर संगीत की शौकीन अभिनेत्री वाणी कपूर हाल ही में ब्रॉडवे के ओपेरा संगीत को देखने के लिए न्यूयॉर्क शहर गई थी। अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान, 'वॉर' अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि उन्हें हमेशा से संगीत पसंद रहा है और वह उसे बहुत प्रेरणादायक मानती हैं। संगीत के प्रति अपने प्रेम के बारे में बताते हुए वाणी ने कहा कि मुझे संगीत हमेशा से पसंद रहा है।




हाल ही में न्यूयॉर्क की यात्रा के दौरान मुझे लगातार कुछ लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम देखने का मौका मिला। उन्होंने आगे कहा कि एक लाइव नाटक या संगीत इतना आकर्षक होता है कि प्रत्येक क्षण को मंच पर इतनी अच्छी तरह से निखारा जाता है कि इसे कभी दोहराया नहीं जा सकता। मैंने हमेशा हल्का, खुश महसूस किया है और मैं इससे रचनात्मक रूप से प्रेरित हुई हूं। अपने बयान में उन्होंने कहा कि ब्रॉडवे थिएटर में लाइव दर्शकों के साथ रहने की ऊर्जा खास है। ब्रॉडवे शो में वापस जाना जादू के लिए वापस जाने जैसा है, जो हर पल को वास्तव में अद्भुत और अद्वितीय बनाता है।

भू-वैज्ञानिकों ने भवनों के निर्माण के शोध में किया खुलासा

# वैज्ञानिक नीति से भवनों का निर्माण होना जरूरी

**शिमला,** 3 अक्तूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान के बाद भू-वैज्ञानिकों ने भवनों के निर्माण में वैज्ञानिक नीति के इस्तेमाल की जरूरत बताई है। वैज्ञानिकों ने सलाह दी है कि किसी भी निर्माण से पहले वहां की मिट्टी की जांच करवाना जरूरी की जाए।

बारिश से शिमला सर्किल में लोक निर्माण विभाग ने 138 करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन किया है। यह केवल सड़कों को हुई क्षति का आंकड़ा है। भवनों, डंगों और अन्य सामुदायिक संपत्तियों के नुकसान को जोड़ा जाए तो शहर में 500 करोड़ से ऊपर की क्षति हुई है। शहर में अधिकतम नुकसान उन इलाकों में हुआ है जहां तलछटी चट्टानों पर भारी बारिश से दबाव पड़ा।

शिव मंदिर में जहां भूस्खलन की वजह से 20 लोगों ने जान गंवाई थीं उसमें भू-वैज्ञानिकों ने अपने शोध में खुलासा किया है कि जमीन में पानी रिसने से यह हादसा हुआ था। पानी रिसने से चट्टानों की संरचनात्मक अखंडता में

**निर्माण से पहले वहां की मिट्टी की जांच करवाना जरूरी**

कमजोरी आई जिससे भूस्खलन हुआ। शहर में विभिन्न इलाकों में हुए नुकसान के पीछे भी तलछटी चट्टानों पर बड़ी इमारतों का निर्माण और जल निकास का न होना मुख्य वजह सामने आई है। शिमला शहर का निर्माण 20,000 लोगों के लिए हुआ था लेकिन आज यहां दो लाख से ऊपर लोग रह रहे हैं। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के प्रावधानों के मुताबिक शहर में दो मंजिलों से ऊपर के घरों के निर्माण पर रोक लगनी चाहिए और हर बड़े निर्माण कार्य से पहले जियोलॉजिकल सर्वे होना चाहिए।

शिमला के खनन अधिकारी एवं भू-वैज्ञानिक गौरव शर्मा ने बताया कि शहर के मुख्य पहाड़ मजबूत हैं। बिना मिट्टी की जांच करवाए शहर में हर जगह चार-पांच मंजिलों के मकानों का निर्माण किया जा रहा है जो खतरनाक है। शिमला के पहाड़ों को जरूरत है, एक पूर्ण जल निकास नीति की। इससे बारिश का पानी पहाड़ों में रिसने के बजाय किसी और तरीके से उपयोग हो। खनन विभाग के भू-वैज्ञानिकों ने वर्ष 2012 में नगर निगम को चार रिपोर्ट सौंपी थीं। इसमें कृष्णानगर में हो रहे अनियंत्रित निर्माण के बारे में आगाह किया था। रिपोर्ट में कृष्णानगर इलाके को भूस्खलन के लिहाज से असुरक्षित घोषित किया था। भू-वैज्ञानिकों ने कहा था कि कृष्णानगर में बड़े निर्माण कार्य न हों लेकिन प्रशासन ने रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया था।

# दिल्ली के मुखर्जी नगर में आने वाले लाखों छात्रों की कहानी पर आधारित है '12वीं फेल'




**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा ने आगामी फिल्म '12वीं फेल' का ट्रेलर जारी कर दिया है। यह एक विचारोत्तेजक सामाजिक फिल्म है। फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने इसे उम्मीद और कभी हार न मानने की इच्छाशक्ति की कहानी बताया।फिल्म के बारे में विस्तार से बताते हुए विधु विनोद चोपड़ा ने कहा कि आज के समय में मैं आशा की एक कहानी, कभी हार न मानने की कहानी बताना चाहता था। 12वीं फेल उससे भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मैं इस फिल्म को बनाने में हंसा हूं, रोया हूं, गाया हूं और मजा लिया है। मुझे सच में विश्वास है कि जब यह फिल्म सिनेमाघरों में आएगी तो इसे यूनिवर्सल कनेक्ट मिलेगा।

फिल्म में अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं और इसमें चंबल के एक छोटे से गांव से दिल्ली के मुखर्जी नगर में यूपीएससी की तैयारी के व्यस्त केंद्र तक नायक की यात्रा की झलक है। कहानी एक व्यक्ति की आईपीएस अधिकारी बनने की सीढ़ी चढ़ने की कठिन इच्छा के इर्द-गिर्द घूमती है।

# चलती ट्रेन में हुई प्रसव पीड़ा, बोकारो रेलवे स्टेशन पर गूंजी किलकारी



**रांची,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के बोकारो रेलवे स्टेशन पर सोमवार की रात एक महिला यात्री का सफल प्रसव कराया गया। महिला की स्थिति ऐसी नहीं थी कि उसे प्रसव के लिए हॉस्पिटल ले जाया जा सके। प्रसूता और शिशु दोनों स्वस्थ हैं। डिलीवरी के बाद उन्हें बोकारो सदर हॉस्पिटल ले जाया गया। बताया गया कि बिहार के नालंदा की रहने वाली पूजा देवी अपने पति वीरेंद्र कुमार के साथ सोमवार रात हटिया-पटना एक्सप्रेस पर सवार हुई थी। रांची से बोकारो के बीच मुरी के पास उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। इसकी जानकारी कोच अटेंडेंट को दी गई। तब तक ट्रेन मुरी स्टेशन से खुल चुकी थी। अटेंडेंट ने इसकी सूचना बोकारो स्टेशन प्रबंधन को दी। रात लगभग दस बजे ट्रेन जब बोकारो पहुंची तो महिला सुरक्षाकर्मियों के सहयोग से प्रसूता को उतारकर स्टेशन पर स्थित आरपीएफ सहायता बूथ पर लाया गया। रेलवे के चिकित्सक डॉ. एचपी सिंह ने आरपीएफ की एसआई मीना कुमारी, सहयोगी मीरा कुमारी, मनीषा कुमारी और पिंकी डुमोलिया की मदद से सफल प्रसव कराया। डॉक्टर की देखरेख में प्लेटफार्म पर नवजात की किलकारी गूंजी तो प्रसूता सहित हर किसी के चेहरे पर मुस्कान थी।

# गूगल जैसा नहीं है सर्च इंजन बिंग : सत्या नडेला

**वाशिंगटन,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला ने स्वीकार किया है कि कंपनी का बिंग सर्च इंजन गूगल जितना अच्छा नहीं है और एप्पल का डिफॉल्ट सर्च इंजन बन रहा है। बिंग को वैश्विक खोज बाजार में बढ़ने में मदद मिल सकती है।

द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार देर रात ऐतिहासिक यूएस बनाम गूगल एंटीट्रस्ट ट्रायल में एक गवाही के दौरान, नडेला ने कहा कि वह खोज को अब तक की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर श्रेणी के रूप में देखते हैं।



उन्होंने कहा कि जब तक मैंने खोज नहीं देखी, तब तक मैं विंडोज और ऑफिस को आकर्षक व्यवसाय मानता था। उन्होंने कहा कि यदि एप्पल बिंग पर स्विच करता है, तो माइक्रोसॉफ्ट एप्पल को सौदे के सभी आर्थिक लाभ देने के लिए तैयार है, और वह इस प्रक्रिया में प्रति वर्ष 15 बिलियन डॉलर तक निवेश के लिए तैयार है।

नडेला ने कहा कि वह ऐप्पल उपयोगकर्ताओं के खोज इंजन में बिंग ब्रांड को छिपाने और कंपनी की किसी भी गोपनीयता इच्छा का सम्मान करने के इच्छुक हैं। उन्हें यह कहते हुए उद्धृत किया गया, 'उपयोगकर्ता के व्यवहार में बदलाव के मामले में डिफॉल्ट ही एकमात्र ऐसी चीज है जो मायने रखती है।' नडेला के लिए, एप्पल का डिफ़ॉल्ट सर्च इंजन बनना पैसे के बारे में नहीं होगा, कम से कम सीधे तौर पर नहीं। गवाही के दौरान उन्होंने कहा कि हमें कम लालची और अधिक प्रतिस्पर्धी होने की जरूरत है।

यह पूछे जाने पर कि क्या माइक्रोसॉफ्ट ने एप्पल का डिफॉल्ट सर्च इंजन बनने की कोशिश की, नडेला ने कहा हां लेकिन प्रयास सफल नहीं हुआ। उन्होंने कहा, न केवल गूगल सौदे का अर्थशास्त्र एप्पल के लिए बेहद अनुकूल है, बल्कि रिपोर्ट के अनुसार, एप्पल को यह भी डर हो सकता है कि अगर गूगल ने डिफ़ॉल्ट स्थिति खो दी, तो वह क्या करेगा। गूगल के पास जीमेल और यू ट्यूब जैसी बेहद लोकप्रिय सेवाएं भी हैं।

नडेला ने कहा कि एआई में बाजार को थोड़ा हिलाने की क्षमता है, लेकिन उनका यह भी मानना है कि यह 'गूगल के प्रभुत्व को और मजबूत कर सकता है।' अमेरिकी न्याय विभाग का आरोप है कि गूगल, जिसका खोज बाज़ार में लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा है, ने प्रतिस्पर्धा और नवाचार को खत्म करने के लिए अपने खोज इंजन के प्रभुत्व का दुरुपयोग किया है।

# एसएमजीसी व जेडएएचएफ द्वारा युवा शिखर सम्मेलन में प्रारूप तैयार किया



नई दिल्ली 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन (एसएमजीसी) और जायद अवार्ड्स फॉर ह्यूमन फ्रेटरनिटी (जेडएएचएफ) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित युवा शिखर सम्मेलन 'युथ समिट फॉर ह्यूमन फ्रटर्निटी एंड कम्पैशन' के पहले आयोजन के दौरान 500 से अधिक युवा नेताओं ने कम्पैशन इन एक्शन मुहिम के लिए एक प्रारूप तैयार किया। इस सम्मलेन का आयोजन 30 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक राजस्थान के विराटनगर में किया गया था। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाना और उन्हें कम्पैशन जैसे विषय पर चर्चा के लिए प्रेरित करना था। साथ ही इसका उद्देश्य दुनिया को बेहतर बनाने के लिए करुणा को अपनाने के प्रति लोगों की प्रतिबद्धता को मजबूत करना भी था। इस दौरान करुणा को नीति निर्माण में शामिल करके इसके वैश्वीकरण पर विशेष जोर दिया गया। इस पहले शिखर सम्मेलन ने विभिन्न समूहों, संस्कृतियों और विश्वास के बीच एकता को बढ़ावा दिया, जो हम सभी को एक सूत्र में बांधने वाली मानवता को रेखांकित करता है। सम्मलेन के दौरान, एक अंतरधार्मिक संवाद में सभी प्रमुख धार्मिक समूहों और संप्रदायों के नेताओं की भागीदारी भी देखी गई।

# आमिर खान, सनी देओल और राजकुमार संतोषी 'लाहौर, 1947' के लिए साथ आए

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। आगामी फिल्म 'लाहौर 1947' के लिए निर्देशक राजकुमार संतोषी ने अभिनेता आमिर खान और सनी देओल से हाथ मिलाया है। आगामी फिल्म 'लाहौर, 1947' आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई जाएगी।

इस प्रोजेक्ट में आमिर खान के साथ सनी देओल, राजकुमार संतोषी भी साथ काम कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस की 17वीं फिल्म होगी। आमिर खान प्रोडक्शंस ने इसकी घोषणा सोशल मीडिया पर की।

बयान में कहा गया, 'राज कुमार संतोषी द्वारा निर्देशित सनी देओल अभिनीत फिल्म 'लाहौर 1947' की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित और खुश हैं।



हम बेहद प्रतिभाशाली सनी और मेरे पसंदीदा निर्देशकों में से एक राज संतोषी के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं। हमने जो यात्रा शुरू की है वह सबसे समृद्ध होने का वादा करती है। हम आपका आशीर्वाद चाहते हैं। आमिर इस फिल्म का निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस के तहत कर रहे हैं, जबकि राजकुमार संतोषी इस परियोजना का निर्देशन करेंगे। फिल्म में मुख्य अभिनेता के तौर पर सनी देओल लीड रोल में होंगे।

राजकुमार संतोषी और सनी देओल इससे पहले 'घायल', 'दामिनी,' और 'घातक' के रूप में बॉक्स ऑफिस पर तीन हिट फिल्में दे चुके हैं।

'अंदाज अपना अपना' के बाद आमिर खान और राजकुमार संतोषी 'लाहौर, 1947' में साथ नजर आएंगे।

# स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में आयोजित की जाएगी पुलिस बैंड प्रस्तुति



**गांधीनगर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां) गुजरात के स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में शनिवार, रविवार को भी नि:शुल्क पुलिस बैंड प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म रेगुलेटरी अथॉरिटी, एकतानगर के अपर कलेक्टर गोपाल बामणिया ने मंगलवार को यहां बताया कि एकतानगर आज एक वैश्विक पर्यटन स्थल बन गया है। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म रेगुलेटरी अथॉरिटी, एकतानगर के अध्यक्ष मुकेश पुरी और सीईओ उदित अग्रवाल के मार्गदर्शन में अब से शनिवार और रविवार के दिन भी शाम के समय नि:शुल्क पुलिस बैंड प्रस्तुति का आयोजन पर्यटकों के मनोरंजन के लिए किया जाएगा।

**अवकाश के दिनों में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर पूरी तरह से पर्यटकों के लिए खुला रहेगा**

उन्होंने बताया कि स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में आने वाले पर्यटकों के लिए मनोरंजन और आकर्षण की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म रेगुलेटरी अथॉरिटी द्वारा लगातार विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए हाल ही में प्राधिकरण द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

सात अक्टूबर से प्रत्येक शनिवार को शाम छह से सात बजे तक स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के परिसर में और रविवार को इसी अवधि में चिल्ड्रेन न्यूट्रिशन पार्क के बगल में एकता फूड कोर्ट के पास पुलिस बैंड की प्रस्तुति आयोजित होगी। पुलिस की एसआरपी यूनिट के जवान विभिन्न पुलिस बैंड प्रस्तुतियों से पर्यटकों का मनोरंजन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्राधिकरण ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए आगामी सार्वजनिक अवकाश जैसे दो अक्टूबर यानी महात्मा गांधी जयंती, 27 नवम्बर यानी गुरु नानक देव की जयंती और 25 दिसम्बर यानी क्रिसमस के दिन स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर को खुला रखने का निर्णय किया था। तीनों अवकाश के दिन सप्ताह के सोमवार को आ रहे हैं और सामान्यत: स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर सोमवार के दिन बंद रहता है। लेकिन, प्राधिकरण ने यह निर्णय किया है कि इन तीनों अवकाश के दिनों में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर पूरी तरह से पर्यटकों के लिए खुला रहेगा, ताकि पर्यटक सार्वजनिक अवकाश के दिन भी अपने परिवार व प्रियजनों के साथ स्टेच्यू ऑफ यूनिटी और इसके आसपास के आकर्षक स्थलों को घूमने का आनंद ले सकें।

## वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर का एक नया विश्लेषण

# हर साल 36 प्रतिशत सौर क्षमता बढ़ाने की जरूरत

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर के एक नए विश्लेषण के अनुसार, भारत को अपने 2027 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर साल वार्षिक सौर क्षमता में 36 प्रतिशत की वृद्धि करने की जरूरत है।

एम्बर के मुताबिक यदि भारत अपनी प्रस्तावित बिजली परियोजनाओं पर काम करता रहा, तो सौर और पवन ऊर्जा 2032 तक बिजली उत्पादन में दो-तिहाई वृद्धि ला सकते हैं। इसका मतलब यह है कि भारत की भविष्य की बिजली उत्पादन की वृद्धि कोयले से संचालित नहीं होगी।



वित्त वर्ष 2017 में सौर ऊर्जा अपने प्रारंभिक चरण से आगे बढ़ी और भारत के ऊर्जा मिश्रण में एक प्रतिशत हिस्सेदारी तक पहुंच गई। यदि भारत 14वीं राष्ट्रीय बिजली योजना (एनईपी14) में निर्धारित अपने सौर लक्ष्यों को प्राप्त कर लेता है, तो वित्त वर्ष 2022-32 में इसकी हिस्सेदारी पांच गुना बढ़कर पांच से 25 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो 'तेजी से विकास' की अवधि को चिह्नित करेगा।

इसका तात्पर्य यह है कि देश की बिजली उत्पादन वृद्धि, जो मुख्य रूप से पिछले दशक में कोयले से प्रेरित थी, अगले 10 वर्षों में सौर और पवन द्वारा संचालित अपने अधिकांश बिजली विस्तार के साथ एक चरण में प्रवेश कर सकती है, बशर्ते भारत अपने एनईपी14 लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर हो।

**सौर और पवन ऊर्जा 2032 तक बिजली उत्पादन में दो-तिहाई ला सकते हैं वृद्धि**

विश्लेषण के मुताबिक जैसे-जैसे भारत में सौर ऊर्जा का दायरा बढ़ रहा है, चरम मांग को प्रबंधित करने में सक्षम होने के लिए उच्च स्तर की भंडारण क्षमता की भी आवश्यकता बढ़ रही है।

एम्बर के इंडिया इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी एनालिस्ट, नेशविन रोड्रिग्स कहते हैं, अगले एक दशक में भारत के बिजली आपूर्ति परिदृश्य में काफी बदलाव आने का अनुमान है, इसमें सौर और पवन ऊर्जा के कारण उत्पादन में वृद्धि होने की संभावना है। उनकी परिवर्तनशील प्रकृति को देखते हुए, भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि उत्पादन और मांग को संतुलित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

जैसा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ा रहा है, सरकार अब अगले पांच वित्तीय वर्षों में प्रति वर्ष 50 गीगावॉट सौर और पवन क्षमता की निविदा देने की योजना बना रही है। लेकिन एनईपी14 लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, भारत को 2026-27 तक प्रत्येक वर्ष अपनी वर्तमान वार्षिक सौर क्षमता में लगभग 36 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता है। इसका मतलब यह है कि भारत को वित्त वर्ष 2024 में कम से कम 17.5 गीगावॉट चालू करने की आवश्यकता होगी, जिसे 2027 तक 41 गीगावॉट तक बढ़ाया जाएगा।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# रेलवे ने माल ढुलाई का रिकॉर्ड कायम किया, नई समय सारणी जारी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे ने चालू वित्त वर्ष की प्रथम छमाही में 758.20 टन माल की ढुलाई की जो पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में माल ढुलाई से 21.52 टन की वृद्धि दर्ज की है। भारतीय रेलवे ने नयी यात्री समय सारणी भी जारी की है। आज यहां जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि के लिए भारतीय रेल ने 758.20 टन माल की ढुलाई की, जबकि पिछले वर्ष 736.68 टन माल की ढुलाई की गई थी जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 21.52 टन की वृद्धि दर्शाता है। रेलवे ने पिछले वर्ष के 78991 करोड़ रुपए की तुलना में 81697 करोड़ रुपए की आय अर्जित की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 2706 करोड़ रुपए अधिक है। इस वर्ष सितम्बर के दौरान, 123.53 टन का प्रारंभिक माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया गया है जबकि गत वर्ष इसी माह में 115.80 टन माल की ढुलाई की गई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सितंबर 2022 में माल ढुलाई से राजस्व के रूप में 12332.70 करोड़ रुपए की आय हुई थी इसकी तुलना में सितम्बर 2023 में 12956.95 करोड़ रुपए की आय अर्जित की गई है। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।



- भारतीय रेलवे ने चालू वित्त वर्ष की प्रथम छमाही में 758.20 टन माल की ढुलाई की
- पहली छमाही में माल ढुलाई से 21.52 टन की वृद्धि दर्ज की

भारतीय रेल ने बीते सितंबर के दौरान कोयले में 59.70 टन, लौह अयस्क में 14.29 टन, पिग आयरन और तैयार स्टील में 5.78 टन, सीमेंट (क्लिंकर को छोड़कर) में 6.25 टन, क्लिंकर में 4.89 टन, खाद्यान्न में 4.54 टन, उर्वरक में 4.23 टन, खनिज तेल में 4.0 टन, कंटेनरों में 7.28 टन और शेष अन्य सामान में 10.10 टन की माल ढुलाई की।

भारतीय रेलवे ने कहा कि 'हंग्री फॉर कार्गो' मंत्र का पालन करते हुए, भारतीय रेल ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा अदायगी में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। कुशल नीति निर्माण द्वारा समर्थित ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और व्यवसाय विकास इकाइयों के काम ने रेलवे को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने में मदद की। इस बीच रेल मंत्रालय ने अपनी नई अखिल भारतीय रेल समय सारणी 'ट्रेन्स एट ए ग्लांस (टीएजी)' जारी कर दी है और यह 01 अक्टूबर से प्रभावी हो गयी है। यह समय सारणी 'ट्रेन्स एट ए ग्लांस' भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## एनएमडीसी न स्थापना के बाद अब तक का सर्वोत्तम एच-1 प्रदर्शन दर्ज किया

**हैदराबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने सितम्बर 2023 माह में लौह अयस्क के 3 मिलियन टन उत्पादन और 3.11 मिलियन टन बिक्री के साथ शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है, जो कि उत्पादन में 10 फीसदी और बिक्री में 7 फीसदी माह-दर-माह वृद्धि के साथ स्थापना के बाद अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन है। इस राष्ट्रीय खनिक ने सितम्बर 2023 तक लौह अयस्क के 19.56 मिलियन टन उत्पादन और 20.53 मिलियन टन बिक्री के साथ शानदार अर्ध-वार्षिक प्रदर्शन रिकार्ड किया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन और बिक्री आंकड़ों में क्रमशः 21 फीसदी और 25 फीसदी की महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ इसने स्थापना के बाद अबतक का ऐतिहासिक सर्वोत्तम प्रथम अर्ध-वार्षिक (एच-1) उत्पादन और बिक्री का कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) नेकहा कि, 'एनएमडीसी परिवर्तन की राह पर अग्रसर है और हमारे आँकड़े इस बात की गवाही देते हैं। अपनी दृढ़



योजनाओं, द्रुत प्रोद्योगिकी में उन्नति और सुसंगत निगरानी के साथ हमने कंपनी के इतिहास में हमारा सर्वोत्तम एच-1 प्रदर्शन हासिल किया है। एनएमडीसी ने मानसून के दौरान भी महत्वपूर्ण वृद्धि की है और हम इस बढ़त को बरकरार रखते हुए वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन का लक्ष्य प्राप्त करेंगे।

इस्पात की खपत को बढ़ाने के लिए सुसंगत प्रयासों और देश में घरेलू इस्पात की मांग में वृद्धि को पूरा करने के लिए कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति के साथ एनएमडीसी पुनः एक बार अपने पूर्व-स्थापित रिकार्ड से आगे बढ़ गया है और जिम्मेदार व पर्यावरण-हितैषी खनन पद्धतियों के उद्योग बेंचमार्क को स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## होंडा कार्स ने होंडा सिटी और होंडा अमेज़ के फेस्टिव संस्करण किये पेश

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रीमियम कार बनाने वाली कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने आज फेस्टिव संस्करणों के तहत अपनी लोकप्रिय सेडान होंडा सिटी का 'एलिगेंट एडिशन' और मिड सेडान होंडा अमेज का 'एलीट एडिशन' पेश किया।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि ये अलग-अलग संस्करण सीमित संख्या में लॉन्च की जाएगी और मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) और कॉन्टिन्यूअसली वैरिबल ट्रांसमिशन (सीवीटी), दोनों में पेश की जाएंगी। ये होंडा सिटी के वी ग्रेड और होंडा अमेज के वीएक्स ग्रेड पर आधारित है। ये संस्करण उपभोक्ताओं को ज्यादा सुविधाएं देने वाले प्रीमियम पैकेज में आते हैं। इन्हें सभी रंगों के विकल्पों में पेश किया गया है। कंपनी ने देश भर में अपने उपभोक्ताओं के लिए 'द ग्रेट होंडा फेस्ट' के तहत सिटी और अमेज़ के दूसरे संस्करणों पर भी स्पेशल फेस्टिव ऑफर लॉन्च करने की घोषणा की। इन फेस्टिव प्रोत्साहन के दौरान उपभोक्ता अपनी मनपसंद होंडा कार की खरीद पर सभी अधिकृत डीलरों से कई तरह के आकर्षक ऑफर 31 अक्टूबर 2023 तक हासिल कर सकते हैं।

कंपनी ने कहा कि होंडा सिटी एलिगेंट संस्करण के एमटी की दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 1257400 रुपए और सीवीटी संस्करण की कीमत 1382400 रुपए है। होंडा अमेज एलीट संस्करण के एमटी मॉडल की कीमत 903900 रुपए और सीवीटी की कीमत 985900 रुपए है।

## देश में इस वर्ष 3.1 करोड़ 5 जी फोन बिकेंगे

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में तेजी से 5 जी सेवाओं की पहुंच बढ़ने से इस वर्ष 3.1 करोड़ 5 जी स्मार्टफोन बिकने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि इस सेवा के लिए लोग प्रीमियम भुगतान करने को भी तैयार हैं।

एरिक्सन ने आज '5जी वैल्यू: टर्निंग परफॉर्मेंस' शीर्षक से अपनी रिपोर्ट जारी की जिसमें यह बात कही गयी है। अध्ययन के अनुसार 2023 में तकनीकी और सामर्थ्य के आधार पर 3.1 करोड़ उपयोगकर्ता 5 जी फोन अपग्रेड कर सकते हैं। भारत में 5जी उपयोगकर्ता एचडी वीडियो स्ट्रीमिंग जैसे ऐप के साथ अपने दैनिक जुड़ाव के लिए जाने जाते हैं। वीडियो कॉलिंग सेवाएं, मोबाइल गेमिंग और संवर्धित सेवाओं का उपयोग करते हैं। वे औसतन दो घंटे इंटरनेट पर बिताते हैं। अमेरिका जैसे अन्य देशों में आरंभिक 5जी अपनाने वाले बाज़ारों में उपयोगकर्ताओं की तुलना में भारत में प्रति सप्ताह इन सेवाओं का उपयोग करने वाले



अधिक लोग है। इसके अलावा भारत का 5जी संतुष्टि स्तर और अनुमानित 5जी उपलब्धता शुरुआती स्तर से मेल खाती है या उससे आगे निकल गई है। रिपोर्ट को जारी करते हुये एरिक्सन कंज्यूमर लैब के प्रमुख जसमीत सिंह सेठी ने कहा कि सर्वेक्षण में शामिल 5जी उपभोक्ताओं में से लगभग 39 प्रतिशत लोगों ने माना कि 5 जी योजनाओं के डेटा के लिए प्रीमियम दर से भुगतान किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि देश में 5 जी सेवाओं की शुरूआत पिछले वर्ष अक्टूबर में की गयी थी और एक वर्ष में ही रिलायंस जियो , एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने तेजी से इस सेवा की शुरूआत कर दी है। रिलायंस जियो और एयरटेल ने पूरे देश में 5 जी सेवायें शुरू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। अब तक करीब तीन लाख 5 जी टावर लगाये जा चुके हैं।

### सार संक्षेप

#### ह्यूंडई वेरना को मिली 5 स्टार रेटिंग

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने भारतीय ग्राहकों को ज्यादा सुरक्षित मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुये आज कहा कि उसके सभी मॉडल और सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड फीचर के रूप में 6 एयरबैग मिलेंगे और उसके प्रयासों के प्रमाण के रूप में ह्यूंडई वेरना को ग्लोबल एनसीएपी की तरफ से व्यस्क एवं बच्चे की सुरक्षा के मामले में 5 स्टार रेटिंग मिली है। कंपनी ने आज यहां भारत के लिए एक सुरक्षित रोडमैप की दिशा में काम करते हुए 3 मॉडलों के साथ बीएनसीएपी में स्वैच्छिक रूप से हिस्सा लेने का ऐलान किया। आगे अन्य मॉडल को भी इसमें लाया जाएगा।
कंपनी के एमडी एवं सीईओ उनसू किम ने कहा, 'ह्यूंडई में सभी की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्टैंडर्ड व्हीकल सेफ्टी फीचरों के मामले में हम हमेशा नए बेंचमार्क बनाते रहे हैं। आज हमें सभी मॉडल एवं सभी वैरिएंट में छह एयरबैग को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में पेश करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अतिरिक्त जीएनसीएपी की तरफ से ह्यूंडई वेरना को व्यस्क और बच्चे की सुरक्षा के लिए मिले 5 स्टार रेटिंग के साथ सुरक्षित मोबिलिटी के मामले में हमने एक और मील का पत्थर पार किया है।

#### वियतजेट ने बढ़ाई अपनी कनेक्टिविटी

नई दिल्ली। वियतजेट ने 27 सितंबर को हो चि मिन्ह सिटी (वियतनाम) और तिरुचिरापल्ली (भारत) के बीच एक सीधे रूट की आधिकारिक पेशकश की है। इस रूट में उड़ानें 02 नवंबर, 2023 से शुरू होंगी और शुरूआत में हर हफ्ते तीन रिटर्न फ्लाइट्स चलेंगी। इस पेशकश में उड़ानें तिरुचिरापल्ली से हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को 00:30 बजे (स्थानीय समय) प्रस्थान करेंगी और एचसीएमची तक 7:00 बजे (स्थानीय समय) पहुँचेंगी। वापसी की उड़ानें हर रविवार, मंगलवार और गुरुवार को एचसीएमसी से 20:00 बजे (स्थानीय समय) निकलेंगी और 23.30 बजे (स्थानीय समय) तिरुचिरापल्ली आएंगी। तमिलनाडु से वियतनाम तक का यह सीधा रूट तिरुचिरापल्ली विमानतल के विकास और दोनों देशों के पर्यटन उद्योग के लिये एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

#### ऐग्रीज़ी की घरेलू एग्री-फूड प्रोसेसिंग क्षमताओं को बढ़ाने की अपील


**नई दिल्ली।** कृषि-खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की प्रमुख कंपनी ऐग्रीज़ी ने घरेलू कृषि-खाद्य प्रसंस्करण की क्षमताओं को बढ़ाने का अनुरोध किया है। ऐग्रीज़ी के विशेषज्ञों के अनुसार इस कदम से निर्यात बढ़ेगा, देश पर आयात का बोझ कम होगा और भारतीय अर्थयवस्था को मजबूत करने में काफी मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा कि हम लाल मिर्ची का उदाहरण लेते हैं। भारत में लाल मिर्ची की तरह-तरह की किस्में हैं जिनमें सन्नम, तेजा, ब्याड्गी, और कश्मीरी मिर्च शामिल हैं। लाल मिर्ची की इन किस्मों का भारत की कृषि पैदावार में महत्वपूर्ण योगदान है।

## ब्याज दर में जल्द कमी नहीं होने के संकेत से शेयर बाजार लुढ़का

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में शीघ्र कोई कमी नहीं किये जाने के संकेत से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, ऑटो, धातु और तेल एवं गैस समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार लुढ़क गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 316.31 अंक का गोता लगाकर 65512.10 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.55 अंक की गिरावट लेकर 19528.75 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। इससे मिडकैप 0.09 प्रतिशत बढ़कर 32,368.80 अंक और स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर 37,789.58 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3956 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1860 में बिकवाली जबकि 1907 में लिवाली हुई वहीं 189 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियां गिरावट जबकि शेष सात तेजी पर रही।

बीएसई के 15 समूहों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ऊर्जा 1.15, कमोडिटीज 0.20, सीडी 0.01, एफएमसीजी 0.50, वित्तीय सेवाएं 0.20, हेल्थकेयर 0.24, आईटी 0.21, दूरसंचार 0.09, यूटिलिटीज 0.72, ऑटो 1.21, बैंकिंग 0.33, धातु 0.78, तेल एवं गैस 1.30, पावर 0.82 और टेक समूह 0.18 प्रतिशत गिर गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.33, जापान का निक्केई 1.64 और हांगकांग का




हैंगसेंग 2.69 प्रतिशत लुढ़क गया वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत की बढ़त पर रहा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 15 अंक फिसलकर 65,813.42 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,344.59 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। लिवाली की बदौलत दोपहर बाद यह 65,813.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 65,828.41 अंक के मुकाबले 0.48 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,512.10 अंक पर रहा। निफ्टी भी 16 अंक उतरकर 19,622.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,479.65 अंक के निचले जबकि 19,623.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,638.30 अंक की तुलना में 0.56 प्रतिशत लुढ़ककर 19,528.75 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 19 कंपनियों में से मारुति ने सबसे अधिक 2.46 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही एनटीपीसी 1.83, टाटा मोटर्स 1.59, सन फार्मा 1.48, आईसीआईसीआई बैंक 1.23, एचडीएफसी बैंक 1.22, रिलायंस 1.20, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.08, आईटीसी 1.05, टाटा स्टील 0.78, नेस्ले इंडिया 0.64, टेक महिंद्रा 0.62, कोटक बैंक 0.56, टीसीएस 0.44, पावरग्रिड 0.28, विप्रो 0.21, भारती एयरटेल 0.16 और इंफोसिस के शेयर 0.10 प्रतिशत टूटे।

वहीं, बजाज फाइनेंस 2.04, एलटी 1.68, टाइटन 1.50, बजाज फिनसर्व 1.30, एसबीआई 0.71, अल्ट्रासिमको 0.54, एक्सिस बैंक 0.31, इंडसइंड बैंक 0.26, एचसीएल टेक 0.19, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.17 और एशियन पेंट ने 0.17 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## मोतीलाल ओसवाल एएमसी ने पेश किया निफ्टी 500 ईटीएफ

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सम्पत्ति प्रबंधन सेवा कंपनी मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एमओएएमसी) ने निफ्टी 500 सूचकांक में निवेश पर आकर्षक प्रतिफल को देखते हुए निवेशकों के लिए निफ्टी 500 ईटीएफ योजना पेश करने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी के अधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इसे छह अक्टूबर को एनएसई में सूचीबद्ध कराने की योजना है। कारोबार के लिए इस कोष का संकेत नाम 'एमओनिफ्टी500' है। कंपनी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में निफ्टी 500 इंडेक्स ने 31 अगस्त, 2023 के अंत तक वार्षिक आधार पर 25 फीसदी का रिटर्न दिया है। मध्यम से लंबी अवधि में निफ्टी 500 इंडेक्स ने ऐतिहासिक रूप से मिड और स्मॉलकैप खंड के मजबूत प्रदर्शन की मदद से निफ्टी 50 इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है। एमओनिफ्टी500 ईटीएफ निफ्टी 500 इंडेक्स के कुल रिटर्न को साधने का प्रयास है, जिसे बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष 500 कंपनियों के प्रदर्शन को मापने के लिए तैयार किया गया है।

कंपनी का कहना है कि निफ्टी 50 इंडेक्स की तुलना में, निफ्टी 500 इंडेक्स अच्छी तरह विविधीकृत है इसमें शीर्ष 10 होल्डिंग का हिस्सा 37 प्रतिशत है, जबकि निफ्टी 50 इंडेक्स में शीर्ष दस कंपनियों में निवेश का हिस्सा 58 प्रतिशत है। इसके अलावा, यह 21 क्षेत्रों में विविध निवेश प्रदान करता है, कुछ क्षेत्रों में कपड़ा (टेक्स्टाइल्स), उपभोक्ता सेवाएं (कन्स्यूमर सर्विसेज़), मीडिया और वन सामग्री शामिल हैं जो निफ्टी 50 इंडेक्स में मौजूद नहीं हैं। कंपनी का कहना है कि यह इंडेक्स लार्जकैप (75 फीसदी), मिडकैप (16 फीसदी) और स्मॉलकैप (9 फीसदी) का एक उत्कृष्ट मिश्रण प्रदान करता है। लंबी अवधि में निफ्टी 500 इंडेक्स ने निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन किया है। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ नवीन अगरवाल ने कहा, 'मोतीलाल ओसवाल निफ्टी 500 इंडेक्स फंड के प्रबंधन में अपने सफल ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर, हम अपनी नई पेशकश मोतीलाल ओसवाल निफ्टी 500 ईटीएफ की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं।

## खाद्य तेल सस्ता

**नई दिल्ली**, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव गिर गए।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा पांच रिंगिट फिसलकर 3640 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 सेंट की बढ़त के साथ 57.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। सरसों तेल 147 रुपए, मूंगफली तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 220 रुपए और वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## इस वर्ष भारत की आर्थिक-वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहेगी, निवेश, उपभोग मजबूत: विश्व बैंक

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बैंक ने कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत के राजकोषीय प्रबंध और महंगाई पर अंकुश लगाने की नीतियों की तारीफ करते हुए मंगलवार को अनुमान जताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वर्ष 2022-23 में भारत के जीडीपी की वृद्धि 7.2 प्रतिशत थी और देश विश्व की सबसे तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था था।

भारत के बारे में विश्व बैंक की यहां जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट-अक्टूबर 2023' (भारत की परिस्थितियों की ताजा रिपोर्ट) शीर्षक रिपोर्ट में व्यक्त यह अनुमान छह माह पहले के उसके अनुमान के बराबर है। रिपोर्ट में भारत में उपभोग और निवेश की मांग की स्थिति को मजबूत बताते हुए अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत तथा उसके बाद के वर्ष में यह 6.5 प्रतिशत तक जा सकती है।

बैंक का अनुमान है कि भारत में आने वाले समय में मुद्रास्फीति का दबाव और कम होगा तथा यह भारत रिजर्व बैंक के लिए आसान माने जाने वाले 2-6 प्रतिशत के दायरे में रहेगी। रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति 5.9 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 4.7 प्रतिशत तथा उसके बाद के वर्ष में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत में विश्वबैंक के स्थानीय निदेशक आगस्ते तानो कोउआमे ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, 'आज दुनिया की स्थिति बहुत कठिन है। मुद्रास्फीति ऊंची है और ब्याज दरें चढ़ी हुई हैं, ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने कुछ समय तक चुनौतियां बनी रहेंगी।'





उन्होंने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है। देश के कुछ दीर्घकालिक लक्ष्य हैं और कुछ अल्पकालिक चुनौतियां हैं। इस अवसर पर दक्षिण एशिया विषयक विश्व बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री फ्रांजिस्का ऑनसोर्गी और इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) के लेखक ध्रुव शर्मा ने भी अपने विचार रखे। श्री शर्मा ने कहा, 'भारत में कुछ समय से मुद्रास्फीति के ऊंचा रहने और मौद्रिक नीति की कठोरता के बावजूद देश की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है।' उन्होंने कहा कि भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है, राजकोषीय घाटा धीरे-धीरे कम हो रहा है और जीडीपी के हिसाब से कर्ज का अनुपात कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में मांग की कमी के बावजूद भारत में घरेलू मांग मजबूत है। पहली तिमाही के जीडीपी के पहली तिमाही के आंकड़ों में उपभोग मांग में एक साल पहले की तुलना में कुछ नरमी जरूर दिखायी देती है, यह साल पहले इसी दौरान कोविड19 की पांबदियों के खुलने के बाद आयी मांग के धीरे-धीरे शांत होने का असर है। श्री शर्मा ने कहा कि भारत में 'श्रम बाजार में काफी सुधार दिख रहा है पर कुछ निहित चुनौतियां भी हैं।' उन्होंने कहा कि नौकरियों में अशिकांश वृद्धि अभी कम गुणवत्ता की नौकरियों और घरेलू काम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने की वजह से है।

विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र की वृद्धि क्रमशः 3.5 प्रतिशत, 5.7 प्रतिशत और 7.4 प्रतिशत की वृद्धि होगी। पिछले वित्त वर्ष में ये दरें क्रमशः चार प्रतिशत, 4.4 और 9.5 प्रतिशत थी।

# खेल जगत

## कबड्डी के पहले मैच में भारत ने बांग्लादेश को 55-18 से हराया



**हांगझोऊ,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने 19वें एशियाई खेलों में मंगलवार को पूल ए मैच में बांग्लादेश पर 55-18 की आसान जीत के साथ शानदार शुरुआत की। भारत ने खेल के शुरुआती चरण में बांग्लादेश के खिलाफ चीजें मजबूत रखी और मैच के पांचवें मिनट में बोर्ड पर अपना पहला अंक प्राप्त करने में सफल रहे। अनुभवी रेडर नवीन कुमार ने सुपर रेड पूरी की, जिसके बाद ऑल-आउट करके भारत का स्कोर 11- 2 कर दिया। बांग्लादेश ने भारतीय कप्तान पवन सहरावत के खिलाफ सुपर टैकल किया और पहले हाफ के अंत तक मैच में बने रहे। हालांकि, स्कोर भारत के पक्ष में 24-9 था। दूसरे हाफ में भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी, जिससे उन्हें अपने रेडरों को मैट पर रोटेट करने का मौका मिला। सचिन और आकाश ने मिलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। फिर, 2018 के कांस्य पदक विजेताओं ने स्कोर को 37-10 तक ले जाने के लिए एक और ऑल-आउट किया।

# पारुल ने चीन में लहराया तिरंगा, 5,000 मीटर की रेस में जीता गोल्ड



**हांगझोऊ,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत की पारुल चौधरी ने चीन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने एशियम गेम्स के 5,000 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता है। इससे पहले, उन्होंने 3,000 मीटर रेस में भी भारत को सिल्वर मेडल दिलाया था। आखिरी 50 मीटर में पारुल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ में जापान की रिरिका हिरोनका को हराकर भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता।

पारुल दौड़ के बीच में छठे स्थान पर थी और फिर धीरे-धीरे आगे बढ़ती रही। उन्होंने आखिरी 50 मीटर में रफ्तार पकड़ी और अंत में मात्र 10 मीटर में उन्होंने जापानी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए 15:14.75 के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता।

जापान की रिरिका हिरोनका 15:15.34 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और सिल्वर पर अपना कब्जा जमाया, जबकि कजाकिस्तान की कैरोलिन चेपकोच किपकिरुई ने 15:25.12 के साथ ब्रॉन्ज जीता। इस यादगार जीत के बाद पारुल ने कहा, एक दिन पहले 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड मेडल से चूकने के बाद मैं थोड़ी निराश थी। फिर, मैंने 5000 मीटर में गोल्ड के लिए अपना लक्ष्य तय किया।

उन्होंने कहा कि भले ही मैं छठे स्थान पर खिसक गई थी, लेकिन मुझे पदक की दौड़ में वापसी का पूरा भरोसा था। हांगझोऊ में एथलेटिक्स में यह भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है। भारत ने एथलेटिक्स में अब तक 10 रजत और आठ कांस्य पदक भी जीते हैं।

इस बीच, मोहम्मद अफसल पुलिककलाकथ ने एशियन गेम्स 2023 में 1:48.43 के समय के साथ पुरुषों की 800 मीटर में रजत पदक जीता। भारत के कृष्णन कुमार 1:48.80 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। 27 वर्षीय मोहम्मद अफसल इस साल की शुरुआत में एशियाई चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहे थे, जहां उन्होंने 1:48.77 का समय दर्ज किया था। महिलाओं की ऊंची कूद में 16 वर्षीय पूजा 1.80 मीटर की सर्वश्रेष्ठ हाई जम्प के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। रुबिना यादव ने हांगझोऊ 2023 में नौवें स्थान पर रहते हुए 1.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ हाई जम्प लगाई।

## अन्नू रानी ने जीता सोना



अन्नू रानी ने भाला फेंक स्पर्धा में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 62.92 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत ने दो रजत और दो कांस्य पदक भी जीते। एशियाई खेलों के इतिहास में यह पहली बार था कि भारतीय महिलाओं ने 5000 मीटर दौड़ और महिलाओं की भाला फेंक में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया है। दो स्वर्ण पदकों के अलावा, भारत ने मंगलवार को एथलेटिक्स में दो रजत और दो कांस्य भी जीते। इसके साथ एशियन गेम्स 2023 मेडल टैली में भारत के एथलेटिक्स पदकों की संख्या 22 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, 10 रजत और आठ कांस्य शामिल हैं। अन्नू रानी के लिए यह बिल्कुल अलग था। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी के नाम 63.82 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने के बाद से वह 60 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सकी थीं। मंगलवार को, अन्नू रानी ने अपने चौथे प्रयास में 62.92 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से पहले दूसरे प्रयास में 61.28 मीटर का थ्रो किया। श्रीलंका की दिलहानी लेकामगे (61.57 मीटर) और चीन की हुइहुई ल्यू (61.29 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

# तीरंदाजी में ज्योति, अभिषेक, ओजस व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में



**हांगझोउ** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। तीरंदाजी में मंगलवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अभिषेक वर्मा, ओजस प्रवीण देवताले व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में पहुंच गये है। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अदिति गोपीचंद स्वामी को हराकर महिलाओं के स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। इसके साथ ही भारतीय तीरंदाजों ने कंपाउंड स्पर्धा में तीन पदक पक्के कर लिए हैं। पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने 150 का स्कोर करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला हमवतन अभिषेक वर्मा से होगा। इस तरह भारत को इस स्पर्धा में स्वर्ण और रजत दोनों ही भारत को पदक मिलेंगे।

महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मौजूदा तीरंदाजी विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी को हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड प्रतियोगिता में, ओजस देवताले ने क्वार्टरफाइनल में कज़ाकिस्तान के अकबरअली कराबायेव को 150-142 से हराने के बाद सेमीफाइनल में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के पूर्व विश्व चैंपियन जेवोन यांग के ख़िलाफ़ 150-146 के अंतर से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

इस बीच, अभिषेक वर्मा ने क्वार्टरफाइनल में 147 पर स्कोर बराबर होने के बाद शूटआउट के माध्यम से कज़ाकिस्तान के एंड्री ट्युटुन को हराया। इसके बाद, अनुभवी भारतीय तीरंदाज ने जेहून जू को सेमीफाइनल में 147-145 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने क्वार्टरफाइनल में कज़ाकिस्तान की एडेल ज़ेक्सेनबिनोवा को हराने के बाद सेमीफाइनल में अदिति गोपीचंद स्वामी के ख़िलाफ़ 149-146 से जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम का मुकाबला दक्षिण कोरिया की चेवोन सो से होगा।

अदिति गोपीचंद स्वामी सात अक्टूबर को कांस्य पदक के लिए इंडोनेशिया की रतिह ज़िलिज़ाती फादली से मुकाबला करेंगी। भारतीय तीरंदाज अतानु दास और धीरज बोम्मदेवरा को पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इस स्पर्धा में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

इससे पहले, भजन कौर और अंकिता भकत क्रमशः महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व के राउंड ऑफ 16 और राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो चुकीं हैं। ओलंपियन अतानु दास क्वार्टरफाइनल के शूट-ऑफ में चीनी तीरंदाज क्यूई जियांगशुओ के ख़िलाफ़ 6-5 से हार गए, जबकि धीरज बोम्मदेवरा को अंतिम आठ के शूट-ऑफ में कज़ाकिस्तान के इलफ़त अब्दुलिन के ख़िलाफ़ हार का सामना करना पड़ा।

# स्केटिंग में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने जीते कांस्य पदक



**हांगझोउ** 3 अक्टूबर (एजेंसियां) भारतीय शटलर एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने मंगलवार को एशियाई खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबले जीतकर पुरुष और महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज दो बार ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बैडमिंटन में मंगलवार को अपने राउंड ऑफ 32 मैच में चीनी ताइपे की सु वेन ची को हराकर महिला एकल स्पर्धा में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले साल कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं, लेकिन आज के मैच में वह अच्छी लय में दिखीं। पीवी सिंधु ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में सु वेन ची को सीधे गेम में 21-10, 21-15 से मात दी। भारत के शीर्ष पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणॉय ने भी अगले राउंड में जगह बना ली है। पहले गेम की शुरुआत में शानदार बढ़त बनाने के बाद सिंधु ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और ब्रेक तक पांच अंकों की मज़बूत बढ़त हासिल की। 28 वर्षीय भारतीय शटलर ने सिर्फ 18 मिनट का समय लेकर 21-10 से पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में जीत की लय बरक़रार रखते हुए पीवी ने चीनी ताइपे की खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। वहीं, सु वेन ची ने मैच में वापसी करने की पूरी कोशिश की।

इस दौरान सु वेन ची ने पीवी सिंधु को परेशान करने के लिए कुछ ड्रॉप शॉट्स भी खेले। 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली पीवी सिंधु ने दूसरे गेम की शुरुआत में तीन अंकों की बढ़त बनाई। सु चेन ने कुछ प्रयास ज़रूर किए लेकिन सिंधु के जबरदस्त शॉट ने चीनी ताइपे की शटलर को कोई मौक़ा नहीं दिया और सिंधु ने दूसरे गेम को 21-15 से जीत लिया। पुरुष एकल मैच में एचएस प्रणॉय ने भी शानदार जीत दर्ज की और राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। प्रणॉय ने 25 मिनट तक चले मैच में मंगोलिया के मुन्खबत बटदाव को सीधे गेम में 21-9, 21-12 से शिकस्त दी। मौजूदा विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय कल राउंड ऑफ 16 में जॉर्डन के बहादीन अलशैनिक या कजाकिस्तान के दिमित्री पानारिन से भिड़ेंगे। किदांबी श्रीकांत आज पुरुष एकल राउंड ऑफ 32 में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के युंगयु ली का सामना करेंगे।

# बोरगोहेन को जीत के साथ मिला ओलंपिक का कोटा




**हांगझोउ** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत की लवलीना बोरगोहेन ने मंगलवार को एशियाई खेल 2023 मुक्केबाजी में महिलाओं के 75 किग्रा स्पर्धा के सेमीफाइनल में मुकाबले में थाईलैंड की बैसन मानेकोन हराकर फाइनल में प्रवेश के साथ ही पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की बैसन मानेकोन को हराक फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ, लवलीना बोरगोहेन ने अपने वर्ग के पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया है। लवलीना बोरगोहेन महिला 75 सेमीफाइनल में थाईलैंड की मुक्केबाज के खिलाफ शुरुआत से ही हावी रहीं और पहले राउंड में सभी जजों ने लवलीना के पक्ष में फैसला सुनाया।

वहीं, दूसरे और आखिरी क्वार्टर में लवलीना बोरगोहेन ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए अपने पंचों का बखूबी इस्तेमाल किया। इस तरह भारतीय मुक्केबाज ने सर्वसम्मत निर्णय से जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाई।

उल्लेखनीय है कि नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है। पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनकी एनओसी पर निर्भर करती है, जो कि उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है। एशियन गेम्स 2023 में मुक्केबाजी पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए एक क्वालीफायर स्पर्धा भी है। पुरुषों की स्पर्धाओं में, सात भार वर्गों में से प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को पेरिस 2024 के लिए कोटा जारी किया जाएगा।

# अरशद नदीम एशियन गेम्स से बाहर, खराब मौसम की टेंशन के बीच नीरज चोपड़ा तैयार



**हांगझोऊ,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के पहले दिन जैसे ही भारत के ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा स्टेडियम में पहुंचे तो उनका स्वागत गीले ट्रैक ने किया। 19वें एशियाई खेलों में पुरुषों की भाला फेंक में प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए एथलीट तैयार हैं।

इस बीच ट्रैक-फील्ड क्षेत्र का मुआयना करने के बाद चोपड़ा ने उम्मीद जताई कि 4 अक्टूबर को मौसम अनुकूल होगा, लेकिन ऐसा लगता है कि 25 वर्षीय भारतीय स्टार को हांगझोऊ में गीले ट्रैक पर प्रतिस्पर्धा करनी होगी क्योंकि कुछ दिनों से वहां मौसम खराब है और बादल छाए हुए हैं। मंगलवार को भी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की शुरुआत से पहले हल्की बूंदाबांदी हुई। चोपड़ा ने कुछ दिन पहले हांगझोऊ पहुंचने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा था, मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि मौसम साफ रहे और बारिश न हो। गीला ट्रैक प्रतियोगिता के लिए उतनी अच्छी नहीं हैं लेकिन आपको सभी प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए तैयार हूं। चोपड़ा की अंतर्राष्ट्रीय स्टारडम की यात्रा 2018 में जकार्ता में एशियाई खेलों में शानदार जीत के साथ शुरू हुई। पांच साल बाद चोपड़ा ने पहले ही खेल के सभी बड़े खिताब जीत लिए हैं। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व चैंपियन हैं। उन्होंने 2022 में डायमंड लीग फाइनल और 2018 में राष्ट्रमंडल खेल जीते हैं।

# जायसवाल के शतक व बिश्नोई के स्पिन के जादू से भारत सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के आतिशी शतक और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (3/23) के गेंद से कमाल से भारत की पुरुष क्रिकेट टीम ने मंगलवार को कमजोर नेपाल को 23 रन से हराकर हंगजू(चीन) में सेमीफाइनल में स्थान बना शानदार आगाज किया। भारत ने बेशक अपने %दूसरे दर्जे' की टीम उतारी है क्योंकि उसकी मुख्य टीम अपने घर में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे आईसीसी वन डे में खेलने में व्यस्त है लेकिन नेपाल के बल्लेबाजों खासतौर पर दीपेंद्र सिंह ऐरी ने खुल कर छक्के जड़ बड़ा जिगरा दिखाया इसके लिए उनकी तारीफ जरूर करनी चाहिए। दीपेंद्र ऐरी (2/31, 32 रन, 15 गेंद, चार छक्के) का हरफनमौला खेल भी नेपाल के काम नहीं आया। नेपाल के बल्लेबाजों ने 14 छक्के जड़े जबकि भारत के बल्लेबाजों ने 12 छक्के। सच तो यह है कि मैच भले भारत ने जीता लेकिन अपने जीवट से दिल नेपाल ने जीता। ऋतुराज गायकवाड़ (100 रन,49 गेंद, 7 छक्के, आठ चौके) के विस्फोटक शतक तथा अपने सलामी जोड़ीदार कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (25 रन, 23 गेंद, 4 चौके) के साथ 9.5 ओवर में 103 रन की भागीदारी के बाद भारत ने 16 रन के भीतर तीन विकेट गंवाए और उसका स्कोर 13 वें ओवर में 119 रन हो गया। कप्तान ऋतुराज ने तेज गेंदबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी की गेंद की यॉर्कर को उड़ाने के फेर में नेपाल के कप्तान रोहित पौड़ल को थर्ड मैन पर कैच थमाया। तिलक वर्मा (2) रन बनाने के लिए जूझते नजर आए और सोमपाल कामी की गेंद को स्वीप करने के फेर में बोल्ड हो गया जबकि जीतेश शर्मा(5) ने लेग स्पिनर संदीप लमिछाने की गेंद को ड्राइव करने के फेर में उन्हें वापस कैच थमा दिया। यशस्वी जायसवाल पारी के 17 वें ओवर में दीपेंद्र सिंह ऐरी की गेंद उड़ाने के फेर में बोहरा को थर्ड मैन पर कैच थमा आउट हुए और भारत ने चौथा विकेट 150 रन पर खोया। यशस्वी जायसवाल सबसे कम में टी-20 में शतक जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए । जायसवाल ने अपना शतक 48 गेंद खेल कर पूरा किया।

# महिला हॉकी में भारत ने हांगकांग को 13-0 से हराया



**हांगझोउ** 3 अक्टूबर (देशबन्धु) भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को पूल 'ए' के अपने अंतिम मैच में हांगकांग को 13-0 से हराकर अपना अजेय अभियान जारी रखा।

चीन में खेले जा रहे 19वें एशियाई खेलों में भारत बनाम हांगकांग महिला हॉकी मैच में आज भारत की ओर से वंदना कटारिया ने दूसरे, 16वें और 48वें मिनट में, दीपिका ने चौथे, 54वें और 58वें मिनट में, मोनिका ने 7वें मिनट में, दीप ग्रेस एक्का ने 11वें, 34वें और 42वें मिनट में, संगीता कुमारी ने 27वें और 55वें मिनट में और नवनीत कौर ने 58वें मिनट में ने गोल किए। गोंगशु कैनाल स्पोर्ट्स पार्क स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन जीत और एक ड्रॉ की मदद से 4 मैचों में 10 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पर रहते हुए अपना ग्रुप अभियान समाप्त किया। भारत गुरुवार को सेमीफाइनल में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही टीम के खिलाफ खेलेगा। एफआईएच रैंकिंग में सातवें नंबर की भारतीय महिला टीम ने आक्रामक शुरुआत करते हुए दूसरे मिनट में ही बढ़त हासिल कर ली, जब वंदना कटारिया ने एक शानदार शॉट के साथ गेंद को विपक्षी गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। इसके ठीक दो मिनट बाद दीपिका ने भी एक बेहतरीन फील्ड गोल करते हुए भारतीय बढ़त को दोगुना कर दिया।

पहले क्वार्टर में भारतीय महिला हॉकी टीम ने लगातार आक्रामक रवैया अपनाए रखा और हांगकांग को कोई भी मौका नहीं दिया। सातवें मिनट में मोनिका ने एक फील्ड गोल कर स्कोर को 3-0 किया। वहीं, 11वें मिनट में दीप ग्रेस एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर के मौके को गोल में तब्दील कर पहले क्वार्टर के खत्म होने से पहले भारत को 4-0 से आगे कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में हांगकांग की टीम भारत के अटैक के आगे संघर्ष करती हुई नज़र आई। वंदना कटारिया ने मैच में अपना दूसरा गोल 16वें मिनट किया जबकि 27वें मिनट में संगीता कुमारी के एक और बेहतरीन फील्ड गोल की मदद से भारत ने पहले हाफ के खत्म होने तक 6-0 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली।

तीसरे और चौथे क्वार्टर में भी भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना वर्चस्व बनाए रखा और लगातार गोल किए। इस बीच, 34वें और 42वें मिनट में दीप ग्रेस एक्का ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल बदलते हुए मैच में अपनी हैट्रिक पूरी की। वहीं, चौथे क्वार्टर के 48वें मिनट में वंदना कटारिया ने भी एक और फील्ड गोल करते हुए अपना तीसरा गोल दागा। जबकि, 54वें मिनट में भारत को मिले एक और पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए दीपिका ने मैच में अपना दूसरा गोल किया।

भारतीय महिला खिलाड़ियों ने इसके बाद भी गोल का सिलसिला जारी रखा और हांगकांग पर लगातार दबाव बनाए रखा। 55वें मिनट में संगीता कुमारी और 58वें मिनट में नवनीत कौर ने भी एक-एक गोल किया। इस बीच दीपिका ने 58वें मिनट में अपना हैट्रिक गोल पूरा करते हुए भारत की बड़ी जीत में अंतिम मुहर लगाई।

उल्लेखनीय है कि सेमीफाइनल तक के अपने सफ़र में, मंगलवार से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर को 13-0 और मलेशिया को 6-0 से हराया था। जबकि, दक्षिण कोरिया के ख़िलाफ़ उनका मुक़ाबला 1-1 से ड्रॉ रहा था।

## सार संक्षेप

### ईरानी ट्राफी : सौराष्ट्र ने घुटने टेके,शेष भारत की बड़ी जीत

**राजकोट।** सौरभ कुमार (43 रन पर छह विकेट) और शम्स मुलानी (22 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से शेष भारत ने ईरानी ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन मंगलवार को सौराष्ट्र को 175 रन के विशाल अंतर से हरा दिया। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर शेष भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 308 रन बनाये जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम पहली पारी में 214 रनो पर आउट हो गयी। 94 रन की लीड लेकर शेष भारत ने दूसरी पारी में 160 रन बनाये और सौराष्ट्र के सामने जीत के लिये 255 रन का लक्ष्य रखा लेकिन शेष भारत के गेंदबाजों ने पिच पर मिल रही स्विंग और अनियमित उछाल का भरपूर लाभ उठाया और सौराष्ट्र की पूरी टीम 34.3 ओवर के खेल में महज 79 रन स्कोर पर पवेलियन लौट गयी। सौराष्ट्र के छह बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई तक पहुंचाने में नाकाम रहे जिनमें से दो का तो खाता भी नहीं खुल सका। सौराष्ट्र की दोनो पारियों में दस विकेट चटकाने वाले शेष भारत के सौरभ कुमार को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

### अपराजित भारतीय चार बार के एशियाई चैंपियन कोरिया से भिड़ेंगे

**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 19वें एशियाई खेल में अब तक की सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जब कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली टीम बुधवार को पहले सेमीफाइनल में चार बार के चैंपियन कोरिया से भिड़ेगी। सोमवार को बांग्लादेश पर 12-0 से जीत हासिल करने के बाद भारत ने एक बार फिर पूल चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया। पूल ए के अपने सभी पांच मैचों में पांच जीत के साथ भारत ने 15 अंक अर्जित किए। टूर्नामेंट में उसे अभी तक हराया नहीं जा सका है। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले भारत इसी तरह की स्थिति में था, लेकिन मलेशिया से 2-2 (6-7) से हार गया और स्वर्ण पदक जीतने का मौका चूक गया। हरमनप्रीत सिंह ने कहा टीम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेने को लेकर सतर्क है और कोरिया के खिलाफ टीम सकारात्मक मानसिकता के साथ खेल में उतरेगी। हमने टूर्नामेंट में जोरदार शुरुआत की है और अपने सभी पूल चरण मैच जीते हैं, जिससे हमें प्रतियोगिता के अंतिम चरण में काफी आत्मविश्वास मिला है। हम पहले सेमीफाइनल में सकारात्मक मानसिकता के साथ प्रवेश करेंगे। हम सतर्क हैं और किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में लेते। भारत ने आखिरी बार एशियाई खेलों की ट्रॉफी 2014 में इंचियोन में जीती थी, वहीं कोरिया ने आखिरी बार खिताबी जीत 2006 में दोहा में जीती थी।